रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 23 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-32 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### 19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने भेदभाव पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा उसके कुछ खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की और केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर की चीन यात्रा को रद्द कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा भारत सरकार को पता चला है।

### स्टालिन के बेटे उदयनिधि के खिलाफ मुकदमे की याचिका पर तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में दो सितंबर को आयोजित 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच और वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के वकील बी जगन्नाथ की याचिका पर नोटिस जारी किया।

# महिला आरक्षण जैसे कानून बनाने के लिए पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार जरूरी : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को उभरते भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक करार दिया है और चेताया है कि देश को आगे ले जाने के लिए ऐसे निर्णायक कानून बनाने में सक्षम पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार बहुत आवश्यक है। मोदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यी बात कही। मोदी के सुबह भाजपा मुख्यालय में पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनती श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सभी महिला मंत्री और पार्टी की सभी महिला सांसद भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी को एक बड़ी सी माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिला वृंद को संबोधित करते महिला आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है। मैं देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा, कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। आज हम सभी ऐसे ही एक निर्णय के साक्षी बने हैं। संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण की याचिका खारिज की


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने



कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले में सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 26 नियम 11 के तहत आवेदन पर फैसला लंबित है, जो आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के मथुरा के विवादित स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने से इनकार करने के फैसले को ट्रस्ट ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि यह दलील नहीं दी जा सकती है कि निचली अदालत के पास आदेश पारित करने का अधिकार क्षेत्र नहीं था और यह भी आग्रह नहीं किया जा सकता है कि स्थानांतरण के बाद अकेले उच्च न्यायालय को पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार का प्रयोग करना चाहिए था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उच्च न्यायालय इस मामले की योग्यता (सुनवाई करने योग्य है या नहीं) समेत अन्य पहलुओं पर विचार कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ में महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से हुई सशक्त : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास परिसर में तीजा पोरा तिहार के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के इस पारम्परिक त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। यहां महिलाएं मायका का प्यार पाकर खुशी से गदगद हुई। मुख्यमंत्री बघेल इस मौके पर महिलाओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि तीजा-पोरा माताओं-बहनों की खुशियों और छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण पारम्परिक त्यौहार है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल सहित परिवार के लोग शामिल हुए। साथ ही खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए उससे लाभान्वित महिला हितग्राहियों सरिता साहू, ज्योति मिथलेश, शांति चंद्रा, रेखा साहू, जयंती तथा उर्वशी वर्मा आदि ने भी अपना अनुभव साझा किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। छत्तीसगढ़ में हम शुरूआत से ही महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। इस कड़ी में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न बनाने के लिए हर संभव पहल की जा रही है और इसके लिए कई नई-नई योजनाएं बनाकर कार्यक्रमों का संचालन बखूबी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में हो रहे कार्यों के फलस्वरूप इनकी स्थिति में काफी बदलाव आए है।

# नेफेड की 15 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सदस्य संघों/सोसाइटियों को 15 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। नेफेड के अध्यक्ष बिजेंदर सिंह ने संघ की 66वीं वार्षिक बैठक में यह घोषणा करते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान नेफेड ने 264.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया जबकि नेफेड 2010-2015 के दौरान अत्यधिक वित्तीय घाटे के दौर से गुजरा था। नेफेड के अध्यक्ष ने संघ की क्षमताओं पर भरोसा करके संघ के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुये कहा कि हाल के वर्षों में संघ के असाधारण प्रदर्शन को देखते हुए निदेशक मंडल ने सदस्य संघों/सोसाइटियों को 15 प्रतिशत का लाभांश देने की घोषणा की। इस बैठक में राजफेड, मार्कफेड-पंजाब, बिस्कोमान-बिहार, बंकस, दिल्ली स्टेट को-ऑप फेडरेशन और अहिल्या को-ऑपरेटिव सोसाइटी फेडरेशन जैसे विभिन्न सदस्य समितियों और राज्य संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 558 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने अल्प समय में सहकारी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के प्रयासों की भी सराहना की।

# सांसद दानिश अली के विरुद्ध सदन में रमेश बिधूड़ी की 'अभद्र' टिप्पणी पर बखेड़ा

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा सदस्य कुंवर दानिश अली के विरुद्ध सदन में सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा गुरुवार को लोकसभा में 'अभद्र और आपत्तिजनक' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर बखेड़ा हो गया है, यद्यपि कहा जा रहा है कि अली के खिलाफ बोले गये असंसदीय शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी के सांसद अली ने सदन में चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर सदन में चर्चा के दौरान अपने विरुद्ध कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की है और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बिधूड़ी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने का आग्रह किया है। इस मसले पर कई दलों के नेताओं ने भी भाजपा सदस्य की तीखी आलोचना की है। अली ने बिरला को शुक्रवार को लिखे पत्र में कहा है कि बिधूड़ी ने उनके खिलाफ अभद्र और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पत्र में कुछ आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया है जो बताया गया है कि अब सदन की कार्यवाही के रिकार्ड से बाहर कर दिए गए हैं। उन्होंने लिखा है कि वह भाजपा सांसद के खिलाफ नियम 222, 226 और 227 के तहत नोटिस देना चाहते हैं। अली ने लिखा है, मैं 'चंद्रयान सफलता' पर चर्चा के दौरान भाजपा के एक सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में दिए गए भाषण के संबंध में गहरी पीड़ा के साथ लिख रहा हूं।


एनएमडीसी
NMDC

जिम्मेदार खनन
विकास में सुस्थिरता लाना
निरंतर मजबूती की ओर

एनएमडीसी लिमिटेड की 65वीं वार्षिक आम बैठक

वित्त वर्ष-2023

उत्पादन – 408.17 (एलटी)
बिक्री – 382.23 (एलटी)
नेटवर्थ – ₹22,332 करोड़
टर्नओवर – ₹17,667 करोड़
कर पूर्व लाभ – ₹7,637 करोड़
कर पश्चात लाभ – ₹5,529 करोड़
लाभांश – 660%



अमिताभ मुखर्जी
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

**प्रिय शेयर धारकों,**

विश्व में तेजी से हो रहे परिवर्तनों और वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना करते हुए एनएमडीसी की उत्कृष्टता, सुस्थिरता और नवाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता दीप्तिमान हो रही है। यद्यपि वित्त वर्ष 2023 ने हमारी सहनशक्ति का परीक्षण करना जारी रखा, परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की हमारी क्षमता और हमारे कार्यबल के असीम समर्पण ने हमें क्षितिज पर उपलब्ध नए अवसरों का लाभ उठाने में अग्रणी बनाए रखा।

विश्व में परिवर्तन हो रहे हैं और उसी प्रकार जिम्मेदार खनन कंपनियों से मांग और अपेक्षाएं भी बदल रही हैं। एक वैश्विक पर्यावरण के अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरने के लिए हमारा विजन न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करना है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों की सुरक्षा करना भी है। इसी विजन ने हमें अपने लोगो पर पुनः विचार करने के लिए प्रेरित किया। एनएमडीसी का नया लोगो एनएमडीसी 2.0 के रूप में हमारी यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है और सतत एवं जिम्मेदार खनन के लिए हमारी प्रतिबद्धता एवं हमारी वैश्विक आकांक्षाओं को दर्शाता है।



आपके निरंतर समर्थन और भरोसे के साथ, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हम जो इतिहास बनाएंगे, वह हमें उस स्थिति में लाने वाले हमारे दृढ़ संकल्प को प्रतिध्वनित करेगा। मुझे इस अवसर पर आप सभी को आपकी उपस्थिति और एक शानदार भविष्य के प्रति हमारे दृष्टिकोण को साझा करने के लिए धन्यवाद देने में प्रसन्नता हो रही है।

मैं आपको, आपकी कंपनी की वित्त वर्ष 2023 की उपलब्धियों और भविष्य के लिए तैयार किए गए रोडमैप को प्रस्तुत करना चाहता हूं।

एनएमडीसी लौह और इस्पात क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क की उपलब्धता सुनिश्चित करके, हम भारत की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण सहायक हैं। इस्पात उद्योग के साथ हमारी साझेदारी राष्ट्र की विकास यात्रा की आधारशिला है और हमें इस जिम्मेदारी पर बहुत गर्व है।




समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने 408 लाख टन का उत्पादन और 382 लाख टन की बिक्री दर्ज की है, परिचालन से 17,667 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) 7,637 करोड़ और कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 5,529 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का नेटवर्थ 22,332 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 25% अधिक है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 3.75 रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश और 2.85 रुपए प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की घोषणा की, जिससे संचयी लाभांश 6.60 रुपए प्रति शेयर हो गया।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की डीमर्जर योजना के तहत एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) को एनएमडीसी लिमिटेड से एक अलग कंपनी में डिमर्ज कर दिया गया, जिसका आदेश 6 अक्टूबर 2022 को पारित किया गया था। डिमर्जर के बाद, एनएसएल के शेयरों को 20 फरवरी 2023 को स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया। एनएसएल के पास एनएमडीसी लिमिटेड की मिरर शेयरहोल्डिंग के रूप में 60.79% की भारत सरकार की शेयरधारिता और वर्तमान में 39.21% की सार्वजनिक शेयरधारिता है। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का डीमर्जर अक्टूबर 2022 में सफलतापूर्वक पूरा हो गया था। विस्तार, मूल्य वर्धन और अग्रगामी एकीकरण के भाग के रूप में और भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ सरकार की इच्छा के अनुरूप, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में 3 एमटीपीए क्षमता के ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र का संचालन प्रारम्भ कर दिया है।

एनएमडीसी ने ग्राहकों को निर्बाध आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ के कुमार मारेंगा में एक मध्यवर्ती लौह अयस्क स्टॉकयार्ड भी विकसित किया है। यह स्टॉकयार्ड चालू वित्त वर्ष में प्रारम्भ हो गया है और हमारे उत्पादन और निकासी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक मूल्यवान कदम साबित हो रहा है।



इन घटनाक्रमों के आधार पर हम वित्त वर्ष 2024 में 470 से 490 लाख टन लौह अयस्क के उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यह मात्रा वित्त वर्ष 2023 में हमारे उत्पादन की तुलना में 20% अधिक है और हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 में भी हम पुनः सर्वोच्च स्तर को पार कर जाएंगे।

हमने वित्त वर्ष 2024 में मजबूत गति के साथ प्रवेश किया है। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में संचयी उत्पादन में 20% और बिक्री में 41% की वृद्धि हुई, जो कंपनी के इतिहास में पहली तिमाही का सबसे अच्छा उत्पादन और बिक्री है। एनएमडीसी ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक के 5 में से 4 सर्वश्रेष्ठ मासिक निष्पादन दर्ज किए हैं। वित्त वर्ष 2024 के हर महीने में कंपनी की ढुलाई लगातार उत्पादन से अधिक रही है।

वॉल्यूम में यह निरंतर वृद्धि निवेश का परिणाम है, जो कि कंपनी की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप है। आपकी कंपनी ने अगस्त 2023 तक पूंजीगत व्यय लक्ष्य का दोगुना पहले ही प्राप्त कर लिया है और पिछले वर्ष की इस अवधि के वास्तविक आंकड़ों की तुलना में 60% अधिक कैपेक्स को प्राप्त किया है।

हमारे भविष्य की योजनाओं में बचेली सेक्टर में प्रॉडक्ट मिक्स की गुणवत्ता में सुधार, बचेली में नई स्क्रीनिंग लाइन की शुरुआत और किरंदुल में 'रैपिड वैगन लोडिंग सिस्टम' के कार्यान्वियन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

अपशिष्ट खनन और निकासी क्षमता में वृद्धि खदानों के जीवन को बढ़ाने के लिए प्रमुख क्षेत्र हैं इसलिए बचेली में 'बेनिफिकेशन प्लांट' का निर्माण और बचेली से नगरनार तक 'स्लरी पाइपलाइन' बिछाने की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। हम 'स्लरी पाइपलाइन' और इससे सम्बद्ध 'बेनिफिकेशन प्लांट' और 'पैलेट प्लांट' चरणों में स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे कि लौह अयस्क की किफायती ढुलाई ऐसे स्थानों तक की जाए, जहां से पैलेट्स/अयस्क को उद्योगों तक आपूर्ति की जा सके। बचेली में 'बेनिफिकेशन प्लांट, बचेली से नगरनार तक 15 एमटीपीए 'स्लरी पाइपलाइन' और नगरनार में 2 एमटीपीए पैलेट संयंत्र का निर्माण कार्य वित्त वर्ष 2025 तक पूरा होने की संभावना है।



किरंदुल-कोठवलासा (केके) लाइन के दोहरीकरण के माध्यम से निकासी क्षमता में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं और यह कार्य पूरे जोरों पर है तथा कार्य पूर्ण किए गए सेक्शनों को यातायात हेतु खोल दिया गया है। योजना के अनुसार 150 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य में से 84% कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

निक्षेप-13 और निक्षेप-14 (ग्रीनफील्ड परियोजनाएँ) के विकास के माध्यम से एनएमडीसी विस्तार की परिकल्पना भी कर रही है, जो कि एनएमडीसी लिमिटेड और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (एनसीएल) के संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा की जाएगी।

भारत की स्टील और ऊर्जा सुरक्षा के लिए आपकी कंपनी अतिमहत्वपूर्ण कच्चे माल की भविष्य की आपूर्ति को सुनिश्चित करने की दिशा में अग्रसर है।

हमारी सहायक कंपनी लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड, ऑस्ट्रेलिया, जिसमें एनएमडीसी की 90% शेयरधारिता है, इसके माध्यम से हम घरेलू उत्कृष्टता के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बना रहे हैं। हमारे गोल्ड पोर्टफोलियो में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और हम विदेशों में खनन करने की हमारी आकांक्षा के बहुत नजदीक पहुँच गए हैं।

लिगेसी के माउंट बेवन टेनामेंट के संदर्भ में, कंपनी ने अपने मैग्नेटाइट डिपॉजिट के विकास के लिए हैनकॉक प्रॉस्पेक्टिंग प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी हैनकॉक मैग्नेटाइट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया है। व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन कार्य पूरी गति से चल रहा है। वर्तमान वर्ष में, लीगेसी ने भी उसी टेनामेंट में महत्वपूर्ण खनिजों के विकास के लिए हैनकॉक के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौता किया है।

एनएमडीसी जिम्मेदार खनन की जिम्मेदारी लेते हुए अपने ईएसजी और सुस्थिरता प्रथाओं के निर्माण के लिए उत्सुक है। पर्यावरण प्रबंधन कार्यक्रमों की व्यापक निगरानी और प्रभावी ढंग से कार्यान्वियन करने के लिए, योग्य और अनुभवी पर्यावरण वैज्ञानिक और इंजीनियर हमारी सभी परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। कंपनी के लिए विभिन्न पर्यावरणीय और स्थिरता मापदंडों को मापने और रिपोर्ट करने के लिए वैश्विक संगठन कार्य कर रहे हैं।

हमारे प्रयास प्राथमिक पर्यावरणीय चिंताओं - जलवायु, जल, जैव विविधता - के बीच सामाजिक और शासन संबंधी आयामों का ध्यान रखते हैं। सक्रियता के इस दशक में, एनएमडीसी ने सतत विकास लक्ष्यों और पेरिस समझौते में निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की दिशा में अपने प्रयासों को बढ़ाया है। उल्लेखनीय पहलों में 3 मिलियन पेड़ लगाना, कार्बन प्रकटीकरण परियोजनाओं का संचालन करना और देश के हरित ऊर्जा में परिवर्तन का समर्थन करना शामिल है।

एनएमडीसी की गहरी सामाजिक चेतना और प्रतिबद्धता की हितधारकों द्वारा सराहना की गई है। बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और खेल और कला के प्रति समुदाय के प्राकृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करने में एनएमडीसी दशकों से निवेश कर रहा है, जो वित्त वर्ष 2023 में भी जारी रहा।



आगे बढ़ते हुए, मैं इस प्रतिबद्धता को दोहराता हूं कि एनएमडीसी यह सुनिश्चित करेगा कि यूएनजीसी के सिद्धांतों और लक्ष्यों का पालन न केवल एनएमडीसी द्वारा बल्कि उन सबके द्वारा भी किया जाए जिनके साथ एनएमडीसी व्यवसाय करता है। मैं सभी हितधारकों का आह्वान करता हूं कि वे एक मजबूत औद्योगिक संस्कृति, देश के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर दुनिया के निर्माण में हमारे साथ भागीदारी करें।

मैं सभी शेयरधारकों, बोर्ड के सदस्यों, कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, बैंकों, नियामक निकायों, इस्पात मंत्रालय, राज्य और केंद्र सरकारों और हमारे सभी हितधारकों का आभारी हूं कि उन्होंने राष्ट्र निर्माण की दिशा में कंपनी की विकास की यात्रा में सहयोग किया।

**जय हिंद**

**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

**दिनांक:** 07.09.2023
**स्थान:** हैदराबाद

नई पहचान उच्च आकांक्षाएं असीम संभावनाएं

मुख्यालय: खनिज भवन, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत | www.nmdc.co.in | सीआईएन: L13100TG1958GOI001674 | हमें संपर्क करें | नोट: उपरोक्त कथन का तात्पर्य 07–09–2023 को आयोजित एनएमडीसी की 65वीं एजीएम की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है।

# तीन दिवसीय चक्रधर समारोह में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां






■ बाल कलाकारों से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कला दिग्गजों की मोहक प्रस्तुति से रोशन हुआ समारोह का मंच

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रधर समारोह के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ सहित शहर के स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस बार का चक्रधर समारोह खास रहा। तीन दिन के आयोजन में रिकॉर्ड एक हजार से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति दी। स्थानीय प्रतिभाओं, बाल कलाकारों के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोर चुके कला दिग्गजों ने समारोह में शिरकत की। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 60 कलाकारों के दल के अलग-अलग विधाओं में



प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें वादन, छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार पर छात्र-छात्राओं ने खूबसूरत नृत्य के माध्यम से दर्शकों को सराबोर कर दी।

नृत्य में संपूर्ण छत्तीसगढ़ की झलक दर्शकों को देखने की मिली। इसी प्रकार कार्यक्रम का विशेष केंद्र रहा श्लोक में रामश् जिसमें छत्तीसगढ़ के लोक गीतों एवं नृत्यों में श्रीराम को किन-किन रूपों में पूजे जाते है, उसे लोक संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने लोक में राम की राम के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय पद्ममता चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिसमें मोनिका साहू, भारती जंघेल, कविता कुंभकार, झरना देवहारी, निशा ठाकुर, लक्ष्मी सिन्हा, प्रमोद साहू, राजू यादव, चंद्र प्रकाश साहू, तारन निषाद, रिंकू वर्मा, जीनू राम वर्मा, इसी प्रकार संगत का आदमी में डॉ.बिहारी ताराम ने बांसुरी में, हारमोनियम में डॉ.नत्थू तोड़े, तबला में जानेश्वर टांडिया, ढोलक में आशीष कुमार यादव, आर्गन में लक्ष्मीकांत साहू, मांदर में वेद प्रकाश रावते तथा बैंजो में नोहर साहू रहे। संयोजन एवं निर्देशन डॉ.योगेंद्र चौबे ने किया था।

# आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अलर्ट मोड की कर ले तैयारी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

## छ.ग. मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब ने कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक में दिए निर्देश

■ आर्दश आचार संहिता लगते ही 24 घंटे कंट्रोल रूम हो जाएगा सक्रिय

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने गुरुवार को आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर कलेक्टर्स की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अलर्ट मोड पर काम करने की तैयारी के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा उपस्थित थे। सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही से होगी शुरुआतबैठक में कलेक्टरों को आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय, फेक न्यूज, साइबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्रवाई के लिए दल का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाने के साथ ही शुरूआती 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई करने कहा है। वही 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाने की बात कही है।इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल उपस्थित रहे।

### आर्दश आचार संहिता लगते ही 24 घंटे कंट्रोल रूम हो जायेगा सक्रिय

आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही चौबीस घंटे कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा और सभी एफएसटी क्रियाशील हो जाएंगे। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी निगम मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। सरकारी खर्चे पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त निर्वाचन से सम्बंधित अन्य आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत जानकारी और निर्देश दिए गए।

### मीडिया व पेड न्यूज़ की निगरानी एमसीएमसी की टीम करेगी

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के संबंध में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज के मामलों की निगरानी एवं कार्रवाई करने का कार्य करेंगी। सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन का कार्य भी करेंगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया मॉनिटरिंग का कार्य किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व कोई चुनाव संबंधी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक एवं संबंधित मीडिया पर प्रदर्शित नहीं की जाएगी। एग्जिट पोल पर एवं उनके परिणामों पर 48 घंटे पहले प्रतिबंधित रहेगा।

### बैठक में अधिकारी हुए उपस्थित

वर्चुअल बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी. एस. राजपूत, संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू, एसडीएम प्रकाश राजपूत, रेणुका रात्रे सहित सभी तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शराबबंदी के वादे पर मातृ-शक्ति से धोखाधड़ी करने वाली प्रदेश सरकार को अब इस शराब का नशा चढ़ गया : भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत और पूर्व संसदीय सचिव चम्पादेवी पावले ने कांग्रेस सरकार के मंत्री कवासी लखमा के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि मंत्री लखमा अपने बयान से जिस तरह छत्तीसगढ़ की महिलाओं का अपमान कर रहे हैं, इसका खामियाजा प्रदेश की कांग्रेस सरकार को भुगतना पड़ेगा। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि गंगाजल की सौगंध लेकर पूर्ण शराबबंदी का वादा करके कांग्रेस सत्ता में आ गई। शराबबंदी के वादे पर प्रदेश की मातृ-शक्ति से धोखाधड़ी करने वाली कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार को अब इस शराब का नशा चढ़ गया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजपूत व पूर्व संसदीय सचिव पावले ने कहा कि मंत्री लखमा जो कह रहे हैं कि वह जहाँ जाते हैं वहाँ शराब दुकान खोलने की



मांग आती है, तो क्या लखमा यह कहना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता शराबी है। प्रदेश की भूपेश सरकार की शराब के कारण हजारों बहनों का सुहाग उजड़ गया, घर बिक गए, परिवार बिखर गए और प्रदेश सरकार उनके घर तक शराब पहुँचाने में लगी है। महिला नेत्रियों ने आगाह किया कि प्रदेश सरकार यह याद रखे कि छत्तीसगढ़ की बहनों का अभिशाप कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने बड़बोलेपन से बाज आ जाए। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए संसद-विधानमंडलों में 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित कराते हैं और दूसरी तरफ प्रदेश की कांग्रेस सरकार शराब घर-घर पहुँचाकर प्रदेश की महिलाओं का मखौल उड़ाकर अपमान कर रही है। मातृ-शक्ति के इस अपमान की कीमत चुकाने के लिए कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार तैयार हो जाए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजपूत व पूर्व संसदीय सचिव पावले ने कहा कि राजधानी रायपुर में एडिशनल एसपी कार्यालय के पास जयस्तंभ चौक में नाबालिग किशोरी से गैंगरेप हो जाता है। इससे अधिक दुर्भाग्यजनक और क्या हो सकता है? यह घटना कोई अचानक नहीं हुई है। लगातार प्रदेशभर में अनाचार की घटनाएँ हो रही हैं। रायपुर शहर में खुलेआम एक व्यक्ति गंडासा हाथ में लिए लड़की को लेकर घूमता है और सरकार हाथ-पर-हाथ धरे बैठे रहती है। जिस प्रकार से घटनाएँ हो रही हैं, अब तो सिर्फ मुख्यमंत्री निवास ही बचा है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि गोबर खरीदी और वर्मी व सुपर कम्पोस्ट खाद के नाम पर महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की डींगें हाँकती प्रदेश सरकार की जमीनी सच्चाई यह है कि जगदलपुर में शहरी गौठान में गोबर से वर्मी और सुपर कम्पोस्ट खाद बनाने वाली महिलाएँ परेशान हैं।

# सक्षम योजना : महिलाओं की हुनर ही बन रही उनकी पहचान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग की सक्षम योजना के माध्यम से अपने मनपसंद काम के लिए लोन पाकर दुर्ग निवासी कमलेश्वरी बाई और लक्ष्मी अपना कैरियर बना रहे हैं। विगत दिवस महिला समृद्धि सम्मेलन में महिलाओं को खुद का रोजगार स्थापित करने के लिए चेक दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं की कला, कौशल और प्रशिक्षण की ओर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कमलेश्वरी बाई ने बताया की योजना के तहत तेल पेराई मशीन लगाने के लिए 6 लाख का लोन स्वीकृत हुआ है। दुर्ग की लक्ष्मी बघेल को भी स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू करने के लिए 2 लाख का चेक दिया गया है। सक्षम योजना का लाभ लेकर आज महिलाएं अपने सपने पूरे कर रही हैं। दुर्ग अंचल की



बेटीयों ने अब अपने हुनर को हौसले के साथ स्वरोजगार में बदलने की ठानी है। लक्ष्मी ने बताया कि बचपन से मुझे सजने संवरने का बहुत शौक था साथ ही दूसरों को सजाना अच्छा लगता था। अपने हुनर और शौक को पहचान देने के लिए मैंने महिला बाल विकास विभाग से सम्पर्क करके सक्षम योजना की जानकारी ली। विभाग ने प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करवाई मुझे यह काम बहुत पसंद है। सक्षम योजना की बारे में सुना तो मुझे लगा कि यही सही मौका है स्वरोजगार हासिल करने का। छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं के लोन में वृद्धि करते हुए इसकी सीमा 6 लाख तक की गई है। महिलाओं को 3 प्रतिशत के साधारण वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। सक्षम योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिला या विधवा, परित्यकता, अविवाहित महिलाओं को लाभ दिया जाता है।

## दिन व रात के लगातार मूसलाधार बरिश से आम जन जीवन रहा प्रभावित



**भाटापारा।** लगातार दो दिन व दो रात के मूसलधार बारिश से आम जन जीवन प्रभावित हुआ है जहाँ रोजमर्रा के जीवन जीने वाले लोग घर मे ही रहकर समय बिताते नजर आये वही भारी उमस व गर्मी से लोगों को राहत भी मिला जबकि शहर के मुख्य मार्गों मे पानी का भराव से अनेक मार्गों का सडक पानी से लबालब होकर तालाबनुमा हो गया पानी नालीयों से ओवर फ्लों होकर लोगों के घरों तक प्रवेश किया जिसमे मुख्य रुप से नया गंज मार्ग पटपर मार्ग मुंशी ईस्माल वार्ड नगपा कार्यालय सती मंदिर वार्ड भगत सिंह जनपद कार्यालय परिसर सहित अनेक वार्डो के मार्ग है जहाँ जलभराव के कारण अनेक प्रकार के समस्याओं का सामना करना पडा है वही लगातार गिर रहा पानी 3 बजे थमा जाने के बाद पानी निकासी को लेकर नगपा भी प्रयासरत रहा वहीँ समरिया घाट पुल मे 4 फीट उपर पानी चल रहा था जहाँ पर एहतियातन ग्रामीण पुलिस द्वारा चौकसी बडा दिया गया वहीं लगातार बरिश होने से खेती किसानी के फसल के लिये भरपुर पानी की सुविधा उपलब्ध होने से किसानों ने राहत महसूस किये है शहर के मुख्य मार्गों के अंदर जलभराव के सम्बंध मे पूछे जाने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय बहादुर सिंह ने दो तीन घंटो मे स्थिति सामान्य हो जाने की बात कही।

# छत्तीसगढ़ आकर प्रियंका प्रदेश के किसानों और माता-बहनों से झूठ बोलकर चली गईं : भाजपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ आईं और झूठ परोस कर चली गईं। यहां आकर प्रदेश के किसान भाइयों और माता-बहनों से झूठ बोलकर चली गईं कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ आकर धान खरीदने का श्रेय लेते हैं, मैं यूपी से आती हूं और उनसे पूछना चाहती हूं कि यदि मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ का धान खरीद रही है, तो उत्तरप्रदेश के किसान अपना धान 1200 से 1400 रु में क्यों बेच रहे हैं? वहां पर तो बीजेपी की सरकार है।' शर्मा ने कहा कि प्रियंका वाड्रा को मालूम ही नहीं है कि उत्तरप्रदेश की योगी सरकार किसानों से कितनी कीमत पर धान खरीद रही है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने प्रियंका वाड्रा के आरोपों के जवाब में कहा कि योगी सरकार ने उप्र के किसानों के लिए धान खरीदी की नई नीति तय कर दी है। योगी सरकार ने प्रति क्विंटल 143 रुपए की बढ़ोतरी की है। अब वहां के किसान भाइयों को बढ़ी हुई दर पर कामन धान 2183 रुपए प्रति क्विंटल और ए ग्रेड धान 2203 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। वहां के किसान भाइयों को मालूम है कि उनके धान की कितनी कीमत मिलेगी? शर्मा ने कहा कि प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ के किसानों को बताएँ कि उनकी भूपेश बघेल की सरकार किसानों से कितनी कीमत पर धान खरीदेगी, क्योंकि उनके कोई मंत्री 26 सौ रुपए बोल रहा है तो उनके प्रदेश अध्यक्ष 35 सौ से 4 हजार रुपए में खरीदने की बात कह रहे हैं। इससे छत्तीसगढ़ के किसान दुविधा में है कि उनके उपज की सही कीमत क्या है? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि धान खरीदी में केंद्र सरकार का कोई रोल नहीं है, जबकि उन्हीं के मंत्री रवींद्र चौबे कहते हैं कि केंद्र सरकार किसानों के धान की लगातार कीमत बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर अर्थिक सहयोग नहीं देने की बात कहते हैं तो उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव केंद्र सरकार से भरपूर आर्थिक मदद मिलने की बात सार्वजनिक मंच से स्वीकार करते हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने मुख्यमंत्री बघेल और प्रियंका वाड्रा को चुनौती देते हुए कहा कि धान खरीदी पर वे जो झूठ की दुकान खोलकर बैठे हैं, उसकी सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने केंद्रीय पूल के चावल का कोटा इतना बढ़ा दिया है कि छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी संभव है। अब तक मुख्यमंत्री कह रहे थे कि सारी खरीदी वे ही करते हैं। अब राज्य के नुकसान की बात कर रहे हैं। सत्य यह है कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों का पूरा धान खरीदने के लिए कोटा बढ़ाया है। राज्य के बजट में तो धान खरीदी के लिए कोई विशेष व्यवस्था ही नहीं है। कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के बारे में झूठ बोलने का सबसे बड़ा प्रमाण तो राज्य का बजट है। अगर राज्य अपनी योजना से धान खरीदेगी तो उसके बजट में पैसे का प्रावधान करना पड़ेगा। धान खरीदी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग करता है, 2022-23 के लिए इस विभाग का कुल बजट 5158 करोड़ रुपए है, ऐसे में धान खरीदने के लिए 21 हजार 828 करोड़ रुपए कहां से आयेंगे? यहां तक कि तीन अनुपूरक बजट को मिलाकर भी इतनी बड़ी राशि नहीं होती।

## आत्मनिर्भरता आने से सामाजिक रूप से उनका सम्मान भी बढ़ रहा

# रीपा बन रहे महिलाओं के आर्थिक समृद्धि के आधार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गौठानों में बनाए गए महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अब महिलाओं की आर्थिक समृद्धि का आधार बनते जा रहे हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आने लगा है। आत्मनिर्भरता आने से सामाजिक रूप से उनका सम्मान भी बढ़ रहा है। प्रदेश के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कोंडागांव के छोटे राजपुर में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना से यहां की महिलाओं को रोजगार की नई राह मिली हैं। यहां बमलेश्वरी महिला स्व सहायता समूह ने इस वर्ष मार्च में पोल्ट्री फॉर्मिंग का काम शुरू कर काफी सफलता पाई है। महिला समूह ने पोल्ट्री फॉर्मिंग से 6-- महीनों में ही 2 लाख 33 हजार से अधिक अंडों



का उत्पादन कर लिया है। इसमें से 2 लाख साढ़े 26 हजार अंडों की बिक्री हो चुकी है। समूह अब तक 12 लाख 91 हजार रुपए के अंडे बेच चुकी है। यह समूह महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ ही स्थानीय व्यापारियों को भी अंडों की आपूर्ति कर रही है। जिससे समूह की महिला सदस्यों की आय बढी है। इससे इनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही सम्मान में भी वृद्धि हुई है। बमलेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह की अधिकांश महिलाएं रीपा में काम शुरू करने के पहले घरेलू कार्य के साथ मजदूरी करती थीं। उन्हें खेती-किसानी के दौरान काम तो मिल जाता था, लेकिन बाकी समय इन्हें काम खोजने में मुश्किलें आती थी। गांव में ग्रामीण औद्योगिक पार्क खुलने के बाद इन्होंने यहां अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। रीपा में इन्हें बिजली, पानी, लेयर फार्मिंग के लिए स्थान आदि सुविधाएं मिलने से कार्य प्रारंभ करने में आसानी हुई। प्रोटीन के प्रचुर स्त्रोत अंडों की मांग बाजार में अच्छी होने के कारण विक्रय की समस्या कभी नहीं रही। समूह के सदस्यों ने रीपा के माध्यम से गांव में ही रोजगार का अच्छा माध्यम उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है।

# भरोसा किसान और मजदूरों का कॉग्रेस के साथ : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कॉग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने किसानों के हितार्थ विकास की कड़ी को आगे बढ़ाते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू और खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन के आशीर्वाद से भाटापारा नगर,सिमगा नगर और सुहेला नगर पंचायत में भव्य स्वागत द्वार स्वीकृत तथा किसानों को धान उपार्जन केंद्र तक जाने और आने में होने वाली कठिनाइयों को देखकर तत्काल निराकरण कराने हेतु सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण कराने सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति मंडी बोर्ड से कराई है। सुशील शर्मा जब से मंडी अध्यक्ष बने है करोड़ों रुपये का निर्माण कार्य भाटापारा मंडी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गाँव और धान



उपार्जन केंद्र में करा चुके है यही सक्रियता सुशील शर्मा को पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय बनाती है ।स्वागत द्वार प्रत्येक जगह पर 17.15 लाख रुपये की लागत से भाटापारा-वृंदावन कालोनी के पास और ग्राम खपराडीह के पास,सिमगा-में एक नादघाट में और दूसरा ग्राम अवरौठी के पास सुहेला-में भाटापारा पहुँच मुख्य मार्ग पर,दूसरा बलौदाबाज़ार पहुँच मुख्य मार्ग पर इसी तरह सीमेंट कंकरीट सड़क 16.10 लाख रुपये से ग्राम तरेंगा में मुख्य मार्ग से धान उपार्जन केंद्र तक ग्राम ढेकूना में 14.15 लाख रुपये से महामाया चौक से धान उपार्जन केंद्र तक ग्राम मोपका में 16.96 लाख रुपये से मुख्य मार्ग से धान उपार्जन केंद्र तक निर्माण किया जायेगा।

# एक साथ संचालित दो बालक छात्रावास के 26 बच्चे हुए बीमार, देर रात लाए गए कोंडागांव के जिला अस्पताल

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिला मुख्यालय कोंडागांव के कॉलेज परिसर में संचालित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास और पोस्ट मैट्रिक बालक विज्ञान छात्रावास के 26 बच्चे 18 सितंबर की रात एकाएक बीमार हो गए। सभी बीमार बच्चों को दोनों छात्रावास के अधीक्षक व सीनियर बच्चों के माध्यम से कोंडागांव के जिला अस्पताल आरएनटी लाया गया। यहां देर ना करते हुए जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने सभी बच्चों का उपचार शुरू कर दिया है। कोंडागांव के जिला अस्पताल में बीती रात लगभग 11:30 बजे अफरा तफरी का माहौल बन गया, क्योंकि कॉलेज परिसर के पास संचालित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास और पोस्ट मैट्रिक बालक विज्ञान छात्रावास के 26 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। सभी को सीने में दर्द, बुखार, कमजोरी व अन्य लक्षण की शिकायत होने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हॉस्टल अधीक्षक व सीनियर छात्रों के द्वारा सभी पीड़ित को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एक साथ 26 बच्चों के अस्पताल पहुंचाने के मामले पर जिला अस्पताल ने भी तत्परता दिखाते हुए सभी का उपचार किया।

**2 दिन से बच्चे थे बीमार, जिम्मेदार डॉक्टर सूचना के बाद भी नहीं पहुंचे हॉस्टल** - पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के अधीक्षक एमआर कोमरा और पोस्ट मैट्रिक बालक विज्ञान छात्रावास के अधीक्षक बृजलाल नाग ने जानकारी देते हुए बताया कि, पहली बार 2 दोनों हॉस्टल से रत्न कश्यप और राजेंद्र कश्यप बीमार हुए। दोनों बच्चों को कोंडागांव के बस स्टैंड के पास संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगे होने से दोनों बच्चे लौट आए। दोनों अधीक्षकों ने दावा किया कि, छात्रावास के लिए नियुक्त डॉ अजय सिंह (एएमओ) के द्वारा छुट्टी का हवाला देते हुए उपचार के लिए आने से इंकार किया गया।

### पहले 14 फिर 26 बच्चे लाए गए जिला अस्पताल

हॉस्टल अधीक्षक और सीनियर छात्रों ने बताया कि, 18 सितंबर की सुबह दोनों हॉस्टल के 14 बच्चे बीमार हुए। इस बार भी छात्रावास के लिए नियुक्त डॉ अजय सिंह (एएमओ) संपर्क करने पर छात्रावास नहीं आए। जिसके चलते सभी बच्चों को जिला अस्पताल भेजा गया। इसी कड़ी में देर रात लगभग 11:30 बजे 26 बच्चे बीमार हो गए।

### इन बच्चों को लाया गया देर रात जिला अस्पताल

एक साथ संचालित दोनों छात्रावास के 26 बच्चों को अस्पताल लाया गया, जिसमें सौरभ, भयाशंकर, तुलेश, कामेश्वर, बैजन सॉरी, सरोज, रतन कश्यप, देवेंद्र कश्यप, विनेश कुमार, जगदेव, छबीलाल, दीपक उसेंडी, दानूराम, संतोष, राजेंद्र, अमृत कश्यप, शैलेश नेताम, अर्जुन नेताम, रोशल नाग, अरुण कुमार मंडावी, दिनेश मरकाम, अज्जू नेताम, दीपक मरकाम, चंदूलाल, धनुर और जय को दाखिल किया गया हैं।

# ग्राम ढोन्डरा के गायता परिवार ने नयाखानी पर्व मनाकर कुम्हड़ापत्ता से किया नया धान बीज का स्वागत





पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोंडागांव के ग्राम ढोन्डरा में स्थित गायता परिवार ने कुछ अलग तरीके से पुनांग तिंदाना यानी नयाखानी पर्व का आयोजन किया। यह परिवार क्षेत्र के परंपरागत रीति और रिवाजों का पालन करके नए धान के बीज का स्वागत करता हैं। इस अवसर पर परिवार के सदस्य अपने पुराने बीज को त्याग कर नए बीज का अर्पण करते हैं और इसे एक परंपरागत आचरण के साथ मनाते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के समृद्धि और खुशहाली की कामना करना हैं। ग्राम ढोन्डरा के गायता परिवार के सदस्यों ने पुनांग तिंदाना पंडुम का आयोजन खास तरीके से किया हैं। यह परंपरागत रीति के अनुसार किया जाता हैं जिसमें पुराने धान के बीज को त्याग करके नए बीज का स्वागत किया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान परिवार के सभी सदस्यों ने अपने पुराने बीजों को उठाकर उन्हें अपने बूढ़े पुरखों के स्थल पर रखा और उन्हें नए बीज का अर्पण किया। इसके अलावा छोटे बच्चों ने भी खिलौनों और अन्य चीजों को उनके आँचल में रख कर सेवा अर्जी की। गायता परिवार के सभी सदस्यों ने नए बीज को घर के सभी सदस्यों के नाम से वितरित किया और उपस्थित लोगों को भी इसमें शामिल किया। इस अद्भुत परंपरागत आचरण में नए बीज को खाना अनिवार्य होता हैं, जिससे परिवार की एकता, प्रेम और भाईचारा बना रहता है। इस खास परंपरागत आचरण के माध्यम से गायता परिवार ने अपने पुराने धान के बीज का स्वागत किया हैं और अपने रिति-रिवाज, परंपरा, और गांव की समृद्धि की कामना की हैं। इस दौरान परिवार ने पारिवारिक स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी चर्चा की हैं, जो उनके गांव के विकास में महत्वपूर्ण हैं। गायता परिवार के अनुसार, यह पुनांग तिंदाना पंडुम परंपरा को बनाए रखने का एक तरीका हैं, जिसमें वे अपने धान के नए बीज का स्वागत करते हैं और गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा को मजबूती देते हैं। इस अवसर पर गायता परिवार के सभी प्रमुख उपस्थित रहें और पुनांग तिंदाना पंडुम का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। पुजारी मड्डा मरकाम, सरपंच सुरेश मरकाम, राजू मरकाम, देवनाथ, मंगलू, दुवारु, रवनु, हरीश मरकाम, सुंदर लाल मरकाम, चमरा मरकाम, देवनाथ मरकाम, धन्नू राम, चौधरी, आशाराम, चमरू मरकाम, आयतु, फूलसिंग, रेंगा राम, महेश मरकाम, बालसिंह, बालसाय, तुलसी राम, लाला राम, रमेश, रामजी मरकाम, रामसिंह, धनाजी, सुबेश, सगनु, मंगतीन, सनबती, पार्वती, घसनीन मरकाम, सुकमा, घड़वे और अन्य गायता परिवार के सदस्य इस महत्वपूर्ण आयोजन के हिस्से रहें।

# पुलिस अधिकारियों को दिए गए आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव पुलिस ने आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया हैं। इस कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन और चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों के बारे में जानकारी दी गई हैं। यहां पर पुलिस अधिकारियों को मतदान पूर्व, मतदान दिवस और मतदान पश्चात क्या करना हैं और क्या नहीं करना है, इसकी विस्तारित जानकारी भी प्रदान की गई हैं।

कार्यशाला में पुलिस अधिकारी वाय. अक्षय कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधिकारी दौलत राम पोर्टे द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन के महत्व को बताया गया हैं। साथ ही, यह जानकारी दी गई हैं कि, चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। इस कार्यशाला में सभी पुलिस अधिकारी, उप पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मचारी भाग लिए हैं, जो चुनाव की सार्वजनिक नीतियों और मानदंडों के पालन में सहायक रहेंगे।

### थाना जांगला क्षेत्रांतर्गत ग्राम दूरधा के जंगल में प्रेशर आईईडी फटने से एक जवान हुआ घायल

**बीजापुर।** डीआरजी बीजापुर की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थाना जांगला एवं थाना नैमेड़ के सीमावर्ती ग्राम कैका, दूरधा, मोसला की ओर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान दोपहर 01.00 बजे के आसपास दूरधा के जंगल में प्रेशर आईईडी फटने से आरक्षक सन्नू हेमला को आई मामूली चोट, जिसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया है। घायल जवान की हालत अभी सामान्य है। थाना जांगला में घटना के संबंध में अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एनएमडीसी, बचेली ने जीता सबसे प्रतिष्ठित एफआईएमआई पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ बचेली
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी, बचेली को नई दिल्ली में आयोजित 57वीं एजीएम के दौरान 'सामाजिक उत्तरदायित्व' (2022-23) श्रेणी के लिए सबसे प्रतिष्ठित एफआईएमआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एनएमडीसी, बचेली को सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास में उत्कृष्टता के लगातार प्रयासों के कारण यह पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार डॉ. वी.के. सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग द्वारा प्रस्तुत किया गया और फीमी के अध्यक्ष सुमित देब की उपस्थिति में दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), एनएमडीसी द्वारा यह पुरस्कार प्राप्त किया गया । यह पुरस्कार समारोह 18.09.2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें कई संगठनों, निगमों ने पुरस्कारों के लिए भाग लिया था। इस उपलब्धि का श्रेय एनएमडीसी के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक (उत्पादन) और अधिशासी निदेशक (कार्मिक और सीएसआर) को जाता है जो सतत सामाजिक विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक बी. वेंकटेश्वरलु ने इस पुरुस्कार को जीतने पर कहा कि एनएमडीसी, बचेली बस्तर क्षेत्र के सतत विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वन शुरू से करती आई है जिसके परिणामस्वरूप यह पुरस्कार हमें प्राप्त हुआ है और आगे भी हम सतत विकास हेतु प्रयासरत रहेंगें।

# कोंडागांव के तत्कालीन रेंजर, दो कर्मचारी और ठेकेदार को 3 जेल की सजा

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



दक्षिण वन मंडल कोंडागांव अंतर्गत वन परिक्षेत्र नारंगी के तत्कालीन रेंजर ललित दुबे, उनके अधीनस्थ कर्मचारी लुदरू राम सूर्यवंशी व सुनील चंद्र मिश्रा और ठेकेदार नारायण देवांगन पर शासकीय रकम को फर्जी तरीके से गबन करने का आरोप लगा था। मामले पर कोंडागांव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायालय में सभी आरोपियों पर दोष सिद्ध हो चुका है। न्यायालय ने चारों आरोपियों को तीन-तीन साल जेल और अर्थ दंड का सजा सुनाया हैं। मामले का खुलासा करते हुए शासन की ओर से पैरवी करने वाली सहायक जिला अभियोजक अधिकारी निधि यादव ने बताया कि, सिटी कोतवाली कोंडागांव पुलिस ने 2 मार्च 2014 को दक्षिण वन मंडल के वन परिक्षेत्र नारंगी रेंजर सह प्रभारी दहीकोंगा रेंजर ललित दुबे, अधिनस्थ स्टाफ लुदरू राम सूर्यवंशी और सुनील चंद मिश्रा और नारायण देवांगन के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420, 467, 463, 471 और 409 का अपराध पंजीबद्द किया था। इन सभी पर आरोप लगा था कि, इनके माध्यम से कोण्डागांव के दहीकोंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत डोंगरीगुड़ा के कक्ष क्रमांक पी 795 में पर्यटन वाटिका निर्माण का कार्य किया जा रहा था। निर्माण कार्य के दौरान मृत व्यक्ति लक्ष्मण देवांगन के नाम से फर्जी हस्ताक्षर करते हुए 2 लाख 47 हजार 200 रुपए का गबन किया गया।

# शबरी एम्पोरियम में 16 मूर्तियां और बेल मेटल सामग्री की चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव पुलिस ने शबरी एम्पोरियम कार्यशाला में चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया हैं। इस चोरी में 16 नग मूर्तियां और बेल मेटल मूर्ति बनाने के सामग्री को चोरी कर लिया गया था, जिसकी कुल कीमत 54 हजार 750 रुपये थी। जिले के पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्टे के निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोंडागांव पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार किया। चोरों ने शबारी एम्पोरियम कार्यशाला के दरवाजे का ताला तोड़कर 16 नग मूर्तियां चोरी की, जिनमें 2 नग नंदी खड़ा बैल मूर्ति, 5 नग बेल मेटल की बैठे आदिवासी की मूर्ति और 9 नग नंदी बैठे छोटे बेल मेटल की मूर्ति शामिल थी। इसके साथ ही बेल मेटल मूर्ति बनाने के सामग्री (कांसा पितल) 34 किलोग्राम की मात्रा में भी चोरी हुई थी। चोरी की रिपोर्ट के बाद, पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत मामला दर्ज किया और जांच आरंभ की। जांच के दौरान, पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए मुखबीर सूचना का सहारा लिया और अंकित कोर्राम, जितेन्द्र नेताम और राज कमल सागर को गिरफ्तार किया।

# मावा पुलिस केतुल कार्यक्रम के तहत् आवासीय विद्यालय तारलागुड़ा एवं चन्दुर में छात्र छात्राओं को दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com




मावा पुलिस केतुल के तहत आवासीय विद्यालय तारलागुड़ा एवं चन्दुर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों सड़क दुर्घटना के कारणों संकेतों एवं चिन्हों के विस्तृत जानकारी दी गई । निरीक्षक अविलाष टण्डन द्वारा सायबर सबंधी अपराध, एटीएम फ्राड आदि के सबंध में जानकारी बच्चों को दी गई । यातायात शाखा से अवध राम सिन्हा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होती है दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम ट्रैफिक सिग्नल लाइट हाथों के संकेतों, आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से संबंधित जानकारी दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से सुश्री लेखिका साहू , जिला समन्वयक एवं पूनम शर्मा सउनि द्वारा बच्चों को गुडटच-बेडटच, बाल संरक्षण, महिला संबंधी अपराध के सबंध में जानकारी दी गई । नरवेद सिंह, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रेड क्रॉस का उद्देश्य ब्लड डोनेट का नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

## संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय, फेक न्यूज, साईबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन 2023 की समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने 21 सितंबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय, फेक न्यूज, साईबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक ली।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण को हटाने के लिए दल का गठन करें। प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24×7 कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा। सभी एफएसटी क्रियाशील हो जाएंगे। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी निगम मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। सरकारी खर्चे पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे।

विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के संबंध में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज के मामलों की निगरानी एवं कार्रवाई करने का कार्य करेंगी। सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन का कार्य भी करेंगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया मानिटरिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व कोई चुनाव संबंधी सामग्री इलेक्ट्रानिक एवं संबंधित मीडिया पर प्रदर्शित नहीं की जाएगी। एग्जिट पोल पर एवं उनके परिणामों पर 48 घंटा पहले प्रतिबंधित रहेगा। प्रिंट मीडिया हेतु पीसीआई के निर्देशों का पालन किया जाएगा। भ्रामक एवं अर्नगल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति एवं मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। निर्वाचन की घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मानिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान बीजापुर कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा सहित संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके विकास सर्वे, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग सहित निर्वाचन से नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक संतराम के सहयोग से प्रेस क्लब भवन में नया आयाम

**कोण्डागांव।** बीते दिनों कोंडागांव प्रवास के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम विविध संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन कोंडागांव प्रेस एंड मीडिया सह प्रेस क्लब भवन भी पहुंचे थे। जहां निरीक्षण के दौरान मीडिया कर्मियों की मांग को सहर्ष स्वीकृत करते शेड निर्माण कि स्वीकृति दी थी, जिसके बाद प्रतिबद्धता निभाते उन्होंने अपना वादा निभाया, विधानसभा उपाध्यक्ष के सौजन्य से प्रेस क्लब भवन में शेड निर्माण की सौगात पत्रकारों को मिल गई हैं। ज्ञात हो कि, प्रेस क्लब भवन में ई लाइब्रेरी व अन्य गतिविधियों के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में केशकाल विधायक संतराम के सौजन्य से निर्मित शेड के बन जाने से अब जल्द ही प्रेस क्लब भवन में व्यायाम शाला व अन्य गतिविधियों का संचालन भी आसानी से किया जा सकेगा।

# रेल यात्रियों के आरामदायक यात्रा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 19 ट्रेनों में नई तकनीक वाले एलएचबी कोच

## एलएचबी कोचों में अधिक बर्थ होने से रेल यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव के साथ अधिक कन्फर्म बर्थ की सुविधा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं संरक्षित रेल परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल यात्रियों को सुविधाजनक, आरामदायक और सुरक्षित बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली सभी ट्रेनों में धीरे-धीरे पुराने आईसीएफ़ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) कोच को हटाकर नई तकनीक वाले एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच लगाये जा रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 19 ट्रेनों को नई तकनीक वाले एलएचबी कोच के साथ चलाई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 19 ट्रेनों के 22 रैक के कुल 465 एलएचबी कोच है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की बिलासपुर-भगत की कोठी बिलासपुर-बीकानेर बिलासपुर-पटना बिलासपुर-एर्णाकुलम बिलासपुर-चेन्नई बिलासपुर-पुणे रायपुर-कोरबा बिलासपुर-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्स दुर्ग-निजामुद्दीन, संपर्कक्रांति दुर्ग-जम्मूतवी दुर्ग-नौतनवा दुर्ग-कानपुर दुर्ग-अजमेर दुर्ग-ऊधमपुर दुर्ग-निज़ामुद्दीन, हमसफर दुर्ग-भोपाल, अमरकंटक एक्स रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी एक्स दुर्ग-नौतनवा तथा दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पृष्ठभूमि एलएचबी कोच का नाम इसका सर्वप्रथम निर्माण किये गये जर्मनी की कंपनी लिंक हॉफमैन बुश के नाम पर पड़ा है। एलएचबी कोच भारतीय रेलवे में सर्वप्रथम सन् 1999 में शामिल किए गये। वर्तमान में इसका निर्माण कपूरथला रेलवे कोच फैक्टरी में किया जा रहा है। एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक होता है। रेल परिचालन की दृष्टि एलएचबी कोच काफी सुरक्षित है। आज के समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है, एवं अधिकतम गति के लिए उपर्युक्त है। इन कोचों में सामान्य कोचों की तुलना में ज्यादा जगह होती है। एक सामान्य आईसीएफ़ स्लीपर कोच में 72 बर्थ होती है, जबकि एलएचबी स्लीपर कोच में 80 बर्थ होती है। इसी प्रकार आईसीएफ़ एसी-3 कोच में 64 बर्थ होती है, जबकि एलएचबी स्लीपर कोच में 72 बर्थ होती है तथा आईसीएफ़ एसी-2 कोच में 46 बर्थ होती है, जबकि एलएचबी स्लीपर कोच में 62 बर्थ होती है, जिससे इसके स्लीपर एवं एसी कोचों में अधिक बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराकर रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ की सुविधा प्रदान करने में भी सहायता मिलती है। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है। वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है।

# रायपुर डीईओ ने ली तिल्दा के प्राचार्यो व समन्वयकों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



रायपुर जिले के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने वि.खं. तिल्दा के बी.एन.बी. विद्यालय तिल्दा नेवरा में सभी 39 हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यो व संकुल समन्वयकों की जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ होने के पश्चात पहली बार समीक्षा बैठक लिये, इस बैठक में उन्होंने विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा किये, जिसमे सबसे महत्वपूर्ण 10वी 12वी का अच्छा रिजल्ट के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन की प्रत्येक प्राचार्य द्वारा समीक्षा किए जाने को अनिवार्य बताया गया, साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अनेकों कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा किये। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों को एक अच्छे और तत्पर नेतृत्वकर्ता के रूप में अपने विद्यालय के साथ साथ अपने संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भी पूरी सकारात्मकता के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं में मध्य सामंजस्यता स्थापित करते हुए प्रदत्त कर्त्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दिए। उन्होंने कहा कि कभी भी शासन द्वारा जारी आदेशों को हल्के में नही लेना चाहिए साथ ही समय का समायोजन करते हुए कार्य की प्राथमिकता तय करते हुए अपने कार्यो को संपादित करने कहा। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विनोबा भावे एप की उपयोगिता पर विशद चर्चा की गई साथ ही उपस्थित सभी प्राचार्यो व संकुल समन्वयकों से अपने सामने ही एप डाउनलोड कराया गया एवं अपने संकुल अंतर्गत पदस्थ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अनिवार्यतः विनोबा एप डाऊनलोड करने के निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारतीय, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा पटले, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा बी.एल. देवांगन, सहायक वि.खं. शिक्षाधिकारी एल. के. जाहिरे, मेजबान विद्यालय बी.एन.बी. शा.उ.मा.विद्यालय तिल्दा नेवरा के प्राचार्य आर. के. चंदानी सहायक वि.खं. शिक्षाधिकारी डॉ. व्यासनारायण आर्य सहित विकासखण्ड तिल्दा के सभी 39 हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यगण व सभी संकुल समन्वयकगण उपस्थित रहे।

# चैतराम साहू ने खपरी में किया सीसी रोड का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत (खपरी एस) में 6 लाख, की लागत से बनाने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन सतीश अग्रवाल, विषेश अतिथि पूर्व विधायक चैतराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी, कार्यकर्ता लिलेश्वरी साहू, सभी के द्वारा धरती मां का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर भूमिपूजन कर समस्त क्षेत्रवासियों को के लिए सुख शांति और समृद्धि का कामना किया। मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की कांग्रेस की सरकार हमेशा अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर अपनी योजना बनाती हैं। आगे कहा की भूपेश बघेल की सरकार ने नए राशन कार्ड बनाए साथ ही राशन की मात्रा बढाई, जबकि रमन सरकार ने अपने ही बनाए माता बहनों के राशन कार्ड को फर्जी बताकर काट दिया। हमर कांग्रेस सरकार के द्वारा बिजली बिल हाफ, बेरोजगारी भत्ते जैसे योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। सभी ग्रामीणजनों को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिये। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सुनील चौधरी सरपंच, खूमेश साहू उपसरपंच, भूनेश्वर साहू गौठान अध्यक्ष, शोभूराम साहू पंच, दिलीप दास पंच, प्रेमलाल साहू, मिलाराम साहू, नीतू यादव, भागवत साहू, अमरनाथ साहू, पिरितराम साहू, केदार मिश्रा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन रोकने प्रशासन की टीम तैनात, एहतियात के लिए कराई जा रही मुनादी

## कलेक्टर चंदन कुमार ले रहे है पल पल की जानकारी, सहायता के लिए कंट्रोल रुम स्थापित व नम्बर जारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्थिति को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की है। वह लगातार स्थिति पर नजर बनाएं हुए है। सम्बंधित अधिकारियों से पल पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। कलेक्टर ने सेमरिया, अमेठी घाट सहित अन्य पुलों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त जिलें के सभी बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन भी रोक दी गई है। बाढ़ और अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी जो कि 24 घण्टा सक्रिय रहेगा जिसका हेल्पलाइन नम्बर- 07727-222454 है। जिसमे विभिन्न अधिकारियों की रूटीन में ड्यूटी लगाई गयी है। जिले के आम नागरिकों को बाढ़ से किसी भी तरह की समस्या होती है तो उक्त नम्बर से सहायता ले सकते है। साथ ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकतें है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे 94255-23514,सहायक नोडल अधिकारी विकास गढ़ेवाल 90396-64487 पुलिस नियंत्रण कक्ष 62621-55100 जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष 07727-223532 जिला सेनानी नगर सेना- 72229- 20390 जारी किया गया है। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और न ही पुल पार करे और बाढ़ वाले क्षेत्रों में न जाए। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिया है। गौरतलब है कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ एवं महानदी में बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं। जिससे नदी के निचली गांवों में पानी भरने से बाढ़ की स्थिति बन रही है। लोगो को आवश्यकता अनरूप सुरक्षित जगह में पहुँचाया जा रहा है। शिवनाथ नदी में सेमरिया पुल के ऊपर लगभग 5 फीट पानी आ चुका है, सेतु में बैरिकेडिंग व ड्यूटी लगा कर दोनों तरफ से आवागमन बंद करा दिया गया है। इसके साथ ही सभी जगह प्रशासन सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर ली गयी है। अभी तक जान माल के नुक़सान की सूचना नही है। केवल सांवरा बस्ती में जलभराव की सूचना मिली है।

### तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के दिए निर्देश

कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी तहसीलदारों एवं एसडीएम को फील्ड में रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आप सभी वस्तु स्थिति पर नजर बनाए रखें खासकर नदी तट एवं निचली इलाको में। वर्षा एवं बाढ़ की पानी से यदि किसी के जान माल की हानि होती है तो तत्काल राहत प्रकरण बनाकर जिला कार्यालय को सूचित करें। उक्त कार्य मे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# भम्रण के लिए पहुंचे अधिकारी आस्था महिला बहुदेशीय सहकारी समिति

## नेशनल कापरेटयू डवलप मेंन्ट भारत सरकार का उपक्रम

पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



दस हजार (एफ पी ओ) महिला किसान उत्पादक संगठन के गठन एवं संवर्धन की क्रेन्द्रीय क्षेत्र कि परियोजना तहत गठित आस्था महिला बहुदेशीय सहकारी समिति मर्यादित बिलाड़ी जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में विशेष अध्ययन, भ्रमण, सहयोग समर्थन तथा मार्गदर्शन हेतु (ठ्ष्स्र्ष) नेशनल कापरेट्यू डवलप मेंन्ट भारत सरकार के उपक्रम ( एफ पी ओ) के डायरेक्टर कैलाश कौशल, असीसटेंन्ट डायरेक्टर वैभव पहुंचे बिलाड़ी में गठित एफ पी ओ, आस्था, के अध्यक्ष मीरा कन्नौजे, उपाध्यक्ष सविता पाटिल, सी ईओ जागृति साहू, एकाउंटेंट मोहन साहू, समाजिक कार्यकर्ता जनहित छत्तीसगढ़, रोहित कुमार पाटिल, चांदनी राज गोंड, सदस्य भागीदारी किया। भ्रमण में आये सम्मानित एफ पी ओ आस्था द्वारा किए गए अभी तक गतिविधियों के बारे में जानकारी पुछा गया जिसमें आस्था के सी ई ओ जागृति साहू द्वारा संगठन में बनाए जा रहे उत्पाद, निरमा, साबुन फिनाईल, हनी निर्माण कार्य, मशरूम, जाम जैम जैली, मुनगा पाउडर तथा आने वाले समय के योजना कृषी उत्पाद, जैविक खेती, डिसपोजल यूनिट के साथ हर्बल जड़ी बूटी नर्सरी, फलदार खेती, क्राप्ट खेती के माध्यम से व खाद दुकान खोलकर क्रय विक्रय से एफपी ओ, आस्था को आगे आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर चर्चा रखें जिसमें डायरेक्टर सर ने बहुत सुंदर ढंग से आगे बढ़ाने हेतु अपनी जानकारी साझा करते हुए मार्गदर्शन किया।साथ ही बहनों द्वारा संचालित आजिविका बाड़ी घुघवा टैक बिलाड़ी का भ्रमण किए तथा देख बहुआयामी उद्देश्य की सराहना भी करते हुए मशरूम उत्पादन यूनिट, नर्सरी, फलदार खेती व बहनों को बहनों को बढ़ाने हेतु अपने योजना को विकसित करने हेतु अध्यक्ष, सीईओ सहित सदस्यों को बधाई देते हुए वापस प्रस्थान किया।यह कार्यक्रम कृर्षी विज्ञान क्रेन्द्र रायपुर के मार्गदर्शन में संचालित है जिसमें के वी के के चन्द्रमणी साहू भी समय समय में मार्गदर्शन करते रहते हैं तथा बी पी एम तिल्दा का सराहनीय पहल पर है। आस्था महिला बहुदेशीय सहकारी समिति मर्यादित बिलाड़ी के अध्यक्ष मीरा कन्नौजे, उपाध्यक्ष सविता पाटिल, चांदनी गोंड, आदिवासी परिवार के मुखिया फिरोज पोर्ते, स्वरसती, समाजिक कार्यकर्ता जनहित छत्तीसगढ़ रोहित कुमार पाटिल आदि लोगों ने भ्रमण सहित अध्ययन हेतु लोगों का मार्गदर्शन कि सराहना करते हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिला आजिविका, सशक्तिकरण, समानता पर आधारित आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# सांवरा बस्ती में जलभराव, 35 से अधिक परिवारों को सुरक्षित जगह में किया गया शिफ्ट



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिलें में लगातार हो रही बारिश के बीच चलते जिला मुख्यालय के नजदीक स्थित ग्राम कुकुरदी के सांवरा बस्ती में जल भराव की शिकायत मिली। जिस पर कलेक्टर चंदन कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव को मौके का मुआयना कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। प्रशासन के टीम द्वारा सांवरा बस्ती से 35 से अधिक परिवारों को वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थान नजदीकी प्राथमिक शाला में अस्थाई स्थानांतरित किया गया है। सभी सदस्यों के लिए प्रशासन की ओर से मेडिकल चेकअप करायी जा रही है। इसके साथ ही आज उनके लिए भोजन सहित अन्य व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही एतिहायत के तौर पर बिजली को स्थायी तौर पर काट दिया गया है। उक्त मौके पर बलौदाबाजार एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, तहसीलदार राजू पटेल, सीएमओ भोला सिंह ठाकुर सहित अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा पृथ्वी और स्वर्ग के निर्माता : सुशील शर्मा



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कृषि मंडी और ग्राम अर्जुनी में विराजमान भगवान विश्वकर्मा की विशाल मूर्ति की पूजा अर्चना कर उपस्तिथ जन समुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा की भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा जी ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे, जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। इस अवसर पर सचिन शर्मा, संतोष सोनी, भोज राम साहू,पुनीत दास,तिलक साहू,पीला राम सेन, सरदार सिंह ध्रुव,बँटी ध्रुव,खिलवान साहू,नेतराम साहू, नोहरिक साहू,दुवारका वर्मा,चंदन साहू प्रमुख रूप से उपस्तिथ थे।ग्राम पहुँचने पर ग्रामीण भइयो ने बाजे गाजे के साथ ज़ोरदार स्वागत किया।

# जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति के द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन के साथ ही मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों एवं पेड न्यूज पर चौकस नजर रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार सुरोमा श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र कसडोल भूपेंद्र अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र भाटापारा नरेंद्र बंजारा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, जिला समन्वयक सोशल मीडिया ईशान वर्मा, ई - डिस्ट्रिक्ट मैनेजर संदीप साहु, वरिष्ठ नागरिक डॉ एसएम पाध्येय एवं सदस्य सचिव उप संचालक जनसम्पर्क दर्शन सिंह सिदार बनाए गए हैं। समिति समस्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों से विधानसभा निर्वाचन 2023 की सम्पूर्ण अवधि में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उल्लेखित मीडिया सम्बंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने का कार्य करेगी।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया गौधन न्याय योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के द्वारा जनपद पंचायत भाटापारा के सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उप अभियंता,तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यंग प्रोफेशनल, पीआरपी आवास के ब्लॉक कोआर्डिनेटर की उपस्थिति में योजनाओं की समीक्षा की गई। निर्धारित दैनिक लक्ष्य से कम गोबर खरीदी करने वाले ग्राम पंचायतों में स्व सहायता समूहों को सक्रिय करने एवं नये स्व सहायता समूहों का चयन करने समूहों को सक्रिय रूप से कार्य करने व कृषि विभाग को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में ग्राम सभा से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार पात्र अपात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा पंजीयन में तेजी लाने के साथ ही पंजीकृत हितग्राहियों का आज ही जियो टेंगिंग करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय के कार्य पूर्ण नहीं होने पर जिला पंचायत सीईओ जैन ने गहरी नाराजगी व्यक्त कर जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने एवं गोधन न्याय योजना में कार्य की लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत बोरसी ब के सचिव अरुणकुमार ध्रुव को निलंबित किया गया। उक्त बैठक में उप संचालक कृषि विभाग नायक, जनपद पंचायत सीईओ राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, आर. एल. गेन्डरे, एडिशनल सीईओ संदीप वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अविनाश पैकरा, कृषि विस्तार अधिकारी अवधेश उपाध्याय, मछली पालन विभाग बी. पी. शर्मा, हेमलाल वर्मा, संतोष शर्मा, एवं करारोपण अधिकारी जंतराम पटेल उपस्थित थे।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र........../ब121/2022-2023
ग्राम................. प.ह.नं..............

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक का नाम बंशीलाल पिता/पति श्री नगीनवा निवासी मानपुर द्वारा मृत्यु माता/पिता/पुत्र/पुत्री/पत्नि मृतक का नाम मंगलदास जिसकी मृत्यु दिनांक 07/05/2019 ग्राम मानपुर में हुई है। जिनका मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वे पेशी दिनांक 30/09/2023 तक अपने दावे/आपत्ति पेश कर सकते हैं मियाद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा (छ.ग.)**
**(जिला, जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला-सुकमा)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

नि.क्र. 238 एवं 239 / नि.प्र. / जे.जे.एम / डी.डब्ल्यू.एस.एम./ लो.स्वा.यां.खं. / सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम योजनांतर्गत निर्धारित शेड्यूल अनुसार पाईपलाईन विस्तार, उच्च स्तरीय जलटंकी निर्माण, घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय आदि कार्यों हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्र. | निविदा क्र./सिस्टम | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 238/143331 | 23.98 | तिम्मापुरम/कोण्टा/पंचम निविदा |
| 2 | 239/143332 | 26.50 | गोगुण्डा/कोण्टा/सप्तम निविदा |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 29.09.2023 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**सुकमा**

G-05555/2



**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोडला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्र.1605/एनएचएम/निविदा/सामु.स्वा.केन्द्र/2023 बोड़ला, दिनांक 20/09/2023

**// अल्पकालिन खुली निविदा (Short Tender) //**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विकास खण्ड बोडला में मितानीन 28 वां चरण छः दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। जिसमें प्रशिक्षणार्थी के भोजन एवं चाय नास्ता की व्यवस्था हेतु दिये गये मार्गदर्शी नियमों के अनुसार संबंधित फर्मो/एजेंसियो जो जिला कबीरधाम का निवासी हो एवं फर्म का कार्यालय कबीरधाम जिले में स्थापित हो से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे से संध्या 05:00 बजे तक राशि 1000.00 रू. मात्र निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट जो कि नॉन रिफण्डेबल है। जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। **DD - Jivan deep Samiti, Bodla** के नाम से ही स्वीकार किये जायेंगें।

- निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथी :- 27 सितम्बर 23 को दोपहर 03:00 बजे तक।
- निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक :- 27 सितम्बर 23 को शाम 04.00 बजे से 05 बजे तक।
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथी :- 29 सितम्बर 23 को दोपहर 02:00 बजे तक।
- निविदा खोल जाने की तिथी :- 03 अक्टुबर 23 को शाम 03:00 बजे तक।

**टीप - IT Act 2000 एवं आधार अधिनियम 2016 का पालन किया गया है।**

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोडला**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

# जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने विधायक–महापौर की जोड़ी को बताया दुर्ग के विकास में बाधक

## परिवर्तन यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखाया अपना जोश :: यात्रा का दुर्ग शहर भर में जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com





परिवर्तन यात्रा के माध्यम से प्रदेश भर में भ्रमण कर प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ माहौल बना रहे प्रदेश स्तरीय नेताओं का परिवर्तन रथ जब दुर्ग शहर पंहुचा, तो साइंस कॉलेज के सामने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा और भाजयुमो जिला अध्यक्ष जीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ो बाइक में सवार युवा मोर्चा कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ परिवर्तन यात्रा की आगवानी की, आगे शहर भर में मंडल भाजपा और मोर्चा, प्रकोष्ठों की टीम ने यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया।

परिवर्तन यात्रा में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की धरती से निकलकर झारखंड में राजनीति का डंका बजाने वाले भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास रहे, उनके साथ दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, सचिन सिंह बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्व मिनिस्टर महेश गागड़ा, रमशिला साहू, गागड़ा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला यात्रा प्रभारी चतुर्भुज राठी परिवर्तन रथ पर आरुढ़ रहे। आमसभा पहुंचने पर सभा में मौजूद जनसमूह को छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा बर्बाद होते छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए भ्रष्ट, घोटालेबाज और कमीशनखोर भूपेश सरकार को सत्ता से बाहर कर विकास और सुशासन लाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है, इसी उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने परिवर्तन यात्रा निकाली है। परिवर्तन यात्रा के स्वागत में जो दुर्ग शहर में जो भाजपामय माहौल बना है, उससे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का संकेत स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

सांसद विजय बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ने लोकसभा चुनाव में उन्हें दुर्ग शहर की जनता ने अपार प्रेम देते हुए 60 हजार से भी ज्यादा वोटो से लीड दिलाई थी, आने वाले विधानसभा चुनाव में 2018 की तरह भुलावे में ना आते हुए भारतीय जनता पार्टी पर पुनः विश्वास करके छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी तो निश्चित रूप से कानून व्यवस्था की खराब स्थिति, भय और भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ को मुक्ति मिलेगी।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग विधायक अरुण वोरा और धीरज बाकलीवाल की जोड़ी ने दुर्ग शहर का बंटाधार किया हुआ है। दुर्ग शहर को संभाग मुख्यालय भाजपा ने बनाया, दुर्ग में यूनिवर्सिटी और आईआईटी की स्थापना भाजपा ने की। दुर्ग भिलाई को एजुकेशन हब बनाने के लिए भाजपा ने काम किया, दुर्ग विधायक अरुण वोरा दुर्गा को कोई बड़ी उपलब्धि नहीं दिला सके बल्कि भाजपा के कामों में अपने नाम की पट्टी का लगाकर झूठा श्रेय लेते रहे, जिसे जनता समझती है। दुर्ग विधायक अरुण वोरा कांग्रेस के सभी निष्क्रिय और उदासीन विधायकों के सरदार है। जनसभा के दौरान 50 से अधिक युवतियों ने कन्या शक्ति संयोजिका नम्रता बंसोड के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कर कमलों से भाजपा प्रवेश किया।

# भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने देश की महिलाओं को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के लिए दी बधाई

### 'महिला आरक्षण विधेयक' नारी सशक्तिकरण की दिशा में वरदान साबित होगा – श्याम बाई साहू

पायनियर संवाददाता ◂ कसडोल
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद के विशेष सत्र में प्रस्तुत किए गए महिला आरक्षण विधेयक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का स्वागत करते हुए प्रदेश के महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। महिला आरक्षण बिल पारित कराने के लिए पिछले 27 साल में मौजूदा सरकार समेत 4 सरकारों की ये 11वीं कोशिश है। इस विधेयक में केंद्र सरकार द्वारा कहा गया है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में 'यथासंभव एक तिहाई सीटें' महिलाओं के लिए आरक्षित होगीं। इन सीटों पर सिर्फ महिला उम्मीदवार ही चुनाव लड़ सकेंगी। देश की संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कार्य किया है जिसका वादा भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया था।

इस बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश सेवा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर यह सिद्ध किया कि आज की नारी पुरूष से कहीं पीछे नहीं निश्चित ही यह बिल नारी सशक्तिकरण की दिशा में वरदान साबित होगा, साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की नीति और नीयत में है महिला सशक्तिकरण, आज 27 सालो से लंबित महिला आरक्षण बिल को पारित करना नए संसद भवन की सबसे सार्थक आरंभ को दर्शाता है। इस फैसले के लिए मैं प्रदेश की समस्त नारी शक्ति की ओर से अपनी सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूँ। कांग्रेस और उसके साथियों ने सत्ता मोह में महिला आरक्षण बिल को लटकाए रखा, जबकि भाजपा सरकार ने 4 बार बिल को पारित कराने की कोशिश की। मोदी सरकार का यह निर्णय नीति निर्माण में महिलाओं की भूमिका बढ़ाएगा और एक मंत्र जो नारी शक्ति का प्रतीक है ÷यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः÷ उस मंत्र को आज देश की जनता के सामने परिलक्षित किया है। देश की प्रत्येक महिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के इस निर्णय का स्वागत करती है।

# युवाओं को लाभ कमाने मिला प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



निगम द्वारा युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने निगम सभागार में जेट कंपनी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से आए प्रतिनिधियों ने बताया कि जेट पूर्णतः डिजिटल कंपनी जिसके द्वारा युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। जेट का विभिन्न बैंकों से संबंद्धता होने के कारण जेट कंपनी के मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड कर किसी भी बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाकर हर कार्ड पर आप निश्चित लाभ कमा सकते है। जिसका विभिन्न बैंकों में अलग अलग राशि निर्धारित है, क्रेडिट कार्ड बनाने व लोन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है। युवा बेरोजगार अथवा रोजगारवान अपने वर्तमान रोजगार के साथ समय निकालकर ऋण हेतु इच्छुक ग्राहक से संपर्क कर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन दिलवाने पर उसका लाभ मिलेगा। जेट से देशभर में एक लाख लोग जुड़कर लाभ अर्जित करते हुए अपने पैरो पर खड़े हुए है। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि राज्य शासन द्वारा युवा बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के साथ अनेक ऐसे स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है जिससे उनका जीवन संवर सके। प्रशिक्षण में जय जैन, रीता चतुर्वेदी, शशिभूषण मोहंती, श्रीकुमार, मनीष कुमार, के साथ एनयूएलएम के हितग्राही तथा बेरोजगार युवा उपस्थित थे।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, सवा सौ सफाई मित्रो की जांच, 116 को दी गई दवा

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम रिसाली ने ऐसे लोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया, जिनके ऊपर शहर को साफ रखने की विशेष जिम्मेदारी है।आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर शुक्रवार को 120 सफाई मित्रों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वही मामूली तबीयत खराब होने पर 116 लोगों को दवा दी गई। रिसाली निगम क्षेत्र में इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहले लोगों को जागरूक करने रैली निकाली गई, वही स्वक्षता मित्रों के लिए दशहरा मैदान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वक्षता कार्य करने वाले महिला व पुरुष अपने कार्य स्थल से परीक्षण कराने पहुंचे थे। मुख्य मंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चलने वाली मोबाइल यूनिट के दल ने संपूर्ण चेकअप कर आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी। हालाकि परीक्षण के दौरान एक भी सफाई मित्र गंभीर बीमारी से ग्रस्त नही मिला।

### अन्य योजनाओं को जानकारी

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने स्टाल लगाया गया था। सफाई मित्रों को पेंशन सुविधा से लेकर राशन कार्ड बनवाने प्रेरित किया गया, और प्रधानमंत्री आवास योजना व आजीविका मिशन के अधिकारियों ने योजना के बारे बताया।

# कवर्धा जिले में आयुष्मान भव अभियान 5000 से अधिक लोग की हुई जांच

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com





कबीरधाम जिले में विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं की क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान भव अभियान का संचालन किया जा रहा है इस अभियान के तहत आयुष्मान मेला का आयोजन जिले में दो स्तर पर किया जा रहा है जिसके प्रथम स्तर पर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में जैसे एमसीडी टीवी लेप्रोसी तथा मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है इसी प्रकार द्वितीय स्तर पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में साप्ताहिक रूप से मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग शल्य चिकित्सा का नाग गला रोग चर्म रोग तथा दांत की सख्त सहित अन्य रोग के विशेषज्ञ के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में पदस्थ चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों की स्त्रीलिंग जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है जिले में 17 सितंबर से चालू हुए इस अभियान में अब तक अलग-अलग ब्लॉक में 142 हेल्थ कैंप उप स्वास्थ्य केदो के माध्यम से लगाए जा चुके हैं स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इसका लाभ अब तक 5000 से अधिक लोगों को मिल गया है स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कबीरधाम धाम जिले के सभी विकासखंड के स्वास्थ्य केदो में आयुष्मान भव अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है अभियान के अंतर्गत सभी उप स्वास्थ्य केदो प्राथमिक स्वास्थ्य केदो तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में विभिन्न दिए वर्षों में अलग-अलग क्रियाकलापों के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम जनों को दिया जाएगा

# बालको के चोटिया मेगा हेल्थ कैंप से जरूरतमंद नागरिक लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया खादान के परला पंचायत भवन में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 180 नागरिक लाभान्वित हुए।

शिविर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार एवं जरूरतमंदों को दवाएं मुफ्त में प्रदान की।

सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के साथ-साथ परला एवं लालपुर पंचायत के 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से चोटिया में मेगा हेल्थ कैंप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। परला के सरपंच श्री जवाहर लाल मरपच्ची ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस पहल ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया है जिससे सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम परला में शिविर आयोजित करने के लिए बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है। विशेष परामर्श के माध्यम से सुलभ स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करते हुए कंपनी टीकाकरण और माहवारी स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य शिवार और जागरूकता अभियान भी आयोजित करता है।

# शहरी पथ विक्रेताओं को व्यवसाय के लिए कम ब्याज पे लोन



**दुर्ग।** शहर विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन एवं लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम ने शहरी पथ विक्रेताओं को विभिन्न योजनाओं से जोड़े जाने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया है। स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत 10000 तथा 20000 रुपये ऋण प्राप्त कर चुके पथ विक्रेताओं का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग किया जा रहा है !इस योजना में ऐसे पथ विक्रेता जिन्होंने पूर्व में स्वनिधि योजना अंतर्गत लोन का लाभ लिया हैं उनके परिवार का सामाजिक आर्थिक प्रोफइलिंग किया जा रहा है।ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा सके। स्व निधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,जननी सुरक्षा योजना, BOCW के तहत पंजीकरण, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा पी एम मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा।

# 33 परिवारों को आवासीय पट्टा व 146 परिवारों को मिला प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री ने सभी का नाम पुकारा, हितग्राही हुए गदगद

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम प्रवास के दौरान नगर पंचायत बोड़ला में 46 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र और कवर्धा के स्थानीय विश्राम गृह में कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के 33 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 100 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अब तक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों कवर्धा शहर के 1 हजार 569 हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत उनके आशियाने का अधिकार प्रदान किया जा चुका है। उन्होनें कहा कि इस तरह से आगे भी जरूरतमंद व पात्र परिवारों को आवासीय पट्टा का वितरण करेगें।

आवासीय पट्टा पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी तथा हितग्राहियों के साथ फोटो भी खिंचाई।

**वादा पूरा कर रही सरकार - ऋषि कुमार शर्मा**

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार गरीबों की सरकार है। उन्होंने बताया कि जनता से वादा किया है उसको मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा कर रहे है। कैबिनेट मंत्री अकबर के हाथों अब तक कवर्धा शहर में निवासरत व पात्र 1 हजार 569 परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किया गया है।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK – A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 13-जून-23 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी श्रीमती ममता केवट (ऋणी), रामायण केवट (सहऋणी), श्रीमती कमला बाई केवट (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060122544100 से नोटिस में वर्णित राशि 4,72,050/- (चार लाख बहत्तर हजार पचास रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 19 माह सितम्बर वर्ष 2023 को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 4,72,050/- (चार लाख बहत्तर हजार पचास रुपये मात्र) 12-जून-23 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

बंधक सम्पत्ति का विवरण रिहायशी/व्यावसायिक प्रॉपर्टी/ भूमि बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 20, खसरा नं. 260 3 वार्ड नं. 42 बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 244.44 वर्ग गज, जो कि श्रीमती कमला बाई केवट के स्वामित्व में है।

दिनांक : 19 सितम्बर 2023
स्थान : बिलासपुर छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रं 06, रायपुर (छ.ग.)**

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक 48A/न.पा.नि./जोन क्रमांक-06/2023-24    रायपुर, दिनांक 21/09/2023

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर)/फर्म एवं संस्था/एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य की निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 29/09/2023 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 05/10/2023 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होगा अनिवार्य है। प्राप्त निविदायें दिनांक 05/10/2023 को सुबह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली-जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | एस.ओ.आर. | समया अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन क्रमांक 06 अंतर्गत आने वाले समस्त मतदान केन्द्रों में आवश्यक मरम्मत कार्य। | 3.99 | 4000.00 | 750.00 | Building SOR 01.01.2015 | 1 माह |

**-:: निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्ते ::-**

**कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार हैः-**

**लिफाफा ''अ'' में :-**
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ डी. आर (निविदा खोलने तिथि तक वैध होना चाहिए मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षो का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

**लिफाफा ''ब'' में :-** (1) निविदा प्रपत्र

**शर्तेः-** (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/ फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**जोन कमिश्नर**
जोन क्रमांक 06, नगर पालिक निगम, रायपुर



**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय : "प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ–492001" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री विजय कुमार डामके 2. श्री योगेश कुमार डामके (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10216656) | 23–09–2022 रू. 10,32,755/– (रूपए दस लाख बत्तीस हजार सात सौ पचपन मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : मकान नंबर 458, परिमाप 450 वर्ग फीट (भू क्षेत्रफल) एवं 100 वर्ग फीट (कार्पेट एरिया) एवं 390 वर्ग फीट (सुपर बिल्ट अप एरिया), हर्षित हार्मोनी, केएच. नंबर 364/4, मौजा घुमा, पीएचएन 32, आरएनएम धारसीवा, सिंघानिया बिल्डकॉन, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत–492001 | 11–07–2023 | रू. 9,44,000/– (रूपए नौ लाख चौवालीस हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि रू. 20,000/– (रूपए बीस हजार मात्र) | | 02–09–2023 तक कुल बकाया राशि रू. 11,86,399/– (रूपए ग्यारह लाख छियासी हजार तीन सौ निन्यानवे मात्र) | घरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 94,400/– (रूपए चौरानवे हजार चार सौ मात्र) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अंतिम तिथि | ई–नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 20–10–2023 1100 बजे–1400 बजे | 23–10–2023 अप. 5 बजे तक | 25–10–2023 1100 बजे–1300 बजे |

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससी कोड :– एससीबीएल0036001 ज) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई–400001

नियम और शर्तें :–
1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई–मेल आईडी : auction.hl@iifl.com सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /7291981124/25/26 पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : auction.hl@iifl.com को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 8 (6) के तहत बिक्री हेतु 30 दिन का नोटिस**

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : रायपुर    तिथि : 22–09–2023    हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

## भारत-कनाडा संबंध वर्तमान गतिरोध

**भारत और कनाडा** के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, पर वर्तमान समय में उनमें गतिरोध आ गया है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गलतियां, गलतफहमियां, दबंगई व विवाद सर्वाधिक सामान्य समस्यायें हैं। इसलिए विभिन्न तथ्यों व आरोपों पर पहुंचने के लिए संतुलित समझदारी व दृष्टिकोण आवश्यक है। 'खालिस्तान' समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच वर्तमान गतिरोध ने चिन्ता पैदा की है। जहां कनाडा ने घटना में भारत की कथित व अंतर्निहित भूमिका पर अपनी बात रखी है, वहीं भारत ने उसके आरोपों को खारिज कर दिया है। इसलिए किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले स्थिति पर सभी दृष्टिकोण से नजर डालना जरूरी है। मुखर खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर को 18 जून को कनाडा में ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक सिख सांस्कृतिक केन्द्र के बाहर गोली मार दी गई थी। चूंकि वह वास्तव में भारत की 'मोस्ट वांटेड' सूची में था, इसलिए कनाडा ने आरोप लगाया है कि निज्जर पर भारतीय सुरक्षा बलों ने निशाना लगा कर उसका सफाया कर दिया। कनाडा ने भारत सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगा और भारत ने आधिकारिक रूप से हत्या में किसी संलिप्तता से इनकार कर दिया। इतिहास पर नजर डालें तो भारत पिछले सालों में अनेक आतंकी हमलों का शिकार बना है, जिसके परिणामस्वरूप असंख्य लोगों की जान गई है। इस संदर्भ में भारत ने लगातार अपनी सीमा के भीतर और बाहर विधिक तरीकों से आतंकवाद से मुकाबले की प्रतिबद्धता प्रकट की है। इसके साथ ही भारत की नीति कभी भी ऐसे राह से भटके व उसका विरोध करने वाले तत्वों के सफाये और उनके लिए हत्यारे भेजने की नहीं रही है। भारत ने पूरी दृढ़ता से खुलेआम वैध न्यायिक प्रक्रियाओं में विश्वास प्रकट किया है और अनेक मामलों में ऐसे तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग की है। भारत ने लगातार वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रयासों तथा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी पहलों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। निज्जर की कथित हत्या के मामले में भारत ने विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के साझे के महत्व पर जोर दिया है।

किसी देश को कथित गलत काम हेतु दोषी ठहराने के लिए केवल आरोप लगाना काफी नहीं है। किसी विधिक या राजनयिक संदर्भ में हमेशा सबूत देने की जिम्मेदारी आरोप लगाने वाले पर होती है। इसलिए किसी प्रकार के दंडात्मक उपाय करने या उनकी मांग के पहले निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता पर कनाडा के आरोपों के समर्थन में स्पष्ट प्रमाण दिए जाने चाहिए। ऐसा न होने पर यह स्पष्टतः जल्दबाजी में नतीजों पर पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस घटना की किसी जांच में पूरा सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। पारदर्शी व खुली प्रक्रिया में शामिल होने की भारत की इच्छा से इस मुद्दे के राजनयिक ढंग से निपटारे की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। भारत और कनाडा ने कनाडाई नागरिक की हत्या से पैदा चिन्ताओं को संबोधित करने के लिए राजनयिक संवाद पर जोर दिया है। दुर्भाग्य से कनाडा द्वारा एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक के निष्कासन की त्वरित प्रतिक्रिया में भारत को भी कार्रवाई करनी पड़ी है और उसने एक कनाडाई राजनयिक को पांच दिन में देश छोड़ने का आदेश दिया है। इससे दोनों देशों के बीच माहौल खराब हुआ है। राजनयिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद आवश्यक है कि सभी पक्ष परस्पर संचार के रास्ते खुले रखें, अंतरराष्ट्रीय समझौतों व मानकों का पालन करें तथा आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को प्राथमिकता दें।

# कौशल की कमी से बेरोजगारी

### कौशल की कमी दूर करने के लिए कृत्रिम बुद्धि-एआई व मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण देना जरूरी हो गया है।



**दिनेश सूद**

(लेखक, कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र से संबद्ध हैं)



दुनिया भर में रोजगारों की बदलती प्रकृति तथा कौशल आवश्यकताओं को देखते हुए कौशल के क्षेत्र में आई कमी के कारण रोजगार के अवसरों में बाधा आ रही है। बिजनेस नेताओं को तेजी से यह कमी पहचानने तथा कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। उनको कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए कि वे सफलता के लिए अपना कौशल विकास कैसे करें। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लगभग 86 मिलियन कामगारों को 'अपस्किलिंग' या 'रिस्किलिंग' के माध्यम से उत्कृष्ट डिजिटल कौशल प्राप्त करना चाहिए ताकि वे तेजी से बदलती तकनीकों के अनुसार स्वयं को ढाल सकें। यूएनडीपी का मानव विकास सूचकांक भारत को 191 देशों में 132वें स्थान पर रखता है। यह स्थिति चिन्ताजनक है क्योंकि कंपनियों को कुशल कामगारों की कमी का सामना करना पड़ता है, जबकि करोड़ों शिक्षित लोग बेरोजगार बने रहते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए भारत ने पिछले दशक में कौशल-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में कदम उठाए हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की स्थापना कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए की गई है। जुलाई, 2015 में शुरू 'स्किल इंडिया मिशन' का उद्देश्य भारत में कुशल कामगारों की कमी को संबोधित करना है। लेकिन प्रशिक्षित, पंजीकृत व अंततः नौकरी में लगे लोगों तथा मांग के बीच भारी अंतर है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि भारत में वर्ष 2030 तक लगभग 29 मिलियन कुशल कामगारों की कमी होगी। विभिन्न उद्योगों में कर्मचारियों पर अपस्किल व रिस्किल होने का दबाव है, लेकिन बहुत से लोगों को लंबे कार्यदिवस के कारण इसे प्राप्त करना चुनौती लगता है। कामगार की बेहतरी को प्राथमिकता देने वाली सहायक व्यवस्थाओं की कमी के कारण बहुत से कामगारों में अपस्किलिंग व रिस्किलिंग के प्रति प्रेरणा का अभाव है। ऐसे में संगठनों को कर्मचारियों द्वारा स्वतः नए कौशल सीखने को बढ़ावा देने के लिए नई वित्तीय पहलें करनी चाहिए।

उच्च वृद्धि के लिए कुशल कार्यबल बहुत जरूरी है, पर भारत में केवल 45 प्रतिशत प्रशिक्षित लोग ही रोजगार योग्य हैं और केवल 4.69 प्रतिशत कार्यबल को ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त है। इससे देश में कौशल की कमी का संकेत मिलता है जिसके पीछे प्रशिक्षण ढांचे का अभाव तथा निजी क्षेत्र की सीमित सहभागिता है। प्रशिक्षण संस्थानों पर नजर रखने के लिए एक निगरानी संस्था का अभाव भी इस स्थिति को पैदा करने में सहायक है। यदि युवा जनसंख्या को कुशल तरीके से अपस्किल, रिस्किल व स्किल नहीं किया जाता है तो भारत का 'जनसंख्या लाभांश' एक चुनौती बन सकता है। अनुमान है कि 2025 तक भारतीय जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत काम करने योग्य होगा। ऐसे में समुचित रोजगार अवसरों के अभाव में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में स्कूल स्तर पर कौशल विकास के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। एक गंभीर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण व्यवस्था बनाने की जरूरत है जो 10 साल की स्कूली शिक्षा के बाद लागू हो सकती हो। अधिकांश विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था है जो युवाओं को रोजगार हेतु तैयार करती है तथा उनको स्व-रोजगार उद्यमिता के लिए बढ़ावा देती है। कौशल की कमी का सीधा संबंध शिक्षा के प्रकार से है जो स्कूल स्तर पर दी जाती है।

इसके साथ ही हमें ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो प्रत्येक रोजगार-इच्छुक व्यक्ति को बाजार-संचालित कौशल प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई कारपेंटर, प्लंबर या एलेक्ट्रीशियन बनना चाहता है तो उसे कम से एक वैश्विम स्तर का कोर्स उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिए हर हाईस्कूल में एक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र होना चाहिए जहां रोजगार के इच्छुक छात्रों को स्कूली पढ़ाई के अतिरिक्त समय में अपनी पसंद के क्षेत्र में कौशल प्राप्त करने का अवसर मिले। इसी प्रकार शिक्षा प्रदाताओं को ऐसे छात्रों की ज्ञान व कौशल से सहायता करनी चाहिए जो काम करने वाली दुनिया के लिए प्रासांगिक हों ताकि वे उत्पादक व रोजगार प्राप्त करने योग्य बन सकें। स्कूल स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में संगति बनाई जानी चाहिए तथा कौशल प्रदाताओं व उद्योगों के बीच व्यापक समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आज शिक्षा इस बात तक सीमित नहीं है कि स्कूलों व कालेजों में क्या पढ़ाया जाता है, बल्कि सीखने का दायरा बहुत व्यापक है जिसका कारण विकसित होते बाजार तथा तकनीकी प्रगति है। प्रतियोगी व विकसित होते रोजगार बाजार में कॅरियर सुनिश्चित करने के लिए अपस्किलिंग तथा उद्योग-प्रासांगिक बने रहने की जरूरत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार-संचालित कौशल प्राप्त करने से रोजगार के अवसर बहुत बढ़ते हैं तथा नौजवानों को लाभदायक कॅरियर बनाने में सहायता मिलती है। भारत में वर्तमान समय में प्रभावी व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था की कमी है जो प्रेरणादायक तथा सभी युवाओं की पहुंच में हो। इस मुद्दे को संबोधित करने तथा भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय को एक राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय-एनएसयू स्थापित करने की आवश्यकता है जिसका प्रस्ताव राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, 2015 में किया गया है। यह विश्वविद्यालय कौशल-प्रासांगिक पाठ्यक्रम तैयार कर कौशल-आधारित प्रमाणपत्र और डिग्री देने की व्यवस्था कर सकता है। इससे नौजवानों की रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ेगी। एनएसयू के साथ ही राज्य सरकारें सार्वजनिक निजी साझेदारी-पीपीपी माध्यम से बहुकौशल विकास केन्द्रों-एमएसडीसी की स्थापना कर सकती हैं। ये केन्द्र प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों में क्लस्टर-विशेष कौशलों की कमी की पहचान कर कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना कर सकते हैं जो वर्तमान कामगारों के कौशल उच्चीकरण की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। उत्कृष्ट कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना से उद्योगों में उच्चस्तरीय कौशल की कमी पूरी करने के लिए नवीनतम जानकारियों व पाठ्यक्रमों का समावेश किया जा सकता है। विश्व बैंक ने 3-12 महीनों में अल्पकालीन कौशल विकास पाठ्यक्रमों की बाजार क्षमता बढ़ाने के लिए 250 मिलियन डालर के स्किल इंडिया मिशन आपरेशन-सीमो को अनुमति दी है।

तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य से तालमेल बिठाने के लिए वैश्विक स्किल गैप मैपिंग करानी जरूरी है ताकि भर्तियों को 'डिग्री-आधारित' के बजाय 'कौशल-आधारित' बनाया जा सके। वर्ड इकोनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में अगले पांच साल में 150 मिलियन नए तकनीकी रोजगार सृजित होंगे जिसमें 2030 तक 77 प्रतिशत रोजगारों में डिजिटल कौशल की जरूरत होगी। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि वर्तमान समय में दुनिया भर में केवल 33 प्रतिशत तकनीकी रोजगारों में कुशल कामगार काम कर रहे हैं। इस स्थिति के कारण वैश्विक पैमाने पर तकनीकी प्रगति में बाधा आ सकती है। इसलिए उभरती तकनीकों में कौशल की कमी को संबोधित करना बहुत जरूरी है। इनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग-एमएल, ब्लाकचेन, रोबोटिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन व डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं।

वर्तमान समय में एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता है जो इन तकनीकों को समझ कर उनका क्रियान्वयन कर सके तथा उनके आधार पर भावी खोज कर सके। इससे इन तकनीकों तथा उद्योगों की प्रगति में सकारात्मक योगदान मिलेगा। व्यावसायिक शिक्षा तथा नवीनतम कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर भारत अपने कार्यबल को भावी मांगें पूरी करने के लिए तैयार कर सकता है।

# शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य की चुनौतियां

**ईशू रतन श्रीवास्तव**


(लेखक, रेलवे विभाग में मैकेनिकल इंजीनियर हैं)



ग्लोबल वार्मिंग का युग समाप्त हो गया है, वैश्विक उबाल का युग आ गया है, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने हाल ही में टिप्पणी की। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला है कि बताई गई नीति प्रतिबद्धताओं पर आधारित अनुमान ग्लोबल वार्मिंग के स्तर को 1.5 डिग्री सेल्सियस या यहां तक कि 2 डिग्री सेल्सियस पर नियंत्रित करने में विफल रहते हैं। इसलिए, जब उत्सर्जन शमन वांछित गति से नहीं हो रहा है और चरम जलवायु घटनाएं उम्मीद से पहले टिपिंग बिंदु का संकेत देती हैं, तो कार्बन कैप्चर समाधान के लिए एक मार्ग प्रदान कर सकता है।

समानता और न्याय की मांग करने वाली विकास संबंधी अनिवार्यताएं, उप-इष्टतम प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर और जीवनशैली अनुकूलन से संबंधित चुनौतियां नेट जीरो रोड को एक कठिन क्षेत्र बनाती हैं। भोजन, ऊर्जा, परिवहन और सीमेंट और स्टील जैसी सामग्रियां उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, लेकिन ये ऐसी मूलभूत आवश्यकताएं हैं कि इन्हें हमारे जीवन से रातोंरात दूर नहीं किया जा सकता है। भोजन का ही मामला लें, 19वीं सदी की शुरुआत से वैश्विक जनसंख्या लगभग आठ गुना बढ़ गई है। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, यह उर्वरक-सघन खेती है जिसके बिना यह अनुमान लगाया जाता है कि दुनिया की आधी आबादी का भरण-पोषण नहीं किया जा सकता है। इन उर्वरकों को जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके संश्लेषित किया जाता है जो उत्सर्जन में योगदान करते हैं।

बिजली के संबंध में, नवीकरणीय स्त्रोत आंतरिक अनिश्चितताओं के साथ आते हैं और केवल विश्वसनीय भंडारण समाधान ही जीवाश्म ईंधन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इससे बड़ी मात्रा में लिथियम के खनन की आवश्यकता होती है, जिसका व्यावसायिक खनन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिकी लिथियम त्रिकोण में केंद्रित है और विशेष रूप से इसमें उच्च जल पदचिह्न है। इसके अतिरिक्त, ली-आयन बैटरियों में एक




प्रमुख तत्व, कोबाल्ट का खनन, बाल श्रम से संबंधित नैतिक मुद्दों से जुड़ा है। पंप्ड हाइड्रो, बैटरी भंडारण का एक विकल्प, पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी रखता है। कार्बन डाइऑक्साइड हटाने में कार्बन डाइऑक्साइड को उत्पादन के विभिन्न स्त्रोतों पर या सीधे वायुमंडल से कैप्चर करना और पलायन को रोकने के लिए इसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत करना शामिल है। जंगल, चट्टानें और महासागर जैसी प्राकृतिक प्रणालियां कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती हैं, कार्बन को अवशोषित और अलग करती हैं। हालाँकि, गर्म जलवायु इन प्रणालियों की कार्बेडाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देती है। इन प्राकृतिक प्रणालियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, बेहतर अवशोषण के लिए संरक्षण प्रयास और इंजीनियर तकनीक आवश्यक हैं। इनमें वनरोपण, बढ़ी हुई चट्टानों का अपक्षय शामिल है जो चट्टानों को अधिक कार्बेडाईऑक्साइड को अवशोषित करने में सक्षम बनाता है, और उन्नत समुद्री निषेचन जो एक जियोइंजीनियरिंग तकनीक है जिसके परिणामस्वरूप समुद्री प्रणालियों में उच्च जैविक विकास हो सकता है, इस प्रकार कार्बन कैप्चर और भंडारण (बीईसीसी) के साथ उच्च कार्बन अवशोषण और बायोएनर्जी का अर्थ होता है। जो उत्सर्जन बैलेंस शीट में गोलाकारता का परिचय देता है। प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों में उत्पादन प्रक्रियाओं या जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके बिजली उत्पादन के दौरान कार्बेडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कैप्चर करना शामिल है, जिसमें मुख्य रूप से एमाइन नामक रसायनों का उपयोग किया जाता है जो तापमान विनियमन पर कार्बेडाइऑक्साइड को अवशोषित और जारी कर सकते हैं। कैप्चर किए गए कार्बेडाइऑक्साइड को गहरी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में संग्रहीत किया जाता है, जिससे इसकी रिहाई को रोका जा सकता है। बेहतर तेल पुनर्प्राप्ति के लिए तेल भंडारों में कार्बेडाइऑक्साइड की पंपिंग तेल और गैस उद्योग में एक स्थापित प्रथा है। एक अन्य तकनीक अर्थात् डायरेक्ट एयर कैप्चर, जिसमें एक संकेंद्रित बिंदु स्रोत के बजाय हमारे आस-पास की हवा से कार्बेडाइऑक्साइड कैप्चर शामिल है, भी लोकप्रियता हासिल कर रही है, हालांकि इसमें लागत संबंधी चिंताएं हैं।

तथ्य यह है कि कुछ तकनीकें उद्योग में पहले से ही प्रचलित हैं, प्रस्ताव की व्यवहार्यता के प्रति एक निश्चित मात्रा में विश्वास पैदा करती हैं। हालांकि, इसके बड़े पैमाने पर अपनाने पर संदेह है, खासकर महासागरों और अन्य प्राकृतिक प्रणालियों में संभावित हस्तक्षेप के संदर्भ में। इसके अतिरिक्त, बढ़ते वनीकरण और बीसीसी को अपनाने से हमारी खाद्य आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भूवैज्ञानिक संरचनाओं से कार्बनडाइऑक्साइड रिसाव की संभावनाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, यह तर्क दिया जाता है कि कार्बन हटाने के मार्गों पर अत्यधिक निर्भरता से उत्सर्जन शमन और अनुकूलन प्रयासों में शिथिलता आ सकती है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया पर तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है और निस्संदेह, एक बहुआयामी शमन रणनीति आवश्यक है। हालांकि, कार्बन हटाने से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, इसकी तैनाती को सावधानी के साथ किया जाना चाहिए और धीरे-धीरे बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि हम इसके बारे में अधिक सीखते हैं।

## आप की **बात**

**आप की बात**



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### भारत-विरोधी शक्तियां

**कनाडा** भी आजकल भारत का विरोध करने में पाकिस्तान, चीन व तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधी शक्तियों का जमावड़ा हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बहुत कम हैं लेकिन कनाडा उनको पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है व उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है हमने अक्सर कनाडा को अपने सहयोगी देश के रूप में ही देखा था, परंतु अब उसके प्रति भारतीय जनता का दृष्टिकोण बदल रहा है। कनाडा ने भारत पर एक बेतुका आरोप लगाया है कि कनाडा के नागरिक एक खालिस्तानी समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसी आरोप के चलते कनाडा ने हमारे राजनयिक को अपने देश से निकाल दिया है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं है। भारत ने भी कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया तथा कनाडा के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है। खुशी की बात है कि वर्तमान मोदी सरकार भारत-विरोधी शक्तियों से कठोरता से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर चाहे वे देश के भीतर हों या दुनिया के किसी भी देश में छिपी हों। भारतीय जनता इससे खुश है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दुनिया में तनाव

**रूस-यूक्रेन युद्ध** और चीन की कुटिल नीतियों के चलते विश्व में वैसे ही भारी तनाव व्याप्त है, आर्थिक मंदी की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी है तथा खाद्यान्न की कमी होने लगी है। ऐसे में कनाडा की त्रूदो सरकार ने भारत सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर नए तनाव को जन्म दिया है। खालिस्तानी गतिविधियों का केंद्र रहा कनाडा राजनीतिक लाभ उठाने के लिए खालिस्तानी संगठनों को अपने यहां न सिर्फबढ़ावा दे रहा है बल्कि उनके कुकृत्यों को अभिव्यक्ति की आजादी का नाम दे रहा है। ऐसी स्थिति में भारत को भी कनाडा से राजनीतिक, सामरिक व व्यावसायिक संबंधों पर पुनर्विचार करना होगा। 2 माह पहले कनाडा में इंदिरा जी की हत्या की झांकी निकालकर खालिस्तानियों ने अपने निरंकुश होने का संकेत दे दिया था। भारत को देश के भीतर विशेष तौर से पंजाब में खालिस्तान-समर्थक तत्वों की गतिविधियों और कनाडा से उनके संबंधों पर नजर रखनी होगी। पंजाब व हरियाणा के तथाकथित किसान आंदोलनों में भी खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर नजर रखनी होगी। भारत को दुनिया में तनाव के कारणों को दूर करने के प्रयास वैश्विक स्तर पर करने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### महिला सशक्तीकरण

**महिलाओं** को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पारित करवा कर मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। कांग्रेस शासन में भी उक्त बिल पारित करवाने का प्रयास किया गया था पर बात आगे नहीं बढ़ सकी थी। सबसे अच्छी बात यह रही कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों का भी इस विधेयक को समर्थन मिला है। इस विधेयक के समर्थन में 454 और विरोध में सिर्फ दो वोट पड़े। अभी तक किसी भी पार्टी ने सत्ता और संगठन में महिलाओं को उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। यह विधेयक न्याय के सिद्धांत को बल प्रदान करता है। यह विधेयक पारित करवा कर सरकार ने अपना सामाजिक सरोकार भी पूर्ण किया है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को संसद व विधानसभाओं में समुचित प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जनगणना एवं परिसीमन का कार्य शेष होने के कारण तत्काल महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जा रहा है, पर भविष्य में इसका लाभ निश्चित ही महिलाओं के साथ पूरे देश को प्राप्त होगा। यह महिला सशक्तीकरण और तेज होगा।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

# लाइसेंस एवं डिप्लोमा धारी के बजाय कर्मचारी करते हैं कृषि केंद्रों का संचालन, विभाग की मिलीभगत




पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले कृषि विभाग द्वारा अनियमितता बरत रहे कृषि केंद्र संचालकों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। जिसमें 20 से अधिक कृषि केंद्र संचालकों को नोटिस व बिक्री पर प्रतिबंध भी लगाया गया। कार्यवाही के दौरान कई संचालकों की कई लापरवाही सामने आई। अधिकांश संचालक कृषि केंद्र की गायिदलयों एवं मापदंडों का पालन नही कर रहे है। वही इसी बीच एक और बड़ा मामला सामने आया हैं। जिले के कुछ कृषि केंद्र के लाइसेंस, पंजीयन एवं डिप्लोमाधारी स्वंय दुकान में न बैठकर कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति से दुकान का संचालन करवा रहे है। जिससे फसल संबंधित खाद, बीज या कीटनाशी दवाई खरीदने आये किसान को सही जानकारी और सामग्री नही मिल पाती। जिससे उसकी फसल चौपट होने की भी संभावना बन जाती हैं। जबकि यह पूर्णतः गलत है। कृषि विभाग के उप संचालक की माने तो जिसका लाइसेंस है, जिनके नाम पर पंजीयन है या फिर जो डिप्लोमाधारी है, वही दुकान का संचालन कर सकता है। अगर उसकी जगह अन्य कोई दूसरा संचालन करता है तो उसे नोटिस तामील कर, उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

## एक लाइसेंस पर सभी सामानों का विक्रय

उल्लेखनीय हो कि जिले में 485 कीटनाशी, 290 उर्वरक और 330 बीज (फसल एवं सब्जी) के लाइसेंसधारी है। इनमें कुछ ऐसे संचालक है, जो एक ही लाइसेंस पर कृषि से सम्बंधित सभी सामग्रियों का विक्रय कर रहे है। इतना ही नही एक लाइसेंस पर 2 दुकानों का भी संचालन किया जा रहा हैं। इस बात की भनक कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को भी है। लेकिन कभी कबार की नाममात्र की कार्यवाही कर खानापूर्ति कर सुर्खियां जरूर बटोर लेते है।

## बीएससी को डिप्लोमा की जरूरत नही

बता दे कि कृषि केंद्र के संचालन के लिए डिप्लोमा का कोर्स होता है, जो कि एक साल का होता है। इसकी क्लास हफ्ते में एक बार लगती है। जिसको कृषि विभाग करवाता है। कोविड के पूर्व कृषि विभाग द्वारा डिप्लोमा कोर्स करवाया गया था। और जो बीएससी किये हुए है, उन्हें डिप्लोमा की जरूरत नही हैं। उनको लाइसेंस मिल जाता है। अभी नया कृषि केंद्र खोलने के लिए बीएससी या बीएससी एजी कम्पलसरी है। वही जिले में अधिकांश कृषि केंद्र संचालक डिप्लोमाधारी है।

## बिना लाइसेंस बीज का भंडारण

बीते दिनों नागाडबरी के कौशल कुमार के द्वारा धनंजय साहू के मकान में बिना बीज लाइसेंस के धान बीज एमटीयू 7029 मात्रा 57.50 मी.टन संपदा 22.50 मी.टन का अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती कर कार्यवाही की गई थीं। इसके साथ ही कुछ दिनों पहले की गई कार्यवाही में कई कृषि केंद्रों में उर्वरक का बिना स्रोत भंडारण, उर्वरक व बीज अनुज्ञा का नवीनीकरण नही किया जाना पाया गया था एवं कीटनाशी का पंजी संधारण नही करने, मूल्य सूची प्रदर्शन नही करने, स्कंध पंजी अधूरा, उर्वरक के बिना अनुज्ञप्ति के भंडारण सहित कई कमियां पाई गई थी।

लाइसेंस एवं डिप्लोमाधारी को ही दुकान का संचालन करना है, अगर किसी भी दुकान में इसका पालन नही किया जा रहा है तो उसकी जांच करवा उन्हें नोटिस भेजकर लाइसेंस रद्द किया जाएगा, निरीक्षण व कार्यवाही हमारी लगातार जारी है, कृषि आदान विक्रेताओं के विक्रय परिसर निरंतर निरीक्षण जारी रहेगा। तथा अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, कीटनाशी अधिनियम और बीज नियंत्रण आदेश के प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**जीएस ध्रुर्वे, डीडीए, कृषि विभाग**

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार सिंडिकेट और बिचौलियों की सरकार : रघुवर दास

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस की भूपेश सरकार को सिंडिकेट और बिचौलियों की सरकार कहते हुए जमकर हमला बोला स्थानीय एक होटल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पत्रकार वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार शराबबंदी लागू करने और बेरोजगारों को रोजगार देने की घोषणा कर प्रदेश वासियों को ठगने का काम किया है। उन्होंने राज्य के कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सरकार माफिया, बिचौलिये और सिंडिकेट के लोग राज्य के नीति निर्देश का निर्धारण कर रहे है। भूपेश सरकार ने पांच सालो में छत्तीसगढ़ वासियों को कलंकित करने का काम किया है। कांग्रेस के पांच सालों में छत्तीसगढ़ राज्य को कांग्रेस की सरकार ने बिचौलिए माफिया और सिंडिकेट के भरोसे भूपेश की सरकार चल रही है। छत्तीसगढ़ में बिचौलिए इतनी शक्तिशाली है कि राज्य की नीति निर्धारण और परिणाम तय कर रहे हैं। सिंडिकेट के लोग कमीशन के आधार पर शराब का काम और अन्य बड़े बड़े कार्य कर रहे इसी तरह छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधन कोयला की रेवेन्यू राज्य सरकार की खजाने में भरना चाहिए जो की भूपेश बैंक में जमा हो रहा है। इसी लिए माइनिग सेक्रेटरी और मुख्यमंत्री के ओ एस डी जेल में है। कमीशन खोरी के चलते बघेल सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता बदलने का मन बना चुकी है। अब परिवर्तन करेगी उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की सरकार तहसील से लेकर राज्य तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र बिना पैसे का कोई काम तहसील में नहीं हो पा रहा है उन्होंने राज्य के भ्रष्टाचार पर कहा कि बघेल बैंक चल रहा है। आम जनता का पैसा सिंडिकेट शराब माफिया और कोयले की कमीशन बघेल के बैंक में जमा हो रहा है। 50त्न राशि दिल्ली में बैठे कांग्रेस दरबार में पहुंचाने का काम बघेल सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता ने जनादेश दिया था कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी 5 सालों में होना था उस वायदे से मुकर गए । महिला स्व सहायता समूह ग्रुप के लोन के संबंध में कांग्रेस ने माफकरने की घोषणा की थी किंतु ऐसा नहीं हुआ उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की बघेल जुमलेबाजी कर चेहरा चमकाने में लगे हैं। धरातल में कोई काम नहीं है उन्होंने छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार अधिकारी और मंत्री के परिवार के लोगों को पीएससी में नियुक्ति दे रही है और बेरोजगार युवक भटक रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर खुलेआम आरोप लगाया है ।कि महादेव सट्टा चलाकर लोगों को जुआ खेलने प्रेरित कर रही है।

## कुंडा में जगह-जगह विराजे भगवान गणेश



**कवर्धा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर कुंडा बस स्टैंड महावीर चौक जगमल चौक शिव नगर शक्तिनगर, गौठान बाजार चौक,सहित आसपास गांव में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है और घर-घर और चौक चौराहों में गणेश प्रतिमाओं का स्थापना किया गया है कुंडा सहित आसपास गांव में भक्ति,मय माहौल बना हुआ है।

# परिवर्तन यात्रा के बाद क्षेत्र की जनता कहने लगी अब कांग्रेस का जाना तय : तोमन साहू

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

परिवर्तन यात्रा के आने के बाद छत्तीसगढ़ सहित बालोद जिले में परिवर्तन की बयार चल रही है। अब क्षेत्र की जनता कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार और क्षेत्र के निष्क्रिय विधायक से ऊब चुकी है। उक्त बातें जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा युवा नेता तोमन साहू ने कही। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस प्रदेश की भ्रष्ट सरकार को हटाने के लिए परिवर्तन यात्रा पूरे प्रदेश में निकली गई है। बस्तर के मां दंतेश्वरी की पावन भूमि दंतेवाड़ा से निकली यह परिवर्तन यात्रा धीरे-धीरे प्रत्येक विधानसभा से होते हुए बालोद जिले डॉण्डी लोहारा एवं बालोद गुंडरदेही विधानसभा मे 15 - 16 सितंबर को पहुंची जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस परिवर्तन यात्रा का पूरे गर्मजोशी से जोरदार स्वागत किया। युवा नेता तोमन साहू ने बताया कि लगभग हर वर्ग व समाज के लोग इस परिवर्तन यात्रा का लगातार स्वागत किये हैं प्रत्येक समाज की व्यक्ति द्वारा इस परिवर्तन यात्रा का समर्थन किए हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में अगली सरकार बने इसकी कामना कर रहे हैं। बारिश के मौसम में भी यह यात्रा लगातार जारी है और कई-कई



विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश के बावजूद क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ता बरसात में भीगते देखते हुए इस परिवर्तन यात्रा का स्वागत कर रहे हैं ।परिवर्तन यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले आमसभा में बारिश के बाद भी हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है कार्यकर्ताओं और आम जनता का जोश और उत्साह इस पूरे परिवर्तन यात्रा के दौरान देखने को मिल रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण बालोद विधानसभा क्षेत्र के सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान मे आयोजित आमसभा में देखने को मिला। युवा नेता तोमन साहू ने आगे कहा कि इस परिवर्तन यात्रा के दौरान मिलने वाले अपार जन समर्थन लोगों में दिखने वाले उत्साह कार्यकर्ताओं में उभर के आने वाला जोश 20 वर्ष पूर्व निकाली गई परिवर्तन यात्रा की याद दिला गई है। सन 2003 में कांग्रेस की आतंक की सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ चुके थे लोग परेशान थे लगातार आम जनता पर होने वाले जुल्म व अत्याचार से इस प्रदेश का हर वर्ग पीड़ित था। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना तो होने वाले प्रथम चुनाव में इस कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को आम जनता ने एक सिरे से खारिज कर भारतीय जनता पार्टी के लोक कल्याणकारी सरकार को बिठाया। और लगातार 15 साल राज करने के बाद 2018 को जब चुनाव हुआ तब झूठ घोषणा पत्र जारी करके कांग्रेसियों ने इस प्रदेश के आम जनता को धोखा देकर झूठे वादे कर बरगला कर किसी तरह किसी तरह से जन समर्थन हासिल कर सरकार बनाने में सफलता हासिल की पर सरकार बनते ही कांग्रेस की सरकार ने अपने वादे से मुकर कर गंगाजल हाथ में लेकर कसम खाने वाली कांग्रेस में अपना वादा पूरा नहीं किया अब कांग्रेसियों के इस छलपूर्ण व्यवहार से दुखी होकर इस प्रदेश की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। और आने वाले चुनाव में इस छल और प्रपंच कर चुनाव जीतने वाले कांग्रेस पार्टी को अपने वोट के माध्यम से इस क्षेत्र की जनता करारा जवाब देगी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में बनेगी।

# डॉ सौरभ निर्वाणी के निष्कासन बहाली के लिए सामने आई रेवती साहू और अंजलि मार्कण्डेय





पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा काँग्रेस की राजनीति में डॉ सौरभ निर्वाणी के निष्कासन को समाप्त करने बेमेतरा जनपद पंचायत की अध्यक्ष रेवती साहू के साथ नवागढ़ जनपद की अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय ने भी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख डॉ सौरभ निर्वाणी के निष्कासन को खत्म करने की मांग रखी है,पत्र के समर्थन में पूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल, जनपद पंचायत के कृषि समिति के सभापति लाला भारती, सदस्य भोजराज कुर्रे,मछुआ आयोग के सदस्य रामावतार निषाद,जनपद सदस्य राजेश साहू,झाल की सरपंच पिंकी गज्जू वर्मा ने भी हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जाहिर की है। जनपद पंचायत की अध्यक्ष रेवती साहू ने कहा कि सौरभ क्षेत्र में ईमानदार राजनीति के पर्याय हैं,हम लोग उनसे सीखते रहते हैं,वहीं नवागढ़ की जनपद अध्यक्ष अंजलि मार्कण्डेय ने कहा कि ऐन चुनाव से पहले उनके निष्कासन से पार्टी के उनके युवा समर्थकों में हतासा आई है,मैं और हम सभी इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मिल निष्कासन आदेश तत्काल प्रभाव से निष्प्रभावी करने की मांग करेंगे,कृषि समिति के सभापति लाला भारती ने कहा कि नवागढ़,बेमेतरा विधानसभा में सौरभ भैया के प्रभाव और पकड़ का उपयोग कांग्रेस पार्टी को करना चाहिए इसे प्रदेश संगठन के लोगो से मिलकर बताएंगे,छत्तीसगढ़ राज्य मछुआ आयोग के नामित सदस्य रामावतार निषाद ने निष्कासन की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए तुरंत बहाली की मांग रखी है, पंचायती राज के उक्त नेताओ ने विश्वास जताया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उनकी भावनाओं को समझेंगे और शीघ्र ही डॉ सौरभ निर्वाणी का निष्कासन समाप्त होगा और फिर से उनके साथ संगठन की मजबूती के लिए भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगो को दिलाने मिलकर काम करेंगे।

## अवधेश सिंह चन्देल करेंगे 24 सितम्बर को शिक्षक व प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



**बेमेतरा ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीते एक वर्ष में सेवानिवृत शिक्षको व प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह 24 सितम्बर दिन रविवार दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण बेरला में आयोजन पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल ने रखा है। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि दिवाकर मुक्तिबोध एवं रामेश्वर प्रसाद वैष्णव गीत, गजल, व्यंग्यकार विशिष्ट अतिथि युगल किशोर तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य एवम शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे।

# जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन पी.जी कॉलेज में किया गया




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में किया गया जिसमें जिला मुख्यालय में स्थित तीन महाविद्यालय पी.जी कॉलेज बेमेतरा, समाधान महाविद्यालय तथा कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के विद्यार्थीयों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में कोबिया के ग्रामीणों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टाफ ने भी रक्तदान कर इस जिला स्तरीय शिविर को सफल बनाया। तीनों महाविद्यालय से कुल 52 रक्तदाताओं से 18200 ग्राम रक्त का दान किया गया । ज्ञात हो कि 31 मई 2023 को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला स्तरीय बैठक में इस वर्ष प्रत्येक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन करने का प्रस्ताव लाया गया था जिस पर अमल करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष पी.एस.एल्मा कलेक्टर बेमेतरा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय आयोजन की शुरुआत पीजी कॉलेज से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जी एल टंडन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पी.पी चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉक्टर एस आर चुरेंद्र, महाविद्यालय नोडल एन आर निर्मल, रेडक्रॉस के संगठक उपेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे ।

# 23 सितंबर को कवर्धा जिले में मनाया जाएगा आयुष्मान भारत दिवस

## 2 अक्टूबर को होगी विशेष ग्राम सभा



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

तीन चरणों में चलने वाले इस अभियान में 23 सितंबर 2023 को आयुष्मान भारत दिवस एवं 2 अक्टूबर को जिले में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार प्रसार तथा योजना से संबंधित जानकारी दी जाएगी इसके साथ ही दिन इस दिन ग्रामीणों के अंगदान करने प्रेरित किया जाएगा कबीरधाम जिले में अभी तक 20 से अधिक लोगों ने अंगदान करने हेतु अपनी रुचि दिखाई है एवं विशेष ग्राम सभा में लोगों को अनुदान का महत्व भी समझाया जाएगा इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य केदो में आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राहियों को मेले में भाग लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया जावेगा।

# नारी शक्ति अधिनियम बिल के फैसले से महिलाएं और अधिक सशक्त तथा मजबूत बनेगी : अनिता कुमेटी

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होना एक एतिहासिक फैसला है इस बिल को लेकर उत्साहित भाजपा जिला मंत्री अनिता कुमेटी ने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला यों को बहुत बड़ा उपहार दिया है, भारत की महिलाएं कितने वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रही थी, कि उन्हें भी उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिलना चाहिए यह बिल पास हुआ है। फलस्वरूप भारत की महिलाएं प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कर रही है। नारी शक्ति अधिनियम बिल के फैसले से महिलाएं और अधिक सशक्त तथा मजबूत बनेगी और अपने राज्य व अपने देश में प्रतिनिधित्व कर सकेगी तथा देश के विकास में अपनी सहभागिता निभा सकेंगी। बालोद जिले से लेकर छत्तीसगढ़ और पूरे भारत के महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा के सभी सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## महिला आरक्षण विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाना खुशी की बात

**दल्लीराजहरा ।** महिलाओं के हित में बनाया गया ये महिला आरक्षण विधेयक सर्वदा प्रशंसनीय है।,भारत की महिलाएं लंबे समय से समाज में उपेक्षित रही है उनका स्थान दोयम दर्जे का रहा



कुछ क्षेत्रों में उन्हें ज्यादा ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस नए कानून के बन जाने से महिलाओं में आत्म विश्वास जागेगा और कुछ नया करने की प्रेरणा भी मिलेगी। यह दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने योग्य है। इस संबंध मे नगर की वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि माथुर ने कहा कि वे खुद नारी जागरण और सामाजिक विकास के लिए लंबे समय तक सामाजिक जीवन में काम किया है पहले हम महिलाएं 10 प्रतिशत महिला आरक्षण की मांग करती थी। स्व.राजीव गांधी ने स्थानीय संस्थाओं में महिलायों को आरक्षण दिया जिससे उनमें बहुत जागरूकता आई। अब नए कानून से महिलाओं में नया उत्साह जागेगा और देश का विकास होगा। हमारी इच्छा है इसे 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए परन्तु जो भी मिला है वो स्वागत योग्य है हमारी संसद और सरकार बधाई के पात्र है।

# नशे के हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालको की खैर नहीं

## 24 वाहन चालकों के विरुद्ध 1,60,000/ रुपये का जुर्माना किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने तथा वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जिले के यातायात शाखा प्रभारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। कि रोड पर चलने वाले वाहन चालकों को जागरुक कर यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान करें, साथ ही लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर स्वयं के साथ-साथ जिले वासियों के जान माल का नुकसान करने वाले लापरवाह नशे में धुत वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत उचित धाराओं पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। जिससे लापरवाही पूर्वक नशे की हालत में तथा बिना उचित दस्तावेज के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगे साथ ही वाहन दुर्घटनाओं में भी कमी लाया जा सके कहा गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन पर यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह द्वारा अभियान चलाकर लगातार जागरूकता के साथ-साथ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही के दौरान लापरवाही पूर्वक नशे के हालत में तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलते पकड़े गये, कुल 24 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 तथा धारा 3/181 के तहत उचित वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा क्रमशः 5000/ रुपये, तथा 5000+5000=10000/ रुपये, का अलग-अलग प्रकरणों में कुल जुर्माना 1,60,000/ रुपये किया गया है। यह कार्यवाही कबीरधाम जिले में लगातार जारी रहेगा। यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति नशा करते हुए या नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुये पकड़ा जाता है, तब वह अपने साथ दूसरों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहा होता है, जोकि कानूनन अपराध है। आमतौर पर वाहन चलाना बहुत से लोगों के लिए बेहद जरूरी होता है, क्योंकि इससे उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने में सुविधा और स्वतंत्रता महसूस होता है। एक जगह से दूसरी जगह जाने की सुविधा से जीने का तरीका आसान हो जाता है।

# नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 सितंबर को नगर पालिका परिषद कार्यालय में भी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित होने वाले मोबाइल मेडिकल यूनिट के टीम द्वारा स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई । इसके साथ ही शासन की विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरवाए गए। शिविर में नगर पालिका के अध्यक्ष शिबू नायर, स्वप्निल तिवारी समस्त पार्षद एवं एल्डरमैन, नगर पालिका परिषद द की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती शीतल चंद्रवंशी, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी उप अभियंता योगानन्द सोम स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा के साथ समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं नगर एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। शिविर के आयोजन में मोबाइल मेडिकल यूनिट 2 दलीराजहारा के टीम से डॉ. अजय जांगड़े , एएनएम लीना देवांगन, लैब टेक्नीशियन देवव्रत देवांगन फार्मासिस्ट सोमेंद्र नेताम ड्राइवर सुधीर सहारे का विशेष सहयोग रहा।

# प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने स्थानीय लोगों को आम आदमी पार्टी की गारंटी को बताया

## मौके पर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने ग्रहण की 'आप' की सदस्यता

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com






आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा चार दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। इसी क्रम में वो आज सक्ती में आयोजित गारंटी सभा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदहाली के लिए बीजेपी-कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर लताड़ लगाई। साथ ही मौके पर उन्होंने सैकड़ों स्थानीय लोगों को 'आप' की सदस्यता भी दिलाई।

सक्ती में आयोजित आम आदमी पार्टी की गारंटी सभा कार्यक्रम में संजीव झा ने सैकड़ों स्थानीय समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुझे आशा नहीं वरन विश्वास है कि आप लोग आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाते हुए मजबूती देंगे। छत्तीसगढ़ की प्रगति में योगदान देने के इरादे से प्रतिदिन प्रदेशवासी 'आप' में शामिल हो रहे हैं। साथ ही संजीव झा ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों का उत्साह बताता है, कि छत्तीसगढ़वासियों ने प्रदेश में बदलाव का मन बना लिया है। गौरतलब है कि 'आप' की गारंटी को डोर टू डोर कैंपेन और गारंटी सभा के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है। ट्रेंनिंग प्राप्त वालंटियर्स ग्राउंड लेवल पर पैम्फ्लेट के माध्यम से गारंटी कार्ड का संप्रेषण कर ही रहे हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी अरविन्द केजरीवाल की गारंटी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से भी लोगों को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया जा रहा है। शक्ति जिले की शक्ति विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश प्रभारी संजीव झा के द्वारा गारंटी कार्यक्रम का सामुदायिक भवन शक्ति में किया गया जिसमें दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश प्रभारी संजीव झा छत्तीसगढ़ वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिरी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रदेश सचिव विशाल केलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रकाश चंद्रा, लोक सभा अध्यक्ष दादूराम मनहर, जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर गबेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह गारंटी कार्यक्रम में अनुभव तिवारी ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन किया जहां पर यह देखने को मिला की विधानसभा अध्यक्ष माननीय चरण दास महंत के नजदीकी समझे जाने वाले तिवारी ने आम आदमी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी ग्रहण किया । जिसमें देखने वाली बात यह आई है कि जिस समय प्रेम शंकर गबेल आम आदमी पार्टी ज्वाइन किए थे उस समय सामुदायिक भवन शक्ति खचाखच भरी हुई थी, लेकिन अनुभव तिवारी के आने पर सामुदायिक भवन आधा भरा हुआ दिखाई पड़ा। कहा जाता है ,कि तिवारी माननीय चरण दास महंत के करीबी रहे जिन्हें कांग्रेस पार्टी से सम्मान नहीं मिलने पर आम आदमी पार्टी का रास्ता अपनाया और पार्टी को आगे बढ़ाने की तैयारी की और उच्च नेताओं से जाकर संपर्क किया और उनके कहने के अनुसार शक्ति में आज पार्टी ज्वाइन किया। शक्ति विधानसभा में आम आदमी पार्टी को ग्रहण लगते हुए नजर आ रहा है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता के जुबान में यह बात आई की जब से प्रेम शंकर गबेल ने पार्टी ज्वाइन किया उस समय से अब तक आम आदमी पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा था लेकिन आज अनुभव तिवारी के पार्टी ज्वाइन करने पर यह देखने को नहीं मिला प्रेम शंकर गबेल ने जब पार्टी ज्वाइन किया था तो सामुदायिक भवन खचाखच भरे हुए थे जबकि तिवारी के आने पर आधे अधूरे दिखाई दिए ।

# आगामी चुनाव के मद्देनजर धारदार हथियार हुए जप्त

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से धारदार व बटन दार चाकू तथा एयर पिस्टल मंगाने वाले के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान अपराधों की रोकथाम हेतु ऑनलाइन शॉपिंग साइट से मंगाए गए चाकू छुरी एवं अन्य धार दार उपकरणों तथा एयर पिस्टल को किया गया बरामद। साइबर सेल द्वारा विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर कुल 50 नग चाकू छुरी धारदार हथियार तथा 2 एयर पिस्टल बरामद किया गया। आगामी चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस जांजगीर चांपा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर रही है, इसी तारतम्य में अवैध रूप से धारदार हथियार बटन दार चाकू इत्यादि रखने वालों पर भी नजर रखी जा रही थी, चूंकि इस प्रकार के हथियारो से अपराध घटित करने एवं अनेक प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है। कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट से भी इस प्रकार के हथियार मांगे जाने की सूचना पर, साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर , ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त की गई, जिन्होंने इस प्रकार के हथियार मंगाए हैं , ऐसे लोगों से संपर्क कर उनके



हथियार बरामद किए गए, तथा उन सभी को इस प्रकार के हथियार मनाने का कारण पूछा गया, जिसमें कुछ लोगों द्वारा घरेलू कार्य एवं कुछ युवकों द्वारा फैशन के कारण इस प्रकार के डिजाइनर चाकू इत्यादि मंगाये थे। सभी को बरामद कर किया गया एवं इनके धारकों को समझाइश दिया गया तथा जिन लोगों ने ऐसा आर्डर कराया था , किंतु आर्डर रिसीव नहीं हुआ था, उन सभी के आर्डर कैंसिल कराए गए तथा आगे से इस प्रकार के हथियार नहीं मंगवाने की समझाइए दी गई। साइबर सेल द्वारा की गई इस कार्यवाही में लगभग 50 चाकू एवं 2 एयर पिस्टल बरामद किया गया है , जिसमें कुछ छोटी कुछ बटन दार चाकू भी शामिल है। उक्त बरामदगी अभियान के दौरान पाए गए कि मंगाया चाकू युवा वर्ग के लोग हैं जिसमें ज्यादातर 20 से 25 साल के युवाओं की संख्या अधिकतम पाई गई , इस हेतु पालक अभिभावकों से अपील की जा रही है कि अपने बच्चों को इस प्रकार के धारदार हथियार चाकू छुरी ना रखने समझाइश दे, उपरोक्त बरामद किया गया चाकू एवं एयरपिस्टल फ्लिपकार्ट, स्नैपडील तथा अन्य शॉपिंग साइट से मंगाए गए थे। भविष्य में भी अन्य शॉपिंग साइटों से संपर्क कर जानकारी मंगाया जाएगा, साथ ही लोकल विक्रेताओं से भी इस प्रकार के धारदार हथियार फैंसी चाकू छुरी बेचने पर पाबंदी लगाई जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल के उप निरीक्षक पारस पटेल, सउनि मुकेश पाण्डेय एवम् साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनटीपीसी सीपत में सावन उत्सव 'तीज महोत्सव' का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सीपत
www.dailypioneer.com




संगवारी महिला समिति, एनटीपीसी सीपत द्वारा सावन उत्सव 'तीज महोत्सव' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सी पद्मजा, अध्यक्षा, अर्पिता महिला समिति, रायपुर, एवं मधुमती राव, अध्यक्षा मैत्री महिला समिति कोरबा सम्मिलित हुईं। समिति की सदस्याओं ने अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा तिलक लगाकर किया। तत्पश्चात् अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सचिव, संगवारी महिला समिति ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्याओं का हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात् समिति के सदस्याओं द्वारा सुमधुर गीत-संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये गये। इस समारोह में तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने आकर्षक वेशभूषा पहनकर बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्याओं ने सावन गीतों के साथ झुलों का भरपूर आनंद लिया। तीज कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले रही प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने शिखा कुमार को तीज क्वीन घोषित किया जबकि निशा गुप्ता प्रथम उपविजेता तथा तमरेकर द्वितीय उप-विजेता रही। इस अवसर पर अर्चना पुजारी, अध्यक्षा, संगवारी महिला समिति ने अपने समिति के सभी सदस्याओं को इस आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान संगवारी महिला समिति के सभी सदस्याएं तथा मैत्री महिला समिति कोरबा की समिति सदस्या भी उपस्थित रही।

# आईएएस नूपुर राशि पन्ना ने ली टीएल मीटिंग सरकारी विभागों के कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



21 सितंबर को शक्ति जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा, शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य लंबित प्रकरणों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने प्रदेश सहित जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने पर किए जाने वाले आवश्यक कार्यों की जानकारी देते हुवे जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्वाचन सहित अन्य समन्वय वाले कार्यों के लिए सभी संबंधित विभागो को आपसी समन्वय से बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए है, समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान केंद्र स्थल परिवर्तन के प्रपोजल सहित जिले के मतदान केंद्रों के लिए बनाए गए रूटचार्ट अनुसार कौन से रूट में किस तरह की गाड़ीया जैसे बस, मिनीबस, जीप, कार आदि गाड़ी सुगमता से जा सकती है की जानकारी उपलब्ध कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने पर संबंधित विभागो को तत्काल उन्हें रिलीफ करते हुवे संबंधित कार्यस्थल पर भेजे जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सभी संबंधित अधिकारियों को अवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर ने जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाने के लिए मतदान केंद्रों की संपूर्ण व्यवस्था, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन के वैधानिक दायित्व का निर्वहन, नामनिर्देशन, मतदान सामग्री प्रभारी, मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री वापसी, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करना, पोस्टल बैलेट पेपर एवं सर्विस वोटर्स हेतु ईटीपीबी तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का संपूर्ण व्यवस्था, रूट चार्ट, जोन सेक्टर का निर्धारण एवं मानचित्र निर्माण, अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध कराना, मतदान दल एवं मतगणना दल का गठन सहित चुनाव संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को बिना किसी लापरवाही के पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# अड़भार में स्वच्छता कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हुई पहल





पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत के स्वच्छता मित्रों, स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनसे निर्धारित फार्म भरवारा गया, साथ ही इस अवसर पर नगर पंचायत द्वारा जहां स्वच्छता मित्रों का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया एवं उनके स्वास्थ्य जांच की गई तो वहीं इस स्वास्थ्य शिविर में सफाई मित्र, सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे,नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के निर्देशानुसार सफाई प्रभारी विकास देवांगन द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े को विशेष रूप से पूरे शहरी क्षेत्र में किया जा रहा है, एवं शासन के दिशा- निर्देश पर इस विशेष पखवाड़े में जहां स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने का अभियान चल रहा है, तो वहीं शहर को और अधिक साफ सुथरा बनाने की दिशा में भी स्वच्छता मित्र लगे हुए हैं।

# सक्ति पहुंची आईसेक्ट की कौशल विकास यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा 22-09-2023 को सक्ती शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस कौशल विकास यात्रा का स्वागत कियाइस मौके पर आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर नाका चौक सक्ती जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सक्ती तथा गुंजन स्कूल पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया, जिसमें यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया,इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है,और डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे,इस दौरान आईसेक्ट कम्प्यूटर सेंटर सक्ती आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे- पीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए विषय विषेषज्ञों ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस, इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रापोर्टल, NEEM/ NAPS इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया, ज्ञात हो कि 18 सितंबर से शुरू होने वाली यह यात्रा 25 राज्यों के 300 जिलों तक पहुंचेगी जहां इसमें आईसेक्ट-एनएसडीसी पार्टनरशिप में संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी और आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सेज से छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। साथ ही आईसेक्ट के अंतर्गत फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है।

# शक्ति जिले में हुए 12 पुलिस अधिकारी, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के तबादले

**सक्ति।** शक्ति जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस एम आर अहिरे ने 21 सितंबर 2023 को जिले के पुलिस प्रशासन में और कसावट लाने की दिशा में उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के तबादले किए हैं, जिसमें उप निरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह को रक्षित केंद्र से थाना जैजैपुर, उप निरीक्षक जवाहरलाल राठौर को रक्षित केंद्र से थाना हसौद, प्रधान आरक्षक देव कुमार बरेठ को थाना मालखरौदा से थाना नगरदा, प्रधान आरक्षक फलेंद्र मनहर को थाना डभरा से थाना शक्ति, प्रधान आरक्षक फूलचंद पलंग को रक्षित केंद्र से थाना डभरा, आरक्षक प्रवीण राज को थाना जैजैपुर से रक्षित केंद्र, आरक्षक गणेश कंवर को रक्षित केंद्र से थाना शक्ति, श्याम गबेल को रक्षित केंद्र से थाना शक्ति, दीपक बंजारे रक्षित केंद्र से थाना शक्ति, अफसा परवीन थाना शक्ति से रक्षित केंद्र, संतोष गबेल थाना चंद्रपुर से थाना डभरा एवं तपेश्वर कटकवार को थाना शक्ति से थाना बाराद्वार भेजा गया है।


कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती (छत्तीसगढ़)
-: आदेश :-

| क्र. | पदनाम | नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|---|
| 01 | उप निरी. | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 02 | उप निरी. | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 03 | प्र.आर. 327 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 04 | प्र.आर. 14 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 05 | प्र.आर. 387 | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 06 | आर. 342 | [illegible] | [illegible] | रक्षित केंद्र |
| 07 | आर. 204 | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 08 | आर. 403 | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 09 | आर. 360 | [illegible] | रक्षित केंद्र | [illegible] |
| 10 | म.आर. 279 | [illegible] | [illegible] | रक्षित केंद्र |
| 11 | आर. 135 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 12 | आर. 186 | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

# विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष एवं शिक्षा अधिकारियों ने किया निर्माण स्थल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग के प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा माध्यमिक मद से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अड़भार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु करीब 15 लख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, तथा शक्ति जिले की कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना ने शिक्षा विभाग को निर्देश जारी कर उपरोक्त निर्माण के स्थल का चयन करने एवं प्रारंभिक व्यवस्थाएं बनाने आदेशित किया था, जिस पर 21 सितंबर को नगर पंचायत अड़भार के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग के साथ मालखरौदा विकासखंड की खंड समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन सविता त्रिवेदी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अरुण सिंह सिदार,छबि राठौर,योगेंद्र कर्ष एवं विकास देवांगन ने कलेक्टर शक्ति के निर्देश पर उपरोक्त स्थल का निरीक्षण किया तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों से चर्चा कर उपरोक्त निर्माण की स्वीकृति प्राप्त की तथा अड़भार शहर को निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विधायक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हो रही है,तथा नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि विधायक जी के प्रयासों से हमें निरंतर शिक्षा के मामले में अभूतपूर्व सौगात मिल रही है, जिससे हमारे शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक बेहतर शिक्षा मिलेगी एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण से जहां जगह की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा वहीं आने वाले समय में इस निर्माण से शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक विकास होगा तथा विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा की शक्ति जिले की कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि शिक्षा विभाग के संस्था प्रमुख उपरोक्त स्थल का चयन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि उपरोक्त जगह जो प्रस्तावित है वह विवादित ना हो।

## सोननदी नदी किनारे बनवा रहे विशाल शिव मंदिर महा शिवरात्रि को लगता हैं मेला

# भोलेनाथ की ऐसी कृपा की कानपुर से खींच ले आई जांजगीर चांपा

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर से लगे हुए सोन नदी किनारे बेलकर्री घाट में बन रहा एक बड़ा शिव मंदिर है जो की क्षेत्र में मशहूर है. इस मंदिर का प्रांगण काफी सुंदर बना रहा है।

इतिहास की बात करें तो करीब 4 साल पहले मंदिर की स्थापना बाबा परविंदर सिंह के द्वारा हुई थी. इस मंदिर की स्थापना महाशिवरात्रि पर्व पर हुई थी

### मंदिर का इतिहास

मंदिर के स्थापक करीब 13 साल पहले 28 अगस्त 2010 में बेलकर्री घाट आए थे । मंदिर के स्थापक कानपुर के रहने वाले थे जिनका नाम परविंदर सिंह है जो की गुरु मनमोहन हरि के शिष्य है, उन्होंने बताया को वे 40 दिन के ध्यान के लिए एक विशेस स्थान ढूंढ रहे थे जिसकी तलास में वे सोन नदी के तट किनारे बेलकर्री घाट पहुचे बाबा ने बताया की मंदिर बनवाने का उनका कोई मकसद नहीं था यह भोले नाथ की कृपा है जिनकी वजह से मंदिर निर्माण करवाने का विचार उनके मन में आया और यह मंदिर सकुशल निर्माण हो रहा है ।



### स्थान ढूंढने हेतु आवागमन करते थे सैकड़ों किलोमीटर

दरअसल बाबा ने बताया को जब वे ध्यान करने के लिए विशेष स्थान ढूंढ रहे थे तब वे अमृतसर, कश्मीर, अंबाला, सहित कई जगहों गए पर उन्हे वह स्थान ध्यान के लिए सही नही लगा फिर वे पुरी जाने के लिए जांजगीर चांपा होते हुए जब बाराद्वार पहुंचे उन्होने ट्रेन छोड़ शिवरीनारायण के लिए निकले वहा से वह स्थान के तलास में घूमते घूमते सोन नदी के किनारे किनारे अंततः सोननदी के किनारे पोडीशंकर बेलकर्री घाट पहुंचे ।

मंदिर प्रांगण में 13 साल से हर महाशिवरात्रि पर बाबा करवाते है भंडारा जहा बाबा ने ध्यान हेतु स्थान चुना वहा पहले से नदी किनारे सोन मंदिर स्थित थी वहा बाबा लगभग 13 साल से भंडारा करवाते आ रहे है फिर कोरोना काल से 2020 में बाबा ने वहा मंदिर बनवाना शुरू कर दिया जिसकी निर्माण अभी भी प्रारंभ है बाबा ने बताया मंदिर निर्माण हेतु आस पास के क्षेत्रों से काफी सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिससे मंदिर बनने में मदद मिल रही है ।

### धूम धाम से किया जाता है पूजा अर्चना

निर्माणाधीन मंदिर में हर महाशिवरात्रि शुभ पर्व पर मेला का आयोजन किया जाता है आस पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग मंदिर पहुंचते है और शिव जी के दर्शन से भक्तो का मन प्रफुल्लित हो उठता है महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में महाआरती के पश्यात भंडारे का शुभारंभ किया जाता है।

# आरोपियो की गिरफ़्तारी के संबंध में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जारी दिशा निर्देशों में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




आरोपियो की गिरफ़्तारी के संबंध में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जारी दिशा निर्देशों के संबंध आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष में सभी महत्वपूर्ण अपराधों में विवेचना का स्तर सुधारने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, सत्र न्यायाधीश, तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के मुख्य आतिथ्य में हुआ विवेचकों का प्रशिक्षण आबकारी विभाग के सभी अधिकारी व लोक अभियोजन अधिकारीगण भी हुए कार्यशाला में सम्मिलित 07 वर्ष अथवा 07 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान है उन प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरनेश कुमार वि. बिहार राज्य के प्रकरण में निर्णय पारित किये गये है जिसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### विवेचना में हो रही त्रुटियो और आ रही दिक्कतों पर हुई चर्चा और दिया गया मार्गदर्शन

21 सितंबर दिन गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभा कक्ष जांजगीर में आरोपियो की गिरफ़्तारी के संबंध में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जारी दिशा निर्देशों के संबंध आयोजित की गई कार्यशाला विषय पर विवेचकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, सुरेश सोनी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने अपने उद्बोधन में बाल अपराध, पाक्सो एक्ट, एन. डी. पी. एस. एक्ट, सायबर क्राइम के संबधित अपराध विवेचना में जानकारी देते हुए आरोपियों के गिरफ्तार करने के संबंध में विवेचना में होने वाली त्रुटियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सर्व विजय अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर ने अपने उद्बोधन में बिना और वारंट के बिना किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है के संबंध में जानकारी दिया गया तथा 07 वर्ष अथवा 07 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान है उन प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपीलार्थी अरनेश कुमार वि. बिहार राज्य के प्रकरण में निर्णय पारित किये गयें है जिसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है फैसले में गिरफ्तारी की शक्ति का प्रयोग करते समय व्यक्ति गत स्वतंत्रता और सामाजिक व्यवस्था के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जोर दिया गया। किसी को गिरफ्तार करते समय, पुलिस कर्मियों को सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि गिरफ्तारी स्वतंत्रता को सीमित करती है, अपमान प्रदान करती है और स्थायी निशान छोड़ जाती है। इसके अतिरिक्त , विवेचना अधिकारियों को अरनेश कुमार दिशानिर्देशों के बारे में पालन करना और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया।

# चुनाव नजदीक आते ही भाटापारा क्षेत्र में नेताओं की धड़कने बढ़ी

पायनियर संवाददाता ᐸ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे भाटापारा के नेताओं के दिलों की धड़कन बढ़ती जा रही है 2023- 24 के विधानसभा को लेकर जहां भाजपा निश्चिंत है वहीं कांग्रेस पार्टी में टिकट को लेकर 52 आवेदन आए हैं जिसे केंद्रीय एवं प्रादेशिक नेताओं में रायशुमारी का दौर चल रहा है वही आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, सर्व आदिवासी समाज, जन चेतना पार्टी आदि पार्टियों में भी प्रत्याशियों को लेकर कवायत चल रही है कांग्रेस पार्टी में मुख्य रूप से अमित राधेश्याम शर्मा के नाम पर क्षेत्र में चर्चा हो रही है वहीं सर्वे में अमित शर्मा का नाम प्रमुख है वहीं कांग्रेस अपनी परंपरागत सीट को वापस लाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी जिसके लिए अलग-अलग सर्वे पार्टी द्वारा कराए जा रहे हैं जिसमें अमित राधेश्याम शर्मा का नाम प्रमुखता से आ रहा है शर्मा पूर्व विधायक स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा के सुपुत्र हैं जिनका कार्यकाल गरीब मजदूरों के लिए स्वर्णिम कार्यकाल था जिसमें कार्यकर्ताओं को काफी महत्व मिलता था और और क्षेत्र की जनता उनके जैसे विधायक की कल्पना नहीं कर पा रही स्वर्गीय शर्मा के चलते इस क्षेत्र में अनेक बेरोजगारों को सहकारी बैंकों में नौकरी मिली वहीं उनके कार्यकाल में अनेक गांवों में बिजली एवं पहुंच मार्ग बनाए गए जिसके चलते उनके बड़े बेटा राजेश शर्मा यहां से जिला पंचायत का चुनाव जीते तथा उनके छोटे बेटे ने दतरेंगी से जनपद सदस्य बनकर 2010-15 में भाटापारा जनपद के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए और जो उनके नक्शे कदम पर चलते हुए अपने कार्यकाल में भाटापारा के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कांक्रीटीकृत सड़कें, आवास, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, राजीव गांधी समरसता भवन, चेक डैम, नए तालाब बनवाए जिसके चलते क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हुए अमित राधेश्याम शर्मा पूर्व में युवक कांग्रेस का चुनाव भी लड़ा जिसमें वह प्रदेश सचिव बने और युवाओं में भी यह काफी लोकप्रिय हुए और उनके पास युवाओं की जो टीम है वो और किसी दावेदार के पास नहीं अमित शर्मा ने भाटापारा क्षेत्र के अलावा सिमगा क्षेत्र में भी काफी काम किया है वह दामाखेड़ा समिति से बैंक प्रतिनिधि का चुनाव जीत कर गए तथा यहां के किसानों में अपनी अलग ही पैठ रखते हैं अमित राधेश्याम शर्मा से जब हमारे संवाददाता मिलने गए तब भी ग्रामीण अंचल के अनेक व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर बैठे हुए थे शर्मा ने पूछने पर बतलाया कि मुझे अपने पिता स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा से प्रेरणा मिलती है और मैं समस्या लेकर आने वाले व्यक्तियों से स्वयं मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करता हूं क्योंकि मेरे पिता इस क्षेत्र के विधायक थे और उनके किए कार्यों का लाभ एवं जनता का विश्वास मैंने बनाए रखा है इन कार्यों में मेरे बड़े भाई जो की भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रहे राजेश शर्मा का भी मुझे मार्गदर्शन प्राप्त होते रहता है शर्मा ने बतलाया कि वह गुटबाजी से हटकर कांग्रेस के प्रत्येक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं तथा समय-समय पर कांग्रेस के विचारों एवं रीती नीतियों को लेकर पदयात्रा, जनसंपर्क गांव-गांव करते रहते हैं उन्होंने बूथ चलो अभियान घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस आदि कार्यक्रमों को लेकर पूरे विधानसभा का दौरा किया सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर उनका प्रचार वाहन पूरे विधानसभा में घूम रहा है जब हमारे संवाददाता ने पूछा कि कांग्रेस में 52 व्यक्तियों ने टिकट मांग की है इसे आप किस प्रकार देखते हैं तो अमित शर्मा ने बड़ी सहजता से कहा कि कांग्रेस एक बड़ा परिवार एवं लोकतांत्रिक पार्टी है इसमें दावेदारी करने का अधिकार सभी को है लेकिन जिसे भी टिकट मिलेगी उसे जितवाने का कार्य सभी कांग्रेस जन करेंगे शर्मा ने पूछने पर कहा की आने वाले समय में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, किसानों की खुशहाली, बिजली बिल हाफ योजना,20 कुंटल धान खरीदी, कर्ज माफी, आत्मानंद स्कूल शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी भत्ता लगभग सभी क्षेत्रों में सरकार ने अच्छा कार्य किया है जिसके चलते कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम इस बार भाटापारा विधानसभा में जरूर कांग्रेस का परचम लहराएंगे।

# कुत्ते के दौड़ाने के दौरान बच्ची गिरी कुंए में, मौत

पायनियर संवाददाता ᐸ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



सूरजपुर जिले के सतपता में आवारा और पागल कुत्ते की वजह से एक सात साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। हुआ यूं कि कुत्ते ने बच्ची को दौड़ाया तो वो डर कर भागी. इसी दौरान वो गड्ढे नुमा कुंए में जा गिरी। 3 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला लेकिन उस बच्ची को बचाया नहीं जा सका। ये हादसा गुरुवार शाम को हुआ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सतपता की रहने वाली सात साल की जीनत खानम गुरुवार शाम को मदरसे से पढ़ाई के बाद घर लौट रही थी. मदरसा में उसकी बड़ी बहन भी साथ में पढ़ती है। तभी रास्ते में एक पागल कुत्ते ने उन्हें दौड़ा दिया। बड़ी बहन तो बच गई लेकिन जीनत भागने के दौरान गड्ढे नुमा कुएँ में गिर गई। बड़ी बहन ने घरवालों और पड़ोसियों को घटना के बारे में बताया तो लोगों ने विश्रामपुर थाने को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस और नगर सेना के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। करीब 3 घंटे के बाद जीनत की बॉडी मिली। उसे बचाया नहीं जा सका।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन




**मुंगेली** । नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर छत्तीसगढ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुंगेली सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में अरुण साहू राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्लांक मुंगेली के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल ट्रैनिंग एकेडमी मुंगेली के छात्र-छात्राओ के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा हाथ में मिट्टी और कलस लेकर पंचप्रण सपथ लिया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा कलस में मिट्टी इकठ्ठा कर देश के प्रतिभक्ति भावना को जागृत किया गया । इसके साथ हि पंच प्रण का शपथ दिलाया गया। और सभी को इस शपथ का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

# बैग लेस डे पर सभी बच्चे अब एक ही यूनिफॉर्म में दिखेंगे

पायनियर संवाददाता ᐸ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व माध्यमिक शाला तिवरागुड़ी में कुमारी ममता वर्मा शिक्षिका के द्वारा अपने बड़े भाई स्वर्गीय महेश कुमार वर्मा के स्मृति में विद्यालय में दर्ज समस्त बच्चो को टी शर्ट का वितरण किया गया। जिसका उपयोग बैग लेस डे शनिवार को सभी बच्चे एक ही यूनिफार्म में पहुंच के योग आदि गतिविधियों को विद्यालय में करेंगे। इस अवसर पर पंडित भारद्वाज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पीतांबर सिंह संकुल प्राचार्य, घनश्याम दुबे बीआरपी, दीवान सिंह जन शिक्षक, संत लालयादव प्रधान पाठक के उपस्थिति में संपन्न हुआ। संकुल प्राचार्य मरावी ने ममता वर्मा के सोच व कार्य की सराहना करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आकर अध्ययन करने की सलाह दी, घनश्याम दुबे ने इस तरह की सुविधा शासकीय स्कूल के बच्चों को मिलने से बच्चों का उत्साह बढ़ेगा तथा बच्चे उत्साहित होकर पढ़ेंगे एवं गुणवत्ता का विकास होगा। पंडित भारद्वाज ने कुमारी ममता वर्मा के पदस्थ से ही नवाचार कर विद्यालय को सुसज्जित करने, पुस्तकालय की व्यवस्था करने, बागवानी की व्यवस्था करने, शून्य नवाचार कर अध्यापन कर बच्चों के गुणवत्ता सुधार हेतु किए गए प्रयास की सराहना की तथा उनके द्वारा बैगलेस डे को किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों हेतु यूनिफॉर्म हेतु टी-शर्ट प्रदान करने की इच्छा शक्ति की सराहना की व विद्यालय में पदस्थ समस्त शिक्षकों से आह्वान किया कि अब विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की पदस्थापना हो गई है, सभी शिक्षक नियमित अध्यापन कर बच्चों के गुणवत्ता स्तर में सुधार लाएं। बच्चों को कहा कि आपके पढ़ने-बढ़ने का पूरा अवसर है आपके लिए खुला आसमान है मेहनत करे लक्ष्य निर्धारित करने का प्रयास करे। इस अवसर पर शिक्षक ईश्वर प्रसाद डड़सेना, दीप्ति कंवर, मिलन सिदार उपस्थित रहे। सभी बच्चे प्रसन्न थे और उत्साहित होकर योग, व्यायाम एवं शैक्षिक गतिविधियों को करने हेतु संकल्पित दिखे।

# भाजपा नेताओं को परिवर्तन यात्रा के बाद पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए : वेंकटेश सिंह

पायनियर संवाददाता ᐸ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



युवा कांग्रेसी नेता वेंकटेश सिंह ने भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के नाम पर दिए गए दावों को खोलते हुए कहा कि, इसके बजाय भाजपा के नेताओं को पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए। इस परिवर्तन के नाम के पीछे के झूठ को उजागर करते हुए सिंह बोले की छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षो तक भाजपा को मौका दिया, लेकिन रमन सिंह की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा दिया है। सिंह ने कहा, अब छत्तीसगढ़ की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती है और चीख चीख कर कह रही है भूपेश है तो भरोसा है, और बदलाव की दिशा में आगे बढ़ो, लेकिन दिल्ली में बैठे मोदी सरकार ला बदलने के है कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के लिए भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती और उन्हें परिवर्तन यात्रा में आकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छवि जनता से छल करने वालों और जुमलेबाजों के रूप में हो चुकी है। अरुण साव भले ही स्वीकार करें या न करें, जनता के रिपोर्ट कार्ड में और गूगल में सब कुछ दर्ज है। अरुण साव गूगल में सिर्फ झूठा या झूमलेबाज लिखकर तस्दीक कर ले, झूठा, भ्रम, गलत बयानबाजी और वादाखिलाफी का रिकॉर्ड भाजपा का है। व्यंकटेश सिंह ने रमन सिंह की 15 साल की सरकार के दौरान किए गए कई वादों का स्पष्टीकरण किया, और कहा किसानों को धान का समर्थन मूल्य और बोनस नहीं दिए जाने का आरोप, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करने का आरोप और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को उनकी जल-जंगल-जमीन के अधिकार से वंचित करने का आरोप। वह इसे बताते हैं कि, 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था, लेकिन 15 साल के सरकार में रहते रहते रमन सिंह को यह वादा7 निभाने का मौका नहीं मिला। सिंह ने जोर दिया कि, छत्तीसगढ़ में अब भूपेश की सरकार ने जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने में सफ्लता पाई हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सिंह ने आगे कहा कि, भूपेश सरकार ने तो वादे से ज्यादा करके दिखाया है। रमन राज में जो 3 हजार से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए थे, उन्हें भूपेश सरकार ने पुनः शुरू कराया है।

# युवा कांग्रेस कोरिया का कार्यकर्त्ता सम्मेलन आज

पायनियर संवाददाता ᐸ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र ए आई सी सी डाटा कोऑर्डिनेटर, सरगुजा रेड क्रॉस सोसायटी प्रेसिडेंट एवं सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मुजस्सम अली, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिमेष सिंह, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व युवा कांग्रेस कोरिया जिला प्रभारी प्रीतिका विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व यूंका कोरिया जिला सह-प्रभारी विष्णु सिंहदेव, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीव सिंह काजू के मार्गदर्शन व सभी की उपस्तिथि में युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमे सभी जिला युवा कांग्रेस कोरिया/ विधानसभा/ ब्लॉक एवं पुर्व में रहे पद में रहे पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी/ जिला/ विधानसभा/ ब्लॉक पदाधिकारी आप सभी सादर आमंत्रित हैं। बैठक जिला कांग्रेस कमेंटी कार्यालय, राजीव भवन बैकुंठपुर में शनिवार कों दोपहर 01 बजे से शुरू होगी। उक्त जानकारी राम सजीला यादव जिलाध्यक्ष- युवा कांग्रेस कोरिया एवं संतोष सूर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष- युवा कांग्रेस कोरिया द्वारा दी गई है।

# आरजू ने घरेलू उपकरणों की ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीदारी के लिए गोस्टोर डॉट कॉम को किया लांच



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

आरजू ने गोस्टोर डॉट कॉम लांच करके ऑनलाइन और आफ़लाइन उपभोक्ताओं को एक नया मंच प्रदान किया है। इससे घरेलू उपकरणों की ऑनलाइन विक्री के साथ-साथ 30 हजार से अधिक ऑफ लाइन रिटेल दुकानदारों को फायदा होगा। त्योहारों के सीजन में इस प्लेटफार्म के माध्यम खरीदारों और ऑफलाइन रिटेल दुकानदारों के बीच के संबंध को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। गोस्टोर ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे घरेलू उपकरणों की खरीदारी के अनुभव को शानदार बनाने के लिए ही डिजाइन किया गया है। यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को सही उत्पाद के चुनाव के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से विशेषज्ञ सहायता भी प्रदान करता है। गोस्टोर द्वारा खरीदे गये प्रत्येक घरेलू उपकरण की बिक्री के बाद भी सर्विस भी उपलब्ध कराता है। खरीदे हुए सामान को स्टॉल करने के अलावा खरीदार इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी भी उपकरण के खराब होने के बाद कभी भी अपने घर पर उसकी रिपेयरिंग के लिए आवेदन कर सकता है। अधिक मूल्य वाले सामानों की ऑनलाइन खरीदारी से संबंधित कुछ प्रासंगिक मुद्दों को हल करने के अलावा, यह प्लेटफॉर्म अपनी प्रमुख सेवाओं जैसे खरीदारी से पूर्व प्रोडक्ट का लाइव प्रदर्शन, खरीदारी के बाद सर्विस की सुविधा के साथ-साथ गोस्टोर डॉट कॉम बेटर प्राइस गारंटी की एक खास सुविधा भी प्रदान करता है, जिसमें यदि किसी ग्राहक को कोई उत्पाद दूसरे प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन मिलता है, तो आप उस वेबसाइट के उत्पाद के लिंक को साझा करके उसी प्रोडक्ट के लिए यहां पर दूसरी जगह से बेहतर कीमत प्राप्त कर सकते हैं।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में 57 लोगों ने रक्तदान किया



पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवामोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में 57 लोगों ने रक्तदान किया। भारतीय जनता युवामोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला,नगर भाजपा अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह, युवामोर्चा जिला प्रभारी शिवेंद्र सिंह, तरुण खाण्डेकर, सुनील पाठक, विक्रम सिंह लोरमी, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, कोटूमल दादवानी, संजय गोस्वामी,युवामोर्चा जिला महामंत्री द्वय अमितेश आर्य, माधव तिवारी ने भारतमाता, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने रक्तदान को जीवनदान महादान की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में से कुछ रक्त निकल जाने पर देने वाले का कुछ नुकसान नहीं होता बल्कि शरीर स्वस्थ रहता है वहीं जिस जरूरत मंद व्यक्ति को आपके द्वारा दिया गया रक्त मिल जाता है तो उसका जीवन बच जाता है। इससे ना केवल वह व्यक्ति बल्कि उसके पूरे परिवार की दुआएं मिलती है।

# संजीवनी स्टाफकी सूझबूझ से 108 एम्बुलेंस में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव

पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com



गर्भवती महिला खिलेश्वरी पति राजकुमार बंजारे के जीवन में नई खुशियां लेकर आई। संजीवनी स्टाफ की सूझबूझ से 108 एम्बुलेंस में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। मिली जानकारी अनुसार के लोरमी ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बैगाकांपा निवासी 24 वर्षीय गर्भवती महिला खिलेश्वरी बंजारे, पति राजकुमार बंजारे को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के पायलट सूरज धृतलहरे और ईएमटी दिलेश यादव गर्भवती महिला को लेकर हॉस्पिटल जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी, इस पर ईएमटी दिलेश ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए ईआरसीपी डॉ वजस की मदद लेते हुए उनके सलाहनुसार मितानिन की मदद और परिजनों की सहमति उपरांत एम्बुलेंस में प्रसव कराने का निर्णय लिया। इसके पश्चात एम्बुलेंस को सुरक्षित किनारे पर खड़ी की गई। तत्पश्चात ईएमटी ने मितानिन की मदद से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इसके बाद माँ और बेटे को जिला अस्पताल मुंगेली में एडमिट कराया गया। परिजनों ने सुरक्षित प्रसव हेतु 108 संजीवनी एक्सप्रेस टीम को धन्यवाद दिया।

# यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध पहल और आईपीई ग्लोबल संस्थापक सदस्यों के रूप में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए जी7 समर्थित प्रभाव निवेश पहल में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

21 सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय बैठकों के मौके पर आयोजित वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (ट्रिपल आई) के लॉन्च कार्यक्रम में, यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध हेल्थकेयर मिश्रित वित्त सुविधा और इसके तकनीकी सहायता इकाई, आईपीई ग्लोबल को 37 अन्य अग्रणी संगठनों के बीच संस्थापक सदस्यों के रूप में घोषित किया गया। टुवर्ड मोर रेसिलिएंट, इक्वीटेबल एंड सस्टेनेबल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज बय 2030 कार्यक्रम जापान सोसाइटी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर आयोजित किया गया था, और इसमें यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फ ुमियो किशिदा, गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स और जी7, जी20, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, यूनिसेफ और गावी के प्रतिनिधियों ने भाषण दिया। मुख्य वक्ताओं ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ट्रिपल आई के गठन की सराहना की और इसका उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देना, निजी क्षेत्र के निवेश को जुटाना और स्वास्थ्य देखभाल वितरण में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता में सुधार के लिए प्रभाव उपकरणों का लाभ उठाना है। भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी के लिए डायग्नोस्टिक उपकरणों और टीकों की व्यापक पहुंच के महत्व पर जोर दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की भूमिका और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मजबूत और सुसज्जित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। जी7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में जी7 नेताओं द्वारा समर्थित ट्रिपल आई पहल का उद्देश्य प्रभाव निवेश का उपयोग करके वैश्विक स्वास्थ्य में अधिक से अधिक निजी निवेश जुटाने के लिए विभिन्न विकास वित्तीय संस्थानों, सार्वजनिक विकास बैंकों, निजी कंपनियों और अन्य संगठनों की ताकत को संयोजित करना है। अंतिम लक्ष्य निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कमजोर और वंचित समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक न्यायसंगत और किफायती पहुंच बनाना है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक एटीएम पर यूपीआई का उपयोग करके इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल में अग्रणी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की, जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रक्रिया-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय, स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाता है। बैंक को इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल सेवा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो अपने एटीएम नेटवर्क पर यूपीआई का उपयोग करती है। यह मई 2022 में भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश के अनुरूप है, जिसमें सभी बैंकों से अपने एटीएम पर इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल विकल्प प्रदान करने का आग्रह किया गया है, और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस आदेश को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। ICCW सेवा उन बैंक ग्राहकों को सशक्त बनाती है जो यूपीआई पर सक्रिय हैं, वे डेबिट कार्ड की आवश्यकता के बिना, UPI-ATM - ICCW लेनदेन के लिए निर्दिष्ट उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एटीएम से आसानी से नकदी निकालने में सक्षम बनाते हैं।विशेष रूप से, यह अभूतपूर्व सेवा न केवल उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को बल्कि अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी सुविधा प्रदान करती है जो अपने मोबाइल पर बीएचआईएम उत्कर्ष, बीएचआईएम यूपीआई, या किसी अन्य आईसीसीडब्ल्यू-सक्षम यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। यह एक रोमांचक विकास है जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# निरमा ने करीब 7,500 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफसाइंसेज में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



एक सफ्ल बोली में, निरमा ग्रुप ने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड से लगभग 7,500 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया है। ये करार क्लोजिंग एडजस्टमेंट्स (समापन समायोजन) के तहत है। निरमा सेबी विनियमों के अनुसार एक अनिवार्य ओपन ऑफर करेगी। यह अधिग्रहण कस्टमरी रेगुलेट्री अनुमतियों के तहत है। इस अधिग्रहण के साथ, निरमा ग्रुप एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई) प्लेटफॉर्म में प्रवेश कर रहा है और इंजेक्शन, पैरेंटल और आई केयर उत्पादों सहित फार्मास्यूटिकल्स पोर्टफोलियो में अपनी मौजूदा उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। यह ट्रांजेक्शन मार्च 2023 में समूह द्वारा स्टेरिकॉन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के बाद इस साल दूसरा अधिग्रहण है। ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड मुख्य रूप से एपीआई के डेवलपमेंट, निर्माण और मार्केटिंग के बिजनेस में कार्यरत है। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में विभिन्न थेराप्यूटिक सेग्मेंट्स शामिल हैं, जिनमें कार्डियोवैस्कुलर (सीवीएस) रोग, सेंट्रल नर्वस सिस्टम (सीएनएस) डिसऑर्डर्स, मधुमेह, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल हेल्थ, ऑन्कोलॉजी, दर्द प्रबंधन और एंटी-इंफैक्टिव्स शामिल हैं। कंपनी की विनिर्माण सुविधाएं भारत में अंकलेश्वर, दहेज, मोहोल और कुरकुंभ में स्थित हैं और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधाएं महापे, अंकलेश्वर और दहेज में स्थित हैं। कंपनी चिंचोली, सोलापुर में एक एपीआई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित करने की प्रक्रिया में भी है।

# महिला आरक्षण बिल का छ.ग.केशरवानी महिला सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ᐸ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ केशरवानी महिला सभा के प्रदेश अध्यक्ष विभा विजय केशरवानी ने लोकसभा में केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण अधिनियम का स्वागत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक लाकर प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने मातृशक्ति को सम्मानित किया है। इसके पारित होने से एक नए युग की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने जी 20 में महिलाओं के नेतृत्व वाली प्रगति का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। महिला सशक्तीकरण दूसरे दलों के लिए राजनैतिक मुद्दा हो सकता हैं,लेकिन उनकी पार्टी और पीएम मोदी के लिए यह राजनैतिक नहीं,बल्कि मान्यता का मामला है। महिला आरक्षण बिल में महिलाओं के लिए लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसद या एक तिहाई रिजर्वेशन के लिए प्रस्ताव है। 33 फीसद कोटे में से एक तिहाई सीटों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के आरक्षण की भी बात कही गई है। विधेयक में यह भी प्रस्ताव दिया गया है कि हर आम चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में आरक्षित सीटों पिछले साल दिसंबर में सरकार की ओर से पेश किए गए डेटा के मुताबिक, मौजूदा समय में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 78 है,जो कुल सांसदों की संख्या का 15 फीसद है वहीं, राज्यसभा में 14 प्रतिशत महिला सांसद हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला. कबीरधाम छ.ग.

### // निविदा //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिये मुहरबंद निविदाएँ 2 लिफाफा पद्धति से (एक अमानत राशि से तथा दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा) पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र- ए में सक्षम श्रेणी के ठेकेदार से 02 लिफाफा पद्धति से (तकनीकी एवं वित्तीय बीड) लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/छ.ग. गृह निर्माण मण्डल/पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत अभिस्वीकृतियुक्त डाक, स्पीड पोस्ट, हाथो-हाथ निविदा आमंत्रित हैः-

**निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि - दिनांक 14/09/2023 से 05/10/2023 तक**
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 06/10/2023 के शाम 04:00 बजे तक।**
**निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 06/10/2023 के शाम 05:00 बजे तक।**

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्यस्थल एवं कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा कर की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 299/23 | थाना झलमला में 01 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक निर्माण कार्य | ₹ 9,04,000/- | ₹ 6,780/- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' अथवा उससे अधिक |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु ₹ 1,000/- की राशि का चालान पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नाम से 'लेखा शीर्ष 0055 पुलिस, उप शीर्ष-800 अन्य प्राप्तियाँ' के नाम से स्वीकार्य होगा। निविदा कार्य की अवधि वर्षा ऋतु सहित कार्यादेश तिथि से होगी। शेष अन्य जानकारी/शर्तें भी इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

G-05614/4

# पुलिसिया संरक्षण में जिलेभर में पनप रहा कबाड़ियों का अवैध कारोबार

## पुलिस के नाक के नीचे अवैध धंधा, नहीं लग रहा लगाम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अवैध शराब की बिक्री, जुए के फड के साथ साथ पुलिस महकमे ने जिलेभर के कबाड़ियों को भी संरक्षण दे रखा है। राजनांदगांव, मोहला मानपुर चौकी व खैरागढ़ जिले में भी पुलिस के संरक्षण में कबाड़ियों का अवैध कारोबार जोरों से चालु है जिस पर किसी भी प्रकार का कोई लगाम लगा पाने में पुलिस नाकाम नजर आती है । हालात यह हैं कि कबाड़ी बेखौफ होकर अपनी दुकान चला रहे हैं और शिकायतों के बाद भी पुलिस खामोश बैठी है। इस मामले को लेकर अब आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

शहर सहित जिले के कई स्थानों पर कबाड़ियों की दुकान संचालित हो रही है। इन दुकानों में चोरी का सामान सहित अन्य संदिग्ध सामानों का आसानी से खरीदी बिक्री होने की लगातार जानकारी सामने आती है लेकिन पुलिस के पास इन दुकानों की जांच करने की फुर्सत नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश कबाड़ी दुकान पुलिस के संरक्षण में चल रहे हैं जिसके लिए बाकायदा उन्हें महिनाबन्दी रकम भी दी जाती है। तीनों जिले के आंकड़ों पर जाएँ तो तक़रीबन तीन दर्जन से भी अधिक कबाड़ के व्यवसायी हैं। जो बेरोकटोक बेखौफ कारोबार कर रहे हैं। इन पर किसी का नियंत्रण नहीं होने से कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल, मोटर साइकिल एवं अन्य चोरियों के समान को बेधडक खरीद रहे हैं। इसके अलावा इस धंधे में लोहे के सामान घरेलू उपयोग के सामान सहित कई कीमती समान पानी के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीद कर करोड़ों कमाते हैं। जिसका कोई लेखाजोखा उनके पास नहीं रहता । पुलिस भी इनके काम में कोई हस्तक्षेप नहीं करती जिसकी वजह से ये अपना धंधा आराम से संचालित कर रहे हैं ।शहर के ज्यादातर कबाड़ी दूकान वाले सड़कों में सामान रखकर दुकानकारी करते आ रहे हैं। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है । वहीं इन दुकानों में कई संदिग्ध सामान रखे होने की जानकारी सामने आती है लेकिन पुलिस द्वारा न तो कबाड़ी दुकान की जांच की जाती है और न ही किसी तरह की कार्रवाई। इससे जाहिर होता है कि पुलिस के संरक्षण में ही कबाड़ी के कारोबारी बेखौफ अवैध धंधा चला रहे हैं। बीते कुश वर्ष पहले इन दुकानों की जांच में कई संदिग्ध सामान बरामद भी हुए थे लेकिन उसके बाद सब कुछ फिर से जैसे का तैसा चल रहा है ।

### शहर भर के कबाड़ियों को पुलिस का अभयदान

शहर के कंचनबाग, चिखली, बसंतपुर, ममता नगर सहित अन्य कबाड़ी दुकानों में राजनांदगांव, दुर्ग सहित आसपास के जिलों की पुरानी कंडम गाड़ियों का जखीरा अक्सर देखा जा सकता है । मौके पर ही बिना किसी डर के गैस कटर की सहायता से गाड़ियों की बाड़ी को काटने और कलपुर्जों को अलग करने का काम चलते रहता है। इस कबाड़ी दुकान के बाहर बिजली के तार को जलाकर कांसे को बाहर निकालने का काम भी हो रहा है और प्रदूषण फैलाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित धातुओं की भी खरीदी बिक्री शहर में की जा रही है लेकिन इस सबसे पोइल्स महकमे को कोई लेनादेना नहीं है । वो आँख मूंदे सब कुछ चलने दे रही है।

### जिले का सबसे बड़ा कबाड़ी का कारोबार चिचोला में

जिले में सबसे बड़े कबाड़ी का कारोबार चिचोला थाना के रानी तालाब में संचालित हो रहा है। कबाड़ी की आड़ में चोरी के सामान सहित अन्य संदिग्ध सामानों की खरीदी बिक्री की जाती है। कबाड़ी दुकान की आड़ में यहां पर जुआ व सट्टा का भी अवैध कारोबार किया जा रहा है। इन सबकी जानकारी चिचोला पुलिस को है लेकिन पुलिस ने संचालक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पूर्व में रानीतलाब के कबाड़ी दुकान में छापामार कार्रवाई किया था। इस दौरान कबाडी के दूकान से चोरी के सरिया, लोहा, टीन सहित अन्य संदिग्ध सामान बरामद हुए थे लेकिन उसके बाद से शायद समझौते का सौदा शुरू हो गया और अब तक व्यापार चालु है ।

# गीता घासी साहू ने अंबागढ़ चौकी मंडल के गांवों में किया जनसंपर्क

## भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से भी की मुलाकात



पायनियर संवाददाता < अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की विधायक प्रत्याशी गीताघासी साहू ने अंबागढ़ चौकी मंडल के विभिन्न गांवों कुसुमकसा, साल्हे कुसुमकसा, पेंदलकुही, ओटेबांधा, तिरपेमेटा, मक्के, लाताकोड़ो, हज्जुटोला, डोंगरगांव, कहाडकसा में जनसम्पर्क कर आशीर्वाद एवं समर्थन मांगा। साथ ही भाजपा के शक्तिकेंद्र एवं बूथ के देवतुल्य कार्यकताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर गुलाब गोस्वामी, भारत भूषण राजपूत, देवनारायण कुम्भकार, राजेश जैन गुजराती, रियाजुद्दीन कुरैशी, कमलेश सारष्वत, मोहसिन खान, धर्मेंद्र साहू, ईश्वरी धुर्वे, सतीश शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारीगण, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला बिल पास होने से स्व. राजीव गांधी का सपना होगा पूरा : नलिनी



डोंगरगढ़। विपक्ष के शोर शराबे के बीच महिला विधेयक बिल 2023 पेश किया गया । यह महिला सशक्तीकरण से संबंधित विधेयक है द्य पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की भी सोच थी कि महिलाओ के लिए संसद में विधेयक बिल पास होना चाहिए और महिलाओ को सत्ता में बराबर की भागीदारी मिले अन्य दलों की सहमति नहीं बनने के कारण यह विधेयक पास नही हो सका अब जो विधेयक पास तो हो गया है द्य किंतु यह 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू नहीं किया जाता है तो यह मात्र वोट लेने का फंडा साबित हो जायेगा जिसे जनता भली भांति समझ चुकी है यदि महिलाओ को वाकई में सत्ता का लाभ दिलाना है तो इसे जल्दी से लागू करना होगा।

# अंग्रेजी विभाग में हुआ परिषद गठन, प्रेरणा बनी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ ई.वी. रेवती के दिशा -निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को अंग्रेजी विभाग में छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग अध्यक्ष गुलशन सिन्हा एवं अति.व्या. अंजली देवांगन द्वारा प्राचार्य डॉ. ई.वी रेवती एवं कला संकाय प्रभारी डॉ.आशा चौधरी का स्वागत ? पुष्प कुछ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा द्वारा परिषद के पदाधिकारियो के नाम की घोषणा की गई जिसमे अध्यक्ष कु. प्रेरणा ,उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गजभिये, सचिव दीपाली ,सह सचिव आकांक्षा, कोषाध्यक्ष शुभम महोबिया, सांस्कृतिक सचिव हिमांशु इंदुरकर एवं मीडिया प्रभारी रामकिशोर को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता पदमा खूंटे एवं आभार प्रदर्शन गुलशन सिन्हा द्वारा किया गया।

# अतिक्रमणकारी के विरोध में ग्रामवासियों ने तहसील में लगाया आवेदन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड के ग्राम दीवान टोला ग्राम पंचायत बैरागी भेड़ी मे नल जल योजना के अंतर्गत बनाए गए पंप हाउस को चारो ओर से ग्राम के ही श्याम पिता जयलाल सतनामी के द्वारा अतिक्रमण करने से ग्रामवासियो को पानी भरने में परेशानी हो रही है। ग्रामवासीगण अतिक्रमण हटाने निवेदन किया लेंकिन अतिक्रमण कारी गांव वालों को ही गाली गलोच देना शुरू कर दिया जिससे तंग आकर ग्रामवासीगण शेखर बंधे, लीलूराम नेताम, महेन्द्रकुमार नेताम, ग्राम के कोटवार मोहन चंद टेंबुरकर,भोगोलीराम कोर्राम, महेंद्र कुमार खुटेल, एम एल मंडावी, नर्मदा प्रसाद बांधे, हांशलाल सलामे हरिप्रसाद बंधे, चैनसिंह नेताम, ईश्वर दास खुटेल, मनोज कुमार रातरे गुरुवार को तहसील कार्यालय में, राजेश नेताम, देवेंद्र खूटेल, नागेश्वर सलामे, अमरु राम रातरे, मन्नूलाल सिन्हा, चुम्मन उइके, मोहितराम मंडावी, बिहारी नेताम, विश्राम नेताम आदि छुरिया आकर तहसीलदार को आवेदन दिया है कि नल जल योजना अंतर्गत बनाए गए पंप हाउस के चारों तरफ श्याम सतनामी द्वारा किया गया अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटवाने और अतिक्रमण कारी के ऊपर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई गई हैं।

# मिडिल में भुनेश्वर चन्द्रवंशी व खोमेश्वर साहू अव्वल

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता 21 सितंबर को आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में संपादित हुआ। आयोजन में अथिति बतौर सम्मिलित बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ सुश्री रश्मि ठाकुर, एबीईओ जयंत साहू, अरविंद र ाकर व आत्मनांद विद्यालय प्रचार्य मनोज सोनकलिहारे ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पश्चात सरस्वती वंदना व छत्तीसगढी राजकीय गीत का वाचन किया है। प्रतिस्पर्धा में डोंगरगांव विकासखंड के सभी माध्यमिक व प्राथमिक शालाओ को मिलाकर पांच जोन तैयार किये गए थे। डोंगरगांव, बीजेभाठा , सोनेसरार, अजुनी व तुमडीबोड़ जोन बनाये गए थे। प्राथमिक स्तर पर विषय गणित में डोंगरगांव जोन से संकुल कोकपुर की कोनिका सोनी प्रथम एवं विषय विज्ञान में बीजेभाठा जोन से पूनम जोशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर विषय गणित में भुनेश्वर चंद्रवंशी जारवाही प्रथम तथा विषय विज्ञान में अजुनी जोन के पूर्व माध्यमिक सिंगारपुर शाला के खोमेश्वर साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेताओ का चयन विषयवार व्यख्याता निर्णायकों द्वारा किया गया। निर्णायक बतौर शैलेन्द्र यदु व्याख्याता कोकपुर, कुमकुम झा व्यख्याता तुमडीबोर्ड, रमेश हिरवानी व्याख्याता डोंगरगांव, पुनाराम यादव व्याख्याता जंगलपुर, मिथलेश साहू व्याख्याता बीजेभाठा एवं महेंद्र कुमार बघेल शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला किरगी उपस्थित शामिल थे।

# कालेज रोड के शिव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा आज से

- शनिवार को शोभायात्रा सहित 4 दिवसीय समारोह

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में कालेजरोड में नवनिर्मिति पयंबकेश्वर शिव मंदिर में 23 से 26 सितंबर तक प्राणप्रतिष्ठा समारोह प्रारंभ होने जा रहा है। प्राणप्रतिष्ठा अंतर्गत जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास एवं सैय्याधिवास सहित प्रतिदिन रुद्राभिषेक संपन्न होंगे। शनिवार को साकेतधाम से शिवमंदिर तक शोभायात्रा से प्राणप्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ होगा। इस संदर्भ में नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने बताया कि 4 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्यआचार्य पंडित शशांक शर्मा, खुज्जी होंगे। पयंबकेश्वर शिवमंदिर समिति एवं महिला मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित प्राणप्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत 23 को वेदीपूजन व शोभायात्रा, 24 को जलाधिवास एवं अन्नाधिवास, 25 को फलाधिवास, पुष्पाधिवास व सैय्याधिवास तथा 26 सितंबर को रुद्राभिषेक के साथ हवन पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन होगा।

## गौठान चौक मुरमुन्दा की दही हांडी सोनजरी समिति रायपुर ने लूटी



**डोंगरगढ़।** रुर्बन ग्राम मुरमुंदा मैं 17 सितंबर को श्रीहनुमान भक्त युवा समिति एवं ग्रामवासी द्वारा गौठान चौक में दही हांडी लूट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोविंद उत्सव का शुभारंभ ग्राम के प्रमुख पटेल शेखुदास साहू व इरशाद भाई एवं समिति के सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना कर किया। मटकी को लूटने रायपुर, दुर्ग, नागपुर, गोंदिया, घोटिया, भोथली सहित अन्य ग्रामों से टोली पहुंची थी। मटकी को क्रेन पर टांगी गई थी। जिसे लूटनें के लिए टोली देर रात तक प्रयास करती रही। अंत में जय मां शीतला सोनजरी समिति रायपुर ने लगभग 27 फ़ीट की ऊंचाई पर टंगी मटकी को लूट लिया। लूटनें वाली टोली को 25001 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

# नगर के हॉटल सहित व पसरे ठेले में जब्ती एवं जुर्माना





पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में सिंगल यूज प्लासस्टिक पर प्रतिबंध अभियान जारी है। नागरिकों से सिंगल यूज प्ला-स्टिक उपयोग नही करने की अपील की जा रही है। 21 सितंबर को नगर पंचायत डोंगरगांव के अमलों द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से 01 किलो 250 ग्राम पालिथीन जप्तअ कर 50 रूपये फाईन किया गया। इस दौरान अमले से नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की। नगर पंचायत सीएमओ दादू सिंह पाल के निर्देश पर निकाय के अमले ने नगर के मेन मार्केट, हॉटल, फुटकर व्यवसायी व ठेले इत्यादि में छापामार शैली में कार्रवाई किया। उन्होंने दुकानों व आवासीय इलाके सहित व्यावसायिक क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की अपील की। अभियान में निकाय के कर्मचारी उमाशंकर पाल, कमलनारायण कोठारी, महेश बैस, टामन पटेल, खेलेन्द्रप नायक शामिल थे।

# डाक्टर रमन द्वारा स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन कर वाहवाही लूट रहीं महापौर : किशुन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



वैसे तो नगर निगम राजनांदगाव की महापौर हेमा देशमुख ने अपने कार्यकाल में जनता के लिए कोई काम नहीं किया, लेकिन अब जब चुनाव नजदीक हैं तो टिकट की लालसा में वो सामाजिक नैतिकता भी भूल चुकी हैं । उक्त बातें नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही हैं । किशुन ने महापौर पर आरोप लगाते हुए कहा की डाक्टर रमन सिंह जी द्वारा स्वीकृत किये गए कार्यों का भूमिपूजन कर के महापौर वाहवाही लूटने में व्यस्त हैं । किशुन ने कहा की पिछले दिनों पुराना बस स्टेण्ड में 48.4 लाख की लागत से समतलीकरण करने पीसीसी कार्य का भूमिपूजन महापौर ने किया है, जिसकी स्वीकृति अधोसंरचना मद से विधायक डाक्टर रमन सिंह ने दिलाई है। किशुन यदु ने कहा की रमन सिंह ने अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 02 में ,वार्ड नंबर 47 में, वार्ड नंबर 26 गुड़ाखू लाइन में,वार्ड क्रमांक 45 में, वार्ड नंबर 37 में, वार्ड नंबर 19 में करोड़ों के निर्माण की सौगात जनता को दी है । इसी तरह राज्य प्रवर्तित योजना से भी उन्होंने वार्ड क्रमांक 09 में ,वार्ड क्रमांक 03 ,वार्ड क्रमांक 50 में ,में भी स्वीकृति दिलाई है । किशुन यदु ने आगे कहा उक्त सभी कार्यों की स्वीकृति डाक्टर रमन सिंह जी ने राजनांदगाव विधानसभा क्षेत्र की जनता के विकास के लिए दिलाई है लेकिन मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की महापौर अब इन सब कार्यों के भूमिपूजन में जुट गई हैं । किशुन यदु ने कहा की रमन सिंह के विकास कार्यों के भरोसे महापौर अपनी राजनीति चमकाना चाहती हैं लेकिन जनता सब समझ रही है ।

## भूलाटोला में एजोला की उत्पादन विधि का प्रदर्शन

# रावे छात्रों ने गांव के लोगों को बताया एजोला की उत्पादन विधि

पायनियर संवाददाता < छुईखदान
www.dailypioneer.com



रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने ग्राम भूलाटोला में एजोला की उत्पादन विधि का प्रदर्शन किया । छात्रों ने किसानों को बताया कि एजोला का उत्पादन आप खुद ही अपने घर में या खेत में कर सकते है। छात्रों ने उत्पादन विधि बताते हुए कहा कि एजोला का उत्पादन किसान अपने घर या खेत कही भी कर सकते है। इसके लिए पहले एक उचित आकर के गड्ढे का निर्माण किया जाता है ,ध्यान रखे की गड्ढे छायदार स्थान में बनाए। फिर गड्ढे में पालीथीन की शीट बिछाई जाती है ताकि पानी जमीन के अंदर न जाए। इसके बाद गड्ढे में पानी डाल दिया जाता हैं। इसके पश्चात् गोबर ,मिट्टी और सिंगल सुपर फास्फेट ( राख )की घोल तैयार करके उसे गड्ढे में डाल दिया जाता है,फिर उसे पानी में अच्छे से मिला दिया जाता है। अब गड्ढे में एजोला को डाल दिया है । छात्रों ने बताया कि एजोला आपको किसी भी डेयरी फार्म में आसानी से मिल जायेगी । चारों ने किसानों को बताया कि एजोला 10-12 में हार्वेस्ट के लिए तैयार हो जाता है। छात्रों ने किसानों को बताया अजोला जल में उगने वाला फर्न जाति का एक पौधा है जो कि धान की फसल के लिए एक उपयोगी नत्रजन निर्धारण करने वाला जैवउर्वरक है। इससे पर्याप्त मात्रा में जैविक पदार्थ प्राप्त होता है जिससे मिट्टी की उर्वरता तथा इसके स्वास्थ्य में सुधार होता है।

# बगदई पूल के नीचे घुमरिया नदी में डूबा बालक

- नगरसेना के गोताखोरों का बोट से सर्चिंग जारी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के आऊटर में बहने वाली घुमरिया नदी स्थित बगदई पूल के नीचे नहाने समय एक बालक के डूब जाने की खबर है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर बालक की खोजबीन की कोशिश की। बालक के बह जाने की आशंका से स्थानीय गोताखोरों की मदद लेकर सर्चिंग कराई गई। उपरांत नगरसेना राजनांदगाँव टीम द्वारा भी सर्चिंग की गई है। पुलिस ने बताया कि बगदई में चौथना डोंगरगढ़ निवासी बालक अखिलेश 16 वर्ष अपनी माँ के साथ तीजा पर्व पर अपने नाना के घर आया था। तब वह शुक्रवार को सुबह लगभग 10 बजे बगदई पूल के नीचे घाट में अकेला ही नहाने गया था। उपरांत वापस नही आने पर खोजबीन करने पर घाट में सिर्फ कपड़े ही मिले हैं, जिससे बालक के नदी के बाढ़ में बह जाने का अनुमान लगाया गया है। देर शाम तक नगरसेना के गोताखोरों द्वारा खोजबीन उपरांत एसडीआरएफ टीम को भी बुलाये जाने की कवायद की रही हैं। खबर लिखे जाने तक नगरसेना के गोतोखोरों द्वारा सर्चिंग जारी था।

### बाढ़ में एनीकट तक ही सर्चिंग

टीआई उपेन्द्र कुमार ने पायनियर को बताया कि नदी में बाढ़ तेजी से बढ़ने से खोजबीन में दिक्कतें हो रही है, लेकिन दोपहर 2 बजे से एसडीआरएफ की टीम भी बोट के सहारे नदी के निचले हिस्से स्थित एनीकट कम कॉजवे तक सर्चिंग कर रही है। गेट खुले होने से बोटिंग में खतरा है। फिलहाल शव के पानी मे ऊपर आने से सर्चिंग आसान होने के आसार हैं।

# धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन छग की धरोहर : डॉ नीरेंद्र



**डोंगरगांव नगर।** विधानसभा क्षेत्र के करमतरा में रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में भाजपा के वरिष्ठ एवं जुझारू कार्यकर्ता डॉ नीरेंद्र साहू मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। उन्होंने रामधुनी जैसे धार्मिक आयोजनों को बेहतर बताते हुए कहा कि इससे धर्म प्रचार के साथ कलाकारों को भी अवसर मिलता है, जिससे धर्म और संस्कृति संरक्षित होती है। ये छग के धरोहर हैं। साहू ने आयोजन समिति को ऐसे आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महेश्वर साहू, आयोजन समिति अध्यक्ष बोधीराम साहू, उपाध्यक्ष रतन साहू, कोषाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, सलाहकार हुमन लाल, प्रीतम साहू, डामन साहू, जीवन साहू, पप्पू साहू, चंद्रभूषण साहू, टेकराम साहू, धनंजय साहू, संतोष साहू, वीरेंद्र साहू, नूतन साहू व मुकेश साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छग में बीजेपी की सरकार गरीब कल्याण योजना का एक-एक व्यक्ति को देगी लाभ

## उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम की पत्रवार्ता

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com




भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजना का एक-एक व्यक्ति को लाभ दिया जाएगा। कांग्रेस की मौजूदा सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को बनाने के लिए जो रूपरेखा तैयार की थी उसको पूरी तरह से ध्वस्त करने का काम किया है लेकिन भाजपा की सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में विकास करेगी।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने छत्तीसगढ़ महतारी, मां महामाया, मां काली को नमन करते हुए और जय जोहार के साथ पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा छत्तीसगढ़ में निकाली जा रही है और जिस तरह से इस यात्रा के साथ हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं इससे इस चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब आदिवासी, किसान का कोई सुनने वाला नहीं है। रायगढ़ से कोरबा जिला आने के दौरान सडक़ों की दुर्दशा देखने को मिली जो पूरी तरह से टूट रहे हैं। 5 वर्ष में इन्फ्रास्ट्रक्चर को ध्वस्त करने का काम इस सरकार ने किया है। सडक़ के पैसों से कांग्रेस के नेताओं का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे क्यों नहीं बना। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना भेजी लेकिन काम नहीं हुआ। 16 लाख निःशुल्क आवास नहीं बनाए गए। भूपेश सरकार की अकर्मण्यता की वजह से ऐसा हुआ है। ईडब्ल्यूएस की जमीन पर कब्जा करके अपना मकान बनाने का काम कर रहे हैं। सरकार ने महिलाओं से किया वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ की मां-बेटी को 500 रुपए देने का भी वादा नहीं निभाया। शराबबंदी का वो वादा कहां गया। युवाओं को नशे की लत का आदी बनाया जा रहा है।

बेरोजगारी का जाल बुना गया है। युवा सवाल पूछते हैं कि हमें मुख्य धारा में लाने के वो वादे कहां गए। छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से अपराधियों का बोलबाला है, दंगे हो रहे है। पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार से पहले 1000 से अधिक दंगे होते थे। अधिकारी भय के माहौल में काम करते थे लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद भयमुक्त वातावरण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है और गरीब, जरूरतमंदों को आवासीय पट्टा, आवास, किसानों को उनके उपज के एक-एक दाना की कीमत मिलेगी। दलित कल्याण योजना को छत्तीसगढ़ में क्रियान्वित कर आदिवासियों को मुख्य धारा में लाया जाएगा। पाठक ने अपील की है कि डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बनाएं।

पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ को भ्रम के मामले में पूरे देश में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के किसानों से जो धोखा इस सरकार ने किया है, किसान कभी माफ नहीं करेंगे। भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में किसानों, बेरोजगारों को मुख्य धारा में लाकर उनका विकास करेगी। लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए गरीब कल्याण योजना को धरातल पर क्रियान्वित किया जाएगा। पत्रवार्ता में प्रदेश प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल, सह प्रभारी गोपाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष व कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल भी उपस्थित थे।

# जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत, दो ने किसी तरह भागकर बचाई जान, छाल रेंज की घटना

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात जंगली हाथी की चपेट में आने से फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं 2 अन्य लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मामला धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के छाल रेंज का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का रहने वाला विनोद बरेठ अपने साथियों के साथ धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छाल रेंज के लात पुर्नवास की तरफगया हुआ था। जहां उनका जंगली हाथियों के दल से अचानक सामने हो गया।

जिसके बाद विनोद के दोनों साथियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचा ली मगर विनोद जंगली हाथी की चपेट में आ गया और फिर जंगली हाथी ने सूंढ से पटककर उसे मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा था जिस युवक की हाथी के हमले से मौत हुई है वह लकड़ी तस्कर था और लकड़ी काटने ही अपने साथियों के साथ जंगल गया हुआ था। इसी बीच जंगली हाथी से अचानक सामना हो जाने की वजह से यह घटना घटित हो गई।

बहरहाल हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत की जानकारी मिलते ही छाल थाना की पुलिस टीम के अलावा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

विदित रहे कि रायगढ़ जिले पिछले कई सालों से जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। यहां आए दिन जंगली हाथियों के द्वारा आतंक मचाने की खबरें निकलकर सामने आते रही है वहीं हाथी और मानव के बीच जारी द्वंद्व में जंगली हाथियों की मौत भी अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनते रही है। इन दिनों धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में जहां 25 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है वहीं छाल रेंज में ही 68 जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें 29 नर, 39 मादा एवं 25 शावक अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं।

साथ ही साथ रायगढ़ वन परिक्षेत्र में इन दिनों 19 जंगली हाथियों का दल जंगलों में विचरण कर रहा है जिसमें 5 नर, 10 मादा के अलावा 4 मादा शामिल है। वन विभाग की टीम एवं हाथी मित्र दल हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाते हुए गांव-गांव में मुनादी कराकर लोगों को जंगली हाथियों से दूरी बनाये रखने अपील की जाती है।

# मनोरा सीएचसी के बीएमओ और पदस्थ डॉक्टर अपनी सेवा को लेकर गंभीर, दे रहें 24 घंटे सेवा

## मौसमी बीमारियों से बढ़ी मरीजों की संख्या, बेहतर ईलाज से खुश हो रहे ग्रामीण







पायनियर संवाददाता जशपुरनगर/मनोरा
www.dailypioneer.com

तेजी से बदलते मौसम ने अस्पतालों को हाऊस फूल कर दिया है। डॉक्टर्स अलर्ट मोड पर हैं और लगातार मरीजों का ईलाज कर रहे हैं। पहाड़ी इलाका होने की वजह से मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या भी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। ईलाज और दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में बातचीत करते हुए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, बीएमओ डॉ. रोशन बरियार ने बताया कि उनके साथ पदस्थ डॉक्टर नैमिष पटेल एमओ, और मुक्त ामणि साहू आरएमए, तीनों मुस्तैदी के साथ मरीजों की सेवा कर रहे हैं और हरसंभव सुविधा देने की कोशिश कर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचसी में 24 घंटे ईलाज की सुविधा दी जा रही है।

**कुछ बदलाव की अब भी जरूरत**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ ने बताया कि कुछ स्टाफ पर उनका कंट्रोल नहीं है। वे मनमर्जी आते हैं। जबकि शासन के मुताबिक सुबह 8 बजे सभी स्टाफ के आने का समय और जाने का दोपहर 2 बजे निर्धारित है। इस संबंध में बीएमओ ने कहा कि अगर स्टाफ की संख्या बढ़ती है तो दोनों पाली में ओपीडी की सुविधा दी जा सकती है। फिर भी हम प्रयास करेंगे।

मौसम बदलने की वजह से मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। सभी का ईलाज किया जा रहा है। सभी डॉक्टर 24 घंटे अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

**डॉ. रोशन बरियार,** बीएमओ मनोरा

# आरईएस कार्यालय के बाहर ठेकेदार पर गोली चलाने वाले को जेल, अगस्त 2022 में जारी हुआ था लाइसेंस

## फायरिंग किया एक खोखा और 5 जिंदा कारतूस बरामद, बाल बाल बचा चंदन ठेकेदार

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




शांत जशपुर की फिजा में खुले आम सरकारी दफ्तर के बाहर एक ठेकेदार के ऊपर जान लेने की नियत से गोली चलाने वाले आरोपी को जशपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी ने बताया कि जनपद पंचायत कार्यालय बगल में स्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, आरईएस के बाहर दो ठेकेदारों के बीच पैसे के लेनदेन के विवाद के बीच गोली चली थी, गोली चलाने वाले आरोपी रविंद्र गुप्ता को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

**पैसा मांगने पर बढ़ा विवाद**

कोतवाली पुलिस ने प्रेस रिलिज जारी कर बताया कि करबला रोड जशपुर का रहने वाला ठेकेदार चन्दन गुप्ता गुरूवार की शाम 5 बजे अपने काम से आर.ई.एस. ऑफिस गया था, ऑफिस में काम होने के बाद वहां उसे रविन्द्र गुप्ता मिला जिससे इसका पहले से पैसों का लेन-देन था। चंदन ने रविंद्र से कहा, मेरा पैसा कब देंगे। इतना सुनते ही रविन्द्र गुप्ता भड़क गया और मारपीट करने लगा। गहराते विवाद को देखकर कैम्पस में मौजूद कुछ और ठेकेदार बीच बचाव के लिए पहुंच गए। रविंद्र को लोगों ने शांत कराकर उसके क्रेटा कार में बैठाया था लेकिन रविंद्र आग बबूला होकर अपने पास रखा लाइसेंसी पिस्टल से हत्या करने की नियत से चन्दन गुप्ता के उपर गोली चलाकर हमला कर दिया।

**5 जिंदा कारतूस बरामद**

मामले की शिकायत के बाद जांच पड़ताल के दौरान रविन्द्र गुप्ता को गिरफ्तर में लेकर पूछताछ करने पर उसने वारदात को अंजाम देना घ्स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया लायसेंसी पिस्टल, कारतूस, खाली खोखा एवं आरोपी का क्रेटा कार को जप्त किया गया। आरोपी को धारा 307 भा.द.वि. का पाए जाने पर शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**2022 में जारी हुआ लाइसेंस**

रविंद्र गुप्ता को 17 अगस्त 2022 को जशपुर कलेक्टर के द्वारा लाइसेंस जारी किया गया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक रविंद्र ने अपने ठेकेदारी कार्य का ग्राउंड बनाकर लाइसेंस लिया है। वहीं ठेकेदारी कार्य के दौरान ही ठेकेदारी कार्य मिलने वाले स्थान पर ही गोली चलाने से मामला सुर्खियों में है। वारदात के प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा, लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर चलना और उसे अपनी सुरक्षा के लिए समय पर इस्तेमाल करना हर किसी के बस की बात नहीं होती है। कई ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों ने लाइसेंस लिया है पर इस तरह का वारदात जिले में अबतक नहीं हुआ था।

**बीजेपी-कांग्रेस आमने-सामने**

चुनावी वर्ष होने की वजह से छोटे से छोटे और बड़े से बड़े अपराध में संलिप्त आरोपियों को उनके समर्थित राजनीतिक पार्टी को सामने लाने की होड़ मची है। दनगिरी के रेप के आरोपियों को जहां कांग्रेस का कार्यकर्ता बताकर सोशल मीडिया में जमकर कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई थी तो वहीं अब हमलावर रविंद्र गुप्ता और घायल चंदन गुप्ता दोनों की भाजपा कार्यकर्ता होने का सबूत आला नेताओं के फोटो के साथ सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है।

**इन्हें मिली सफलता**

वारदात की जांच करने और आरोपी को गिरफ्तार करने में इंस्पेक्टर रविशंकर तिवारी, एएसआई मनोज सिंह, एएसआई ईष्वर वारले, कांस्टेबल विनोद तिर्की, कांस्टेबल धिरेन्द्र मधुकर, सोल्जर थानेष्वर देषमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल चौहान ने छात्रावास के बालकों को विधिक साक्षरता के तहत कानून की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मोबाईल का उपयोग ज्ञान के लिए करने के साथ ही रैगिंग और बाल विवाह की जानकारी दी

न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार चौहान ने पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में रह रहे छात्रों को विधिक साक्षरता कार्यक्रम के तहत कानून की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मोटर यान अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, बाल विवाह, कालेजों की रैगिंग के कानून के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बिना लाइसेंस के और ट्रैफिक नियमों का पालन किए बिना वाहन नहीं चलाने की समझाईश विद्यार्थियों को दी। साथ ही कहा, मोबाईल फोन का उपयोग ज्ञानवर्धक शैक्षणिक गतिविधियों के उपयोग के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा, इसका दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। सूचना प्रौद्योगिकी के दुरूपयोग से जीवन में कई दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं।

# 21 सितंबर की त्रिपक्षीय वार्ता स्थगित होने से नाराज भू-विस्थापितों ने सीएमडी और जिला प्रशासन का फूंका पुतला

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ किसान सभा, भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ और भू-विस्थापितों के अन्य संगठनों के आह्वान पर 11 और 12 सितंबर को कोयले की आर्थिक नाकाबंदी की गई थी। आंदोलन के दबाव में एसईसीएल प्रबंधक को झुकना पड़ा था और जिला प्रशासन की मध्यस्थता में 21 सितम्बर को आंदोलनकारियों की तमाम मांगों पर वार्ता कर भू-विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण का आश्वाशन दिया था। लेकिन बिना किसी चर्चा के बैठक को स्थागित कर दिया गया। जिससे भू-विस्थापितों का आक्रोश और बढ़ गया किसान सभा के नेतृत्व में भू-विस्थापितों ने कुसमुंडा और गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने एसईसीएल के सीएमडी और जिला प्रशासन का पुतला फूंक कर आगे खदान महाबंद के साथ कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी दी है। रोजगार, पुनर्वास, पुनर्वास गांव में काबिज भू-विस्थापितों को पट्टा और अनुपयोगी भूमि की वापसी से जुड़ी मांगों पर पिछले दो सालों से यहां आंदोलन चल रहा है। आंदोलन के दबाव में एसईसीएल प्रबंधन भू-विस्थापितों को आश्वासन तो देता रहा है, लेकिन उस पर कभी अमल नहीं हो पाया। किसान सभा ने खनन प्रभावित 54 गांवों के भू-विस्थापितों से पुनः सड़क पर उतर कर खदान बंद के साथ कलेक्ट्रेट घेराव के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ने का आवाहन आवाह्न किया है। माकपा के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि रोजगार और पुनर्वास की कीमत पर और ग्रामीणों की लाशों पर एसईसीएल प्रबंधन को मुनाफा कमाने नहीं दिया जाएगा और सार्वजनिक क्षेत्र के नाते सामाजिक कल्याण की जिम्मेदारी को पूरा करने उसे मजबूर किया जाएगा। रोजगार और पुनर्वास की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की भी है किन्तु वो एसईसीएल पर लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है।

किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर और दीपक साहू ने कहा कि आगे भी सभी भू-विस्थापित एकजुट होकर आंदोलन करेंगे तभी भू-विस्थापितों को उनका अधिकार मिल पाएगा। एसईसीएल को कार्य धरातल में करना होगा अगर इस बार प्रबंधन का आश्वाशन झूठा नहीं चलेगा आगे और उग्र आंदोलन के लिए सभी तैयार रहे। पुतला दहन में प्रमुख रूप से रेशम यादव, दामोदर श्याम, जय कौशिक, अनिल बिंझवार, बसंत चौहान, मोहन यादव, हरिहर पटेल, शिवदयाल कंवर, यशवंत कंवर, प्रमोद पैकरा, राजेश कंवर, विकास सिंह के साथ बड़ी संख्या में भू-विस्थापित उपस्थित थे।

# कोयला पेंशनरों को न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन देने पर मुहर लगने कि उम्मीद

**कोरबा।** (ईएमएस) कोयला सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में 27 सितंबर को नई दिल्ली में प्रस्तावित कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) ट्रस्टी बोर्ड की बैठक में कोयला पेंशनरों को न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन देने पर मुहर लगने कि उम्मीद हैं। इसके लिए बोर्ड में प्रस्ताव लाया जाएगा। न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपए करने को लेकर पिछले दो बैठकों से बोर्ड में विचार किया जा रहा है। ट्रस्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ सीएमपीएफ्ओ प्रबंधन सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। ऐसा होने से एक हजार से अधिक पेंशनरों को आर्थिक लाभ होगा। मिनिमम 1000 रुपए पेंशन देने से सीएमपीएफ्ओ पर सालाना 50 से 60 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। मालूम हो कि वर्तमान में साढ़े पांच लाख से अधिक पेंशनर है, जिनमें एक लाख से अधिक को एक हजार रुपए से कम पेंशन मिलती है। कई पेंशनरों का आज भी 49 रुपए पेंशन मिल रही है। कोल माइंस पेंशनरर्स एसोसिएशन लंबे समय से पेंशन में रिवीजन करने के साथ प्रत्येक तीन महीने पर महीने वाला महंगाई भत्ता को जोड़कर भुगतान करने की मांग करता आ रहा है। कोयला सचिव सह सीएमपीएफ्ओ ट्रस्टी बोर्ड के चेयरमैन की अध्यक्षता में 27 सितंबर को सीएमपीएफ्ओ ट्रस्टी बोर्ड की बैठक नई दिल्ली में होगी। बैठक में पेंशन फंड की मजबूती के अलावा न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपए करने का प्रस्ताव है।

# डेंगू की भयावह स्थिति के लिए शहर सरकार की उदासीनता जिम्मेदार: विकास केडिया

**रायगढ़।** डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने कांग्रेस शासित शहर सरकार की उदासीनता और लचर रवैए को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि रायगढ़ शहर का दुर्भाग्य है कि ऐसी उदासीन और असहाय शहर सरकार के कार्यकाल को हमें देखना पड़ रहा है। आगे भाजपा नेता केडिया ने बीते एक हफ्ते में शहर में डेंगू के चपेट में आकर असमय अपनी जान गंवाने वाले तीनों युवकों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डेंगू के क्रूर डंक ने रायगढ़ के तीन होनहार बेटों को हमसे छीन लिया है जिसकी वजह से आज पूरा रायगढ़ शोकमय है और मै ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। आगे भाजपा नेता केडिया ने शहर सरकार की कार्यशैली को डेंगू की भयावह स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी जानकारी के मुताबिक आज लगभग निगम क्षेत्र का हरेक वॉर्ड डेंगू की चपेट में है और रोजाना नए मामले तेजी से सामने आ रहे हैं साथ ही डेंगू के मद्देनजर पहले से संवेदनशील घोषित वार्डों में स्थिति और भी भयावह रूप लेते दिख रही है बावजूद इसके कांग्रेस शासित शहर सरकार डेंगू लार्वा के वृद्धि और प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने में आज पर्यंत नाकाम रही है जो कि बेहद शर्मनाक बात है। भाजपा नेता केडिया ने शहर सरकार पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि डेंगू को लेकर शहर सरकार का रवैया वर्षा ऋतु की शुरूआत से सुस्त नजर आ रहा है।

# अभद्र व्यवहार का आरोप सिद्ध होने पर शिक्षक के खिलाफ किगयी निलंबन की कार्यवाही

**कोरबा।** कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम डंगनिया हरदीपारा में छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने, अपशब्दों का प्रयोग करने तथा मारपीट करने की शिकायत जांच कार्यवाही के दौरान सही पाई गयी। इसके फ्लस्वरूप सहायक शिक्षक को निलंबित कर मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पोड़ी-उपरोड़ा नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार पोड़ी-उपरोड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम डंगनिया हरदीपारा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला डंगनिया के सहायक शिक्षक के विरूद्ध गंभीर शिकायतें की थी। इसकी जांच सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी से कराई गई। जांच प्रतिवेदन में सभी आरोप सही पाए गए। सहायक शिक्षक का कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता पूर्ण होने तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने के कारण छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत निलंबित किया गया है।

## ऐरन परिवार के द्वारा आयोजित कथा के पांचवे दिन कृष्ण-बलराम के बाल लीलायें एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग सुनाया

# भगवान के सम्मुख और शरणगत होने को ही भागवत कथा है: श्रीधराचार्य महाराज

पायनियर संवाददाता रायगढ.
www.dailypioneer.com



स्व. प्राण सुखदास व पूर्वजों के आर्शीवाद से पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के ऐरन परिवार के द्वारा पितृ मोक्षार्थ गया श्राद्धान्तर्गत होटल श्रेष्ठा रायगढ़ में आयोजित भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिवस में व्यासपीठ में आसीन जगतगुरू स्वामी रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने कृष्ण बलराम के बाल लीलायें एवं गोवर्धन पूजा उत्सव के प्रसंग सुनाया।

कृष्ण बाल लीलाओं वर्णन किया गया कथा वाचक श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में हैं। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिये। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधी है। जिससे जन्म मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवा वेद कहा गया है जिसे पढ़ सकते और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दु धर्म में विष्णु के अवतार है। सनातन धर्म के अनुसार भागवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। भगवान विष्णु के अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्री राम और श्री कृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदुकुल के वंश में हुआ था। धराचार्य जी महाराज ने कृष्ण जीवनलीला के बारें में विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतो को कृष्ण के जीवनलीला के बारे में बताया गया।

कथा वाचक श्रीधराचार्य महाराज ने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्री कृष्ण ने स्तनपान करते करते ही पूतना का वधकर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के पास से उठाकर लाती है। उसके बाद पंचगव्य गाय के गोबर, गौमुत्र से भगवान को स्नान कराती हैं। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय कि सेवा से 33 करोड़ देवी, देवताओं की सेवा हो जाती है। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदू'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है।

# शिक्षा के लिए बच्चों को करनी पड़ रही नदी पार



**कोरबा।** कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अब भी शिक्षा के लिए बच्चे जान जोखिम में डालकर जद्दोजहद करने के बाद स्कूल पहुंच पाते हैं। इन जोखिम भरे क्षेत्र में पुल निर्माण को संबंधित विभाग गंभीर नहीं है। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। इन दिनों रूक-रूककर झमाझम बारिश हो रही है। पाली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बतरा के आश्रित मोहल्ला नदियापारा कुहीपानी मोहल्ला है। यहां से स्कूल जाने के लिए खारुन नदी पार करते हैं। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ गया हैं। ऐसे में बच्चों को कमर तक पानी के बीच नदी पार करनी पड़ी। नदी में कॉपी-किताब नहीं भीगे। इसके लिए बच्चो को सिर पर बस्ता रखकर नदी पार करनी पड़ती है। बताया जा रहा है कि बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने पर 30 से 40 स्कूली बच्चे जान जोखिम में डाल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खारुन नदी में पहाड़ों से पानी पहुंचता है।

# खपरीडीह के किसानों की हक की जमीन डूबा बैराज डैम के क्षेत्र मे किसान मुआवजा के लिए भटक रहे हैं दर-दर

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com




कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चांपा के लापरवाही से किसानों के हक के जमीन का मुआवजा राशि नही मिल पा रहा है एक तरफ छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार अपने आप को किसान हितैसी बताती है वही अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसानों के हक के जमीन की मुआवजा राशि न मिलाना समझ से परे है क्योंकि मरौनी बैराज डैम में डूबा किसानों की अपनी हक की जमीन के लिए मुआवजा पाने के लिए विभागों के चक्कर काट रहे किसानों ने बताया कि चांपा संभाग के कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग के द्वारा 6 वर्षो से गुमराह करते आ रहें हैं कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग के अधिकारी के द्वारा ग्राम खपरिडीह के किसानों को दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर दिया हैं तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा यह कहा जा रहा है कि गरीब किसानों की हक के जमीन के लिए मुआवजा के लिए मेरी जवाबदारी नहीं बनती हैं। जिला मुख्यालय कलेक्टर की जवाबदारी बनती हैं क्योंकि बैराज क्षेत्र में किसानों की जमीन मुआवजा देने के लिए कलेक्टर की जवाबदारी होती हैं। ऐसे में किसानों की अपनी हक की जमीन के मुआवजा राशि के लिए आखिर किसके पास गुहार लगाएंगे। आखिर किस अधिकारी के द्वारा न्याय दिया जाएगा, ग्राम खपरिडीह के किसानों को खरी खोटी सुना कर विभाग के अधिकारी के द्वारा उल्टे पांव भगा दिया जाता हैं मुआवजा प्रकरण राशि को लेकर किसानों को यह कहा जाता है कि मैं आप लोगों का राशि नहीं दूंगा जिसको जो करना है कर ले आप लोग जिला कलेक्टर के पास जाओ। अब यह सवाल किसानों को मन में उठ रही हैं आखिर कौन करेगा न्याय, किसके पास जाए। किसानों का कहना है यदि हमें मुआवजा राशि जल्द से जल्द नहीं मिला तो हम लोग चक्का जाम या फिर बड़ी आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं। जल संसाधन विभाग के द्वारा अधिकारी किसानों के मुआवजा राशि प्रकरण विभागीय कार्रवाई के नाम से अपने हाथ खड़े कर रहे हैं। 6 सालों से ग्राम खपरिडीह के किसानों के द्वारा अपने हक मुआवजा प्रकरण को लेकर विभागों के चक्कर काटते काटते थक रहें हैं तो वही बिलाईगढ़ संसदीय सचिव के द्वारा विभागों को मुआवजा प्रकरण के लिए लेटर प्रेषित किया गया था लेकिन संसदीय सचिव के लेटर को कचड़ा समझ कर फाइलों में दबा दिया गया हैं।

# युवा राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने और अपने देश पर गर्व करें : राज्यपाल हरिचंदन

## युवा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि उन्हे देश के प्रति गौरवान्वित होना चाहिए। राज्यपाल हरिचंदन ने सीआईआई और यंग इंडियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त उद्गार व्यक्त किये। राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया को शांति का संदेश दे रहा है उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए जी-20 सम्मेलन में भारत की समृद्ध विरासत एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था से सभी देशों के जी-20 देशों के नेतृत्व कर्ता के रूप में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने हमारे देश की साख को बढ़ाया है। यह वर्ष भारत के लिए अवसर लेकर आया है कि 'वसुधैव कुटुम्बकम् के हमारे विचार को साकार करें और पृथ्वी को सुरक्षित एवं हरित बनाने में अपने योगदान को विश्व में मान्यता दिलाये, जिसमे युवाओं की अहम भूमिका होगी।राज्यपाल ने कहा कि युवा देश की जीवंत क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रगति और समृद्धि के भावी वास्तुकारों का प्रतीक है। उनकी जीवटता, रचनात्मकता और अनुकूलनशीलता हमारे समाज के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। हालाँकि, इस क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, उन्हें सही कौशल के साथ सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। युवाओं को कौशल प्रदान करना न केवल उन्हें आधुनिक नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करता है बल्कि नवाचार, उद्यमशीलता और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है। उन्होने कहा कि देश के एक करोड़ से अधिक युवा प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर बने हैं। उभरते उद्यमियों और छात्रों के लिए ''प्रधानमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान योजना'' शुरू की गई है। हमारा धैर्य और प्रतिबद्धता ही हमारे देश को सफलता के शिखर पर ले जाएगी। उन्होने कहा कि हमें मजबूत, जागरूक और सक्षम बनने के लिए मिलकर काम करना होगा। जीवन में सफल होने के बाद युवाओं को समाज और राष्ट्र को कुछ लौटाना चाहिए। इस अवसर पर सीआईआई के चेयरमेन सिद्धार्थ अग्रवाल, यंग इंडियन के आलोक अग्रवाल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। राज्यपाल ने राज्य की विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों एवं संस्थाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा मानकों के संदर्भ में उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षाविद्, विद्यार्थी, औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# टाइगर संरक्षण के लिए नहीं हो रही वैधानिक समितियों की बैठकें, कोर्ट ने मांगा नया एफिडेविट

## कहा -3 साल में प्राप्त फंड का हिसाब दें

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बाघों को संरक्षण देने के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत अलग-अलग स्तर पर तीन प्रकार की वैधानिक समितियां गठित कर बाघों और अन्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करना है। परंतु छत्तीसगढ़ में इन समितियों की बैठक गठन के 12 वर्ष में थी नहीं होने के कारण 2021 में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की बेंच ने शासन से नया एफिडेविट देने का आदेश देते हुए कहा है कि पिछले तीन साल में प्राप्त फण्ड का हिसाब दें। कोर्ट ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से भी जवाब माँगा है। प्रकरण की अगली सुनवाई 6 नवम्बर को निर्धारित की गई है।

याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व की दैनिक प्रबंधन एवं प्रशासन समिति की बैठक 2009 के बाद से सिर्फ सात बार हुई है, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में सिर्फ पांच बैठक हुई है तथा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक भी बैठक नहीं हुई है जबकि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की गाइडलाइंस के अनुसार यह बैठकर प्रति माह होनी चाहिए। याचिकाकर्ता की तरफसे कोर्ट को बताया गया कि एनटीसीए के अनुसार छत्तीसगढ़ में बाघों के चार कॉरिडोर मिलते हैं अतः छत्तीसगढ़ टाइगर संरक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण जगह है। मूल याचिका में बताया गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली 14 सदस्यीय स्टीयरिंग कमिटी या संचालन समिति की बैठक आज तक नहीं हुई है। इसी प्रकार वन मंत्री की अध्यक्षता वाली 10 सदस्यीय बाघ संरक्षण फाउंडेशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक तीनों टाइगर रिज़र्व में आज तक नहीं हुई है। मूल याचिका में यह भी बताया गया है कि एनटीसीए ने वर्ष 2012 में गाइडलाइंस जारी की थी, जिसके तहत रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जाना था तब सभी वनमंडलों को बजट जारी कर निश्चेतना बंदूक दवाइयां इत्यादि खरीदने के लिए आदेश दिए गए थे और ख़रीदे गए थे, परंतु अचानकमार टाइगर रिजर्व और उदंती सीतानाडी टाइगर रिजर्व में रैपिड रिस्पांस टीम अस्तित्व में नहीं है, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में इसका गठन 2020 में किया गया है।

# कांग्रेस की विभिन्न समितियों की बैठक संपन्न

## प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, वरिष्ठ नेताओं ने लिया बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की विभिन्न चुनाव समितियों की बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी कुमारी सेलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल हुये। 6 समितियों में प्रोटोकॉल समिति, अनुशासन समिति, संचार समिति, योजना एवं रणनीति समिति, घोषणा पत्र समिति, चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनावों के लिये विभिन्न समितियों के काम काज की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा रणनीति और कार्ययोजना बनाई गयी। प्रोटोकॉल समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री अमरजीत भगत, शिवसिंह ठाकुर, अजय साहू, सुनील कुकरेजा, गजाला खान, शब्बीर खान, सागर दुल्हानी, दिलीप चौहान, राजेश चौबे, प्रभजोत सिंह लाडी, मतीन खान, राहुल इंदुरिया, दानिश रफीक, प्रगति मोहित बाजपेयी, रेणु मिश्रा, जयेश तिवारी, उत्कर्ष वर्मा, मोहम्मद अजहर, अब्दुल रब। अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक धनेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष धनेश पाटिला, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, महामंत्री दीपक मिश्रा, महामंत्री नरेश ठाकुर उपस्थित थे। संचार समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, एआईसीसी सचिव राजेश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, वरिष्ठ प्रवक्ता आर. पी. सिंह, आईटी सेल अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा, प्रवक्ता कृष्ण कुमार मरकाम, वरिष्ठ प्रवक्ता नीता लोधी, प्रवक्ता नितिन भंसाली, प्रवक्ता हेमंत ध्रुव, पूर्व सचिव रवि भारद्वाज, पूर्व आईटी सेल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह परिहार। योजना एवं रणनीति समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री कवासी लखमा, वरिष्ठ विधायक धनेन्द्र साहू, बस्तर विकास निगम अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, अंतव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, प्रदेश प्रतिनिधि आनंद कुकरेजा, उपाध्यक्ष अरुण सिंघानिया, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, जतिन जायसवाल, पंकज महावर, अरुण भद्रा, सफी अहमद, उमाशंकर शुक्ला, गजराज पगारिया उपस्थित रहे।

# राजधानी में नाबालिग किशोरी के साथ हुआ गैंगरेप प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन का शर्मनाक उदाहरण : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और विधायक रंजना साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेस शासनकाल में मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक की अस्मिता कहीं सुरक्षित नहीं रह गई है। साहू ने कहा कि राजधानी के बीचो-बीच जयस्तंभ चौक के करीब एएसपी दफ्तर के पास मल्टीलेवल पार्किंग में एक नाबालिग किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के मामले को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन का एक और शर्मनाक उदाहरण बताया है। साहू ने कहा कि प्रदेश में एक ओर कांग्रेस सरकार महिला समृद्धि सम्मेलन करके राजनीतिक ड्रामेबाजी कर रही थी, वहीं दूसरी ओर राजधानी में वहशी दरिंदों ने एक किशोरी की अस्मिता को लहूलुहान कर दिया लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लेकर प्रियंका वाड्रा तक सबने मुँह में दही जमा रखा है। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा महिला समृद्धि सम्मेलन की नौटंकी में शामिल होने आई थीं, लेकिन छत्तीसगढ़ में महिलाओं की बदतर हालत से आँखें मूंदे रहीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक साहू ने कहा कि पिछले लगभग एक माह में प्रदेश की राजधानी में और इससे लगे स्थानों पर महिलाओं के साथ हो रहीं लगातार सामूहिक बलात्कार की घटनाओं ने प्रदेश को शर्मसार कर रखा है, लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार को जरा भी शर्म महसूस नहीं हो रही है। वह प्रदेश में कानून-व्यवस्था की बेहतरी और महिला सुरक्षा के खोखले दावे कर रहे हैं जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि रोज अखबार बलात्कार की घिनौनी घटनाओं की खबरों से रंगे रहते हैं। साहू ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन दो बहनें, शिक्षक दिवस के दिन आदिवासी शिक्षिका के साथ और राजधानी के देवेंद्रनगर में एक महिला के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के बाद राजधानी के व्यस्ततम जयस्तंभ चौक के पास एक नाबालिग किशोरी के साथ कल घटी सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद किस मुँह से मुख्यमंत्री बघेल महिलाओं के नाम पर सम्मेलन जैसी नौटंकियाँ कर रहे हैं? साहू ने कहा कि ऐसे शर्मनाक और गंभीर आपराधिक मसलों पर खामोश बैठने और ऐसे अपराधों पर पर्दा डालने में मुख्यमंत्री बघेल को तो महारत हासिल है, लेकिन 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' जैसी जुमलेबाजी करने वालीं प्रियंका वाड्रा ने यह जानने की कोशिश ही नहीं कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं की क्या स्थिति है? मणिपुर और उत्तरप्रदेश के मामलों में घड़ियाली आँसू बहाने वाली प्रियंका वाड्रा ने क्या कभी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से महिलाओं के साथ हो रहे ऐसी शर्मनाक और वहशियाना वारदातों पर जवाब तलब किया? क्या प्रियंका वाड्रा की नजर में छत्तीसगढ़ की बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं की अस्मिता कोई मायने नहीं रखती? क्या वह बलात्कार जैसे मामलों में लहूलुहान होती नारी अस्मिता को भी सियासी नफा-नुकसान के तराजू पर तौलने में यकीन करने लगी हैं?

# आखिरकार इब्राहिम मेमन की हुई कांग्रेस में वापसी

## कुमारी शैलजा सहित कांग्रेस के शीर्ष नेता रहे मौजूद



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कई तरह के अटकलों पर विराम लगाते हुए आखिरकार इब्राहिम मेमन ने कांग्रेस में अपनी वापसी कर ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यालय में दोपहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, एआईसीसी सचिव सह प्रभारी चन्दन यादव, विजय जांगिड़, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति में दीपक बैज ने कांग्रेस का गमछा ओढ़ाकर मेमन को कांग्रेस प्रवेश कराया। इसके साथ ही मेमन अब राजनीति में सक्रिय नजर आएंगे। बता दें कि पिछले कुछ समय में इब्राहिम मेमन का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत के साथ सौजन्य मुलाकात की खबरों ने कई तरह की चर्चा को जन्म दिया था। क्योंकि इब्राहिम मेमन क्षेत्र ने कांग्रेस और जोगी कांग्रेस के दौर में जनहित की कई लड़ाई लड़ी। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वो सदैव सड़क की लड़ाई लड़ते रहे हैं। लेकिन जोगी कांग्रेस के बाद से इब्राहिम मेमन शांत रहकर चिंतन मनन कर रहे थे। फिलहाल, विधानसभा चुनाव के ऐनपहले इब्राहिम मेमन का कांग्रेस में वापसी करने से कई तरह के अब समीकरण बन सकते हैं। इब्राहिम मेमन के जनाधार को कोई नकार नहीं सकता मेमन छात्र राजनीती से ही सक्रिय और आंदोलनकारी नेता की छवि मे थे उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश के कई ज्वलंत और जनहित मामलो पर आंदोलन किया सडक की लड़ाई लड़ी कई बार जेल यात्रा भी कर के आ चुके है एक समय था जब मेमन जोगी के शासनकाल मे जिले के सबसे पावरफूल नेताओं मे से एक माने जाते रहे है।

# चंद्रयान-3 की सफलता और नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होना संकल्पवान नेतृत्व के कारण ही संभव : संतोष पांडेय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के सांसद (राजनांदगाँव) संतोष पांडेय ने कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इसी के समानांतर महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक को प्रस्तुत करना और संसद में पारित कराना दृढ़निश्चयी, संकल्पवान नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। पांडेय गुरुवार की देर रात लोकसभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफ्लता व महिला आरक्षण पर अपने विचार रख रहे थे। भाजपा सांसद पांडेय ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का जो डंका बज रहा है, वह पूरी दुनिया देख रही है, सुन रही है, अनुभव कर रही है। हँसी-मजाक में पहले कहा करते थे कि अगर इस देश की चले, तो लोग कटोरा लेकर चंद्रमा पर भी चले जाएँ। यह मजाक की बात हुआ करती थी, पर उस समय स्थिति ऐसी थी, सरकारें ऐसी थीं। हम सब उन स्थितियों से अवगत हैं। इस देश को सपेरों का देश, लकड़हारों का देश तक कहा गया। पांडेय ने कहा कि जो इस देश ने अपनी उच्च स्थिति को अर्जित किया है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। आज हमने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत को क्यों भविष्य की महाशक्ति कहा जा रहा है? महाशक्ति बनने की ओर भारत जा रहा है। दुनिया में चंद्रमा पर फतह के लिए सबसे सस्ते जिस चंद्रयान-3 मिशन को भारत ने जिस अंदाज में पूरा किया, उसने दुनिया के विकसित राष्ट्रों की आँखें खोलकर रख दी हैं। भाजपा सांसद पांडेय ने महिला आरक्षण संबंधी नारी शक्ति वंदन विधेयक पर कहा कि विपक्ष लाख सिर पटके, चंद्रयान-3 मिशन की अवधारणा के समानांतर जिस प्रकार नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में प्रस्तुत किया और हम सबने मिलकर उसे पारित किया, यह वास्तव में निस्संदेह जब दृढ़निश्चयी, संकल्पवान नेतृत्व होता है, तब उसका श्रेय भी राष्ट्रनायक को जाता है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता ने नकार दिया हार का डर करवा रहा अमित शाह का दौरा बार-बार रद्द

## पिछले कार्यक्रम के कड़वे अनुभव से हताश हो चुके अमित शाह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा की परिवर्तन यात्रा को छत्तीसगढ़ की जनता ने नकार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जनता भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल ही नही होना चाहती, पूरी ताकत देश भर से केन्द्रीय नेताओं को बुलाने के बाद भी भाजपा की परिवर्तन यात्राओं में होने वाली सभा में सामान्य नुक्कड़ सभाओं के बराबर भी भीड़ नही एकत्रित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आगामी विधानसभा चुनाव में अवश्यंभावी हार, भाजपा के प्रति भयंकर आक्रोश और भूपेश सरकार को मिलते अपार जन स्नेह के भय से भाजपा के केंद्रीय नेता छत्तीसगढ़ में आयोजित परिवर्तन यात्रा व अन्य कार्यक्रमों में आने से कतरा रहे हैं। भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा लगातार दूसरी बार रद्द हुआ है। पिछली बार जब अमित शाह कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने छत्तीसगढ़ आए थे तब 1000 लोगों की क्षमता वाला हॉल भी पूरी तरह भर नहीं पाया था।उसके बाद दंतेवाड़ा में परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए अमित शाह आने वाले थे मगर सम्मानजनक भीड़ नहीं जुट पाने के कारण अमित शाह ने अपना दौरा रद्द कर दिया और भाजपा द्वारा मौसम को बहाना बना दिया गया। उसके बाद किरकिरी को संभालने के लिए भाजपा द्वारा स्मृति ईरानी के परिवर्तन यात्रा में शामिल होने का जुमला छोड़ा गया मगर स्मृति ईरानी भी जगदलपुर तक पहुंची और दंतेवाड़ा के परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के बजाय जगदलपुर से से ही वापस बैरंग वापस लौट गई। कुल मिलाकर भाजपा के नेता कार्यकर्ता टकटकी लगाकर केंद्रीय नेताओं की राह देखते रहे मगर कोई भी परिवर्तन यात्रा में नहीं पहुंचा। आज भी 22 सितंबर शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा था जिसे बिना कोई कारण बताये रद्द कर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को अच्छी तरह पता है कि जनकल्याणकारी भूपेश सरकार के खिलाफ उनके पास कोई भी मजबूत मुद्दा नहीं है जिससे वह सरकार को घर पाए। भूसे के ढेर में सुई की तरह भाजपा मुद्दा खोज रही है मगर कोई सफ्लता नहीं मिलने के कारण भाजपा हताश हो गयी है। केंद्रीय नेतृत्व के लगातार छत्तीसगढ़ दौरों के बाद उनके सामने यह भी स्पष्ट हो चुका है कि 15 साल दमन, भ्रष्टाचार, और नाकामियों की रमन सरकार के कुकर्म अब भी आमजन भूली नहीं है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के सामने यह स्पष्ट है कि भूपेश सरकार के नवाचारी जनकल्याणकारी कामों और पूरे किए गए वादों के सामने मोदी शाह और भाजपा नेताओं के लोकलुभावन भाषण निरर्थक हैं इसीलिए उन्हें लगातार अपने दौरे रद्द करने पड़ रहे हैं।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403